राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 18
लखनऊ, शनिवार 26 सितम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





मेजर एसडी सिंह मेडिकल कॉलेज में मना विश्व फार्मासिस्ट दिवस 10

दवाओं के नाम हिंदी में लिखें डॉक्टर : बृजेश 03


# कांग्रेस का मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ देशव्यापी प्रदर्शन

**आक्रोश**

- पटना-चंडीगढ़ में प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन का इस्तेमाल
- असम में गौरव गोगोई समेत कई नेता हिरासत में लिये गए
- मणिपुर में उग्र प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े



**एजेंसियां, नई दिल्ली।**

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कांग्रेस का देशव्यापी विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को कई राज्यों में सड़क पर उतर आया। नई दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, हरियाणा, बंगाल, जम्मू-कश्मीर, असम और मणिपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सवाल उठाते हुए ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और कार्रवाई की मांग की। पटना और चंडीगढ़ में प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। असम के गुवाहाटी में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई समेत कई नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया।

जंतर मंतर पर आइसा की अध्यक्ष नेहा बोरा ने प्रोटेस्ट बुलाया था। उनको रोकने के लिए पुलिस ने बैरिकेड्स के साथ भारी पुलिसबल लगाया था। प्रदर्शनकारियों बसों में ले जाया गया। दीपांकर भट्टाचार्य, प्रशांत भूषण को पुलिस ने हिरासत में लिया। मणिपुर में प्रदर्शन के दौरान स्थिति तनावपूर्ण होने और आंसू गैस के इस्तेमाल की खबर है।

रायपुर में बारिश के बीच कांग्रेस कार्यकर्ता चुनाव आयोग के खिलाफ सड़क पर उतरे। वोटर लिस्ट में बदलाव, एसआईआर और कथित वोट चोरी के मुद्दे को लेकर कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी चौक से शास्त्री चौक स्थित मुख्य चुनाव आयुक्त कार्यालय तक पैदल मार्च किया। बिहार के पटना में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग कार्यालय की ओर मार्च किया। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोकने की कोशिश की। प्रदर्शनकारियों के आगे बढ़ने पर वाटर कैनन का इस्तेमाल किया गया। कांग्रेसी कार्यकर्ता ने बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की। प्रशासन ने इन्हें रोकने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं- पुलिस के बीच धक्का मुक्की हुई। चंडीगढ़ के सेक्टर-17 में पंजाब कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के नेतृत्व में नेता-कार्यकर्ता चुनाव आयोग कार्यालय की ओर बढ़े। पुलिस ने बैरिकेडिंग की और आगे बढ़ने पर वाटर कैनन चलाया। पुलिस ने गोगोई समेत कई नेताओं को हिरासत में ले लिया। उधर देहरादून में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सचिवालय कूच किया। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को रोक दिया। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग पर हंगामा हुआ।

## सीईसी ने इस्तीफा नहीं दिया तो 2 से देशव्यापी आंदोलनः सीजेपी

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने देशव्यापी आंदोलन का एलान किया है। पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने शुक्रवार को कहा कि यदि ज्ञानेश कुमार 26 सितंबर तक पद से इस्तीफा नहीं देते हैं तो 2 अक्टूबर यानी गांधी जयंती से आंदोलन शुरू किया जाएगा। इसकी शुरुआत मुंबई से होगी और बाद में देश के अन्य शहरों तक इसे ले जाया जाएगा।

दीपके ने इससे पहले ज्ञानेश कुमार को 48 घंटे का समय देते हुए इस्तीफे की मांग की थी। शुक्रवार को उन्होंने कहा कि तय समय में इस्तीफा नहीं हुआ तो सीजेपी देशव्यापी प्रदर्शन शुरू करेगी। दीपके ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि 2 अक्टूबर को मुंबई से शुरू होने वाला आंदोलन देशभर के शहरों तक ले जाया जाएगा।

### ज्ञानेश कुमार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के कथित एकतरफा फैसलों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। अधिवक्ता शैलेंद्र मणि त्रिपाठी की ओर से दायर याचिका में ऐसे सभी फैसलों को रद्द करने और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। याचिका में केंद्र सरकार, चुनाव आयोग, ज्ञानेश कुमार, कैबिनेट सचिव, वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त मनीष गर्ग और चुनाव आयोग की आईटी महानिदेशक सीमा खन्ना को प्रतिवादी बनाया गया है। महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में दो याचिकाएं दायर की गई हैं।

**सर्राफा बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,52,990/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,40,250/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,14,780/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,45,000/किग्रा |



# प्रदेश में आफत की बारिश

## 59 जिलों को अलर्ट जारी | 10 जिलों में आज स्कूल बंद | 32 जिलों में बाढ़ का खतरा

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

प्रदेश में अभी बारिश का सिलसिला थमाने वाला नहीं है। बंगाल की खाड़ी पर तूफानी स्थितिंका असर यूपी तक आ गया है। लगातार बारिश ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। लखनऊ समेत 59 से अधिक शहरों में 24 घंटे से रुक-रुककर बारिश हो रही है, जबकि अवध और पूर्वांचल के कई जिलों में 30 से 36 घंटे से बारिश का दौर जारी है। दिन के तापमान में 9 से 10 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई है। प्रदेश के 59 जिलों के लिए अलर्ट जारी किया गया है। 10 जिलों में शनिवार को स्कूल बंद रहेंगे। लगातार बारिश से 32 जिलों में अचानक बाढ़ का खतरा बढ़ा दिया है। निचले इलाकों और नदी किनारे बसे गांवों में प्रशासन को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।



उत्तर प्रदेश के ललितपुर में शुक्रवार को मुसलाधार बारिश के बाद हुए जलजमाव में फंसा टैंकर

राजधानी लखनऊ में गुरुवार से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला शुक्रवार देर शाम तक जारी रहा। करीब 36 घंटे से कभी रुक-रुककर और कभी मूसलाधार हो रही बारिश से कई इलाकों की सड़कों पर पानी भर गया है। यातायात की रफ्तार धीमी हुई और निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी। ग्रामीण क्षेत्रों में तेज हवा के साथ हुई बारिश से खेतों में पानी भर गया और कई जगह फसलें गिरने की सूचना है।

गोंडा में करीब 36 घंटे से बारिश जारी है। श्रावस्ती, बहराइच, बाराबंकी और अयोध्या समेत कई जिलों में भी लगातार बारिश हो रही है। श्रावस्ती में कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग-730 पर कई स्थानों पर पानी भरने से आवागमन प्रभावित हुआ। भारत और नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार बारिश के कारण राप्ती नदी का जलस्तर बढ़ने की आशंका है।

नदी किनारे और निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क किया गया है। संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को अलर्ट रखा गया है। प्रशासन की टीमें जलभराव वाले क्षेत्रों की लगातार निगरानी कर रही हैं।

### सीएम ने अफसरों को फील्ड में उतारा

मौसम के बिगड़ते मिजाज और बाढ़ की आशंका को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को फील्ड में उतरकर स्थिति का जायजा लेने के निर्देश दिए हैं। राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों पर लगातार नजर रखने और प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल सहायता पहुंचाने को कहा गया है। नदी-नालों के आसपास और निचले इलाकों में विशेष निगरानी के निर्देश हैं।

### बंद कराए स्कूल

लखनऊ में शनिवार को कक्षा 12 तक के सभी विद्यालयों में शिक्षण कार्य स्थगित रहेगा। आदेश राजकीय, सहायता प्राप्त और निजी विद्यालयों समेत सभी बोर्ड के स्कूलों पर लागू होगा। रायबरेली में कक्षा एक से आठ तक के सभी विद्यालय शनिवार को बंद रहेंगे। श्रावस्ती में सभी परिषदीय, सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है। मिर्जापुर में भी कक्षा आठ तक के सभी बोर्ड के स्कूल शनिवार को बंद रहेंगे। बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए कई जिलों में स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर स्कूल बंद करने का निर्णय लिया गया है।

### दूसरे राज्यों में भी बारिश का असर

**ओडिशा में 10 हजार लोग सुरक्षित स्थानों पर:** बंगाल की खाड़ी में बने मौसम तंत्र का असर पूर्वी और मध्य भारत के कई राज्यों में दिखाई दे रहा है। ओडिशा के संवेदनशील इलाकों से करीब 10 हजार लोगों को 200 राहत केंद्रों में पहुंचाया गया है। कई क्षेत्रों में स्कूल बंद किए गए हैं।

**बिहार के 19 जिलों में अलर्ट:** बिहार के 19 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाओं को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। नेपाल और बिहार में बारिश के कारण कोसी नदी के जलस्तर पर भी निगरानी रखी जा रही है।

**सिक्किम में 20 से ज्यादा घर बहे:** सिक्किम के रिंबी गांव में लगातार बारिश के बाद भूस्खलन हुआ। इसमें 20 से अधिक घर और सरकारी क्वार्टर बहने की सूचना है। अभी तक जनहानि की सूचना नहीं है।

**झारखंड में उड़ानें प्रभावित:** भारी बारिश के कारण रांची हवाईअड्डे पर पांच उड़ानें रद होने की सूचना है। मध्य प्रदेश के 13 जिलों में अति भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

**27 सितंबर तक बारिश का दौर:** उत्तराखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भी बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान है। तेज हवा और बिजली चमकने के दौरान लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### सपा नेता रामगोविंद चौधरी का निधन



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी का 74 वर्ष की उम्र में लखनऊ स्थित पीजीआई में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से सियासी गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई। चौधरी लंबे समय तक प्रदेश की राजनीति में सक्रिय रहे और समाजवादी पार्टी के प्रमुख नेताओं में शामिल थे।

### एक से बदलेंगे एलपीजी ई-केवाईसी नियम

**नई दिल्ली।** एक अक्तूबर से एलपीजी, बैंक एफडी, टीडीएस और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से जुड़े कई नियमों में बदलाव होगा। सब्सिडी वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर लेने वाले उन उपभोक्ताओं के लिए बायोमीट्रिक ई-केवाईसी जरूरी होगी, जिन्होंने अब तक इसे पूरा नहीं किया है। इसके अलावा बैंक एफडी की ब्याज दरों और एनआरआई से संपत्ति खरीद पर टीडीएस से जुड़े नियमों में बदलाव होगा। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के पंजीकरण शुल्क से जुड़े नए दिशानिर्देश भी लागू होंगे।

### 2040 तक चांद पर इंसान उतारने की तैयारी

**नई दिल्ली।** इसरो प्रमुख डॉ. वी. नारायणन ने कहा कि भारत 2040 तक मानव को चंद्रमा पर उतारने की दिशा में काम कर रहा है। आईआईटी दिल्ली में व्याख्यान के दौरान उन्होंने बताया कि गगनयान के पहले मानवरहित मिशन की तैयारी चल रही है। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का पहला मॉड्यूल 2028 तक भेजने और 2035 तक इसके अन्य मॉड्यूल तैयार करने की योजना है। चंद्रयान-4 से चंद्रमा के नमूने पृथ्वी पर लाने और शुक्र मिशन पर भी काम चल रहा है।

### बृजभूषण के बरी होने पर फिर दी चुनौती

**नई दिल्ली।** चार महिला पहलवानों ने पूर्व भारतीय कुश्ती महासंघ अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को यौन उत्पीड़न मामले में बरी किए जाने के निचली अदालत के फैसले को सत्र अदालत में चुनौती दी है। याचिका में कहा गया है कि निचली अदालत का फैसला अनुमान और अटकलों पर आधारित है और कानूनी सिद्धांतों को सही तरीके से लागू नहीं किया गया। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बृजभूषण शरण सिंह और विनोद तोमर को बरी किया था।

### विधायक छोटेलाल वर्मा पंचतत्व में विलीन

**आगरा।** फतेहाबाद से चार बार विधायक रहे भाजपा के छोटेलाल वर्मा का शुक्रवार को पैतृक गांव नगला देवहंस में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग उमड़े। आगरा-फतेहाबाद मार्ग पर कई घंटे यातायात प्रभावित रहा। लोगों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर उन्हें अंतिम विदाई दी।

# योगी ने प्रदेश में खत्म की गुंडागर्दी : शाह

- माफिया का प्रभाव समाप्त होने से बना निवेश का माहौल
- कट्टा उद्योग की जगह रक्षा उत्पादन ने ली, यूपी में बन रही ब्रह्मोस

**समृद्धि न्यूज, ग्रेटर नोएडा।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा में चौथे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार की कानून-व्यवस्था की सराहना की। शाह ने कहा कि एक समय उत्तर प्रदेश में माफिया का प्रभाव था। योगी सरकार ने सपा-बसपा शासन की गुंडागर्दी को नेस्तनाबूद कर दिया।




माफिया को समाप्त किया गया। इससे प्रदेश में निवेश का माहौल बना है।

शाह ने कहा कि पहले प्रदेश में कट्टा बनाने की फैक्ट्रियां चलती थीं। अब उसी उत्तर प्रदेश में रक्षा उत्पादन हो रहा है। उन्होंने कहा कि यूपी में बन रही ब्रह्मोस मिसाइल पाकिस्तान की नींद उड़ा रही है। उत्तर प्रदेश रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। लखनऊ में ब्रह्मोस के संयोजन, एकीकरण और परीक्षण की सुविधा स्थापित है।

गृह मंत्री ने कहा कि कानून-व्यवस्था में सुधार और औद्योगिक नीतियों के कारण उत्तर प्रदेश निवेश का प्रमुख केंद्र बन रहा है।

# भारत ने एक और सोने पर लगाया निशाना

20वां एशियन गेम्स, नागोया

## सुरुचि सिंह- कमलजीत ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में जीता स्वर्ण

- 484.6 अंक के साथ एशियाई खेल रिकॉर्ड बनाया
- गुलवीर रजत, बरानिका-मनप्रीत व मनुष-दिया ने जीते कांस्य

**एजेंसी, नागोया।**

एशियन गेम्स के छठे दिन भारत की शुरुआत स्वर्णिम निशाने से हुई। सुरुचि सिंह और कमलजीत ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर देश को दूसरा सोना दिलाया।

भारतीय जोड़ी ने फाइनल में 484.6 अंक जुटाए। यह एशियाई खेलों का नया रिकॉर्ड है। दक्षिण कोरिया 478 अंक के साथ दूसरे और ईरान 415.8 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। भारत ने कोरियाई जोड़ी पर 6.6 अंक की बढ़त बनाई। इसके साथ भारत के पदकों की संख्या 23 हो गई है। भारत ने अब तक दो स्वर्ण, नौ रजत और 12 कांस्य पदक जीते हैं। सुरुचि और कमलजीत का स्वर्ण इस एशियन गेम्स में निशानेबाजी में भारत का पहला स्वर्ण है। इससे पहले भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने स्वर्ण जीता था। खास बात यह रही कि दोनों निशानेबाजों के लिए यह स्पर्धा वापसी का मौका थी। सुरुचि व्यक्तिगत 10 मीटर एयर पिस्टल में फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई थीं, जबकि कमलजीत भी व्यक्तिगत स्पर्धा में एक अंक से फाइनल से चूक गए थे। मिश्रित टीम में दोनों ने शानदार वापसी की। एथलेटिक्स में गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 10 हजार मीटर दौड़ में रजत पदक जीता। उन्होंने 28 मिनट 29.38 सेकेंड में दौड़ पूरी की। 2023 के एशियन गेम्स में कांस्य जीतने वाले गुलवीर ने इस बार पदक का रंग बदला। 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन टीम स्पर्धा में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, रुद्रांक्ष पाटिल और नीरज कुमार ने रजत जीता। भारतीय टीम ने 1762 अंक बनाए। चीन ने 1766 अंक के साथ स्वर्ण हासिल किया।




# अब 2000 से ज्यादा के यूपीआई भुगतान पर दुकानदार देंगे शुल्क

- 15 अक्टूबर से लागू होगा नया प्रावधान

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

दो हजार रुपये से अधिक के यूपीआई भुगतान पर प्रस्तावित मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) को लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को स्थिति स्पष्ट कर दी। उन्होंने कहा कि एमडीआर का खर्च ग्राहक नहीं, बल्कि दुकानदार या व्यापारी उठाएंगे। ग्राहकों से इसके नाम पर अलग से शुल्क नहीं लिया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि एमडीआर कोई कर, उपकर या अधिभार नहीं है। इससे मिलने वाला पैसा सरकार के पास नहीं जाएगा।

नए ढांचे के तहत 15 अक्टूबर 2026 से दो हजार रुपये से अधिक के चुनिंदा व्यक्ति से व्यापारी (पी2एम) यूपीआई लेनदेन पर 0.40 प्रतिशत एमडीआर लागू होगा। हालांकि, 75 हजार रुपये या उससे अधिक के लेनदेन पर एमडीआर की अधिकतम सीमा 300 रुपये रहेगी। व्यक्ति से व्यक्ति (पी2पी) होने वाले यूपीआई भुगतान पर यह शुल्क लागू नहीं होगा।




**यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो** | ओडीओसी फूड कोर्ट में पहली बार सजा मेरठ का पारंपरिक स्वाद रेवड़ी, गजक और नानखटाई

# मेरठ की रेवड़ी-गजक की मिठास पर विदेशी मेहमान बोले-वाह!

- रेवड़ी-गजक ने खींचा खरीदारों का ध्यान
- तीन उद्यमियों को मिला मौका
- स्वाद के साथ कारोबार की तलाश

**समृद्धि न्यूज, ग्रेटर नोएडा।**

मेरठ की मशहूर रेवड़ी और गजक की मिठास अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी पहुंच गई है। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में शुक्रवार से शुरू हुए उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में ओडीओसी फूड कोर्ट में मेरठ के पारंपरिक खाद्य उत्पादों ने देशी-विदेशी मेहमानों का ध्यान खींचा। स्टाल पर पहुंचे विदेशी मेहमानों ने रेवड़ी, गजक और नानखटाई का स्वाद लिया। पहली बार इन पारंपरिक स्वादों से रूबरू हुए कई मेहमानों ने उत्पादों की जानकारी लेने के साथ उनकी सराहना की। स्वाद चखने के बाद कई लोगों की जुबां से निकला-वाह, मेरठ!



25 से 29 सितंबर तक चलने वाले ट्रेड शो में पहली बार एक जनपद एक व्यंजन (ओडीओसी) के लिए विशेष फूड कोर्ट बनाया गया है। इसका उद्देश्य प्रदेश के पारंपरिक खाद्य उत्पादों को स्थानीय बाजार से निकालकर देश-विदेश के खरीदारों तक पहुंचाना है। मेरठ के स्टाल पर रेवड़ी और गजक की खुशबू ने आगंतुकों को आकर्षित किया। देश के विभिन्न हिस्सों से आए कारोबारियों ने उत्पाद चखने के साथ कीमत, पैकिंग और बाजार में उपलब्धता की जानकारी ली।

विदेशी प्रतिनिधियों ने भी रेवड़ी और गजक का स्वाद लिया। नानखटाई ने भी लोगों की रुचि बढ़ाई। ओडीओसी के तहत मेरठ से तीन फर्मों का चयन किया गया है। इनमें एमएच स्वीट सेंटर के हाशिम, स्वीट शॉप के सद्दाम और रेवड़ी-गजक उत्पादक यामीन शामिल हैं। उद्यमियों को ट्रेड शो में निःशुल्क स्टाल उपलब्ध कराया गया है, जहां वे उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के साथ संभावित खरीदारों से कारोबारी संपर्क भी कर रहे हैं। विक्रेता सद्दाम ने बताया कि देश के साथ विदेश से आए लोगों ने भी रेवड़ी और गजक का स्वाद लिया। कई लोगों ने उत्पाद तैयार करने, पैकिंग और बाजार की जानकारी ली। यामीन के अनुसार, लोगों की उत्सुकता से नए बाजार मिलने की उम्मीद बढ़ी है। वहीं हाशिम ने बताया कि मेरठ की नानखटाई को भी पहली बार इतने बड़े मंच पर देशी-विदेशी खरीदारों के सामने रखने का अवसर मिला है।

# अम्बेडकरनगर 2027 की तैयारी, जनाधार की जंग

- कल जलालपुर व टांडा में सपा-बसपा के सम्मेलन
- अकबरपुर में मनोज वर्मा के बाद जलालपुर पर बसपा की नजर



**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**

विधानसभा चुनाव 2027 की आहट के बीच अम्बेडकरनगर में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। जिले की पांचों विधानसभा सीटों पर सपा, बसपा और भाजपा अपने-अपने संगठन तथा जनसंपर्क अभियान को गति देने में जुटे हैं। खासतौर पर 27 सितंबर को जलालपुर और टांडा में प्रस्तावित कार्यक्रमों ने जिले की सियासत को चर्चा के केंद्र में ला दिया है। बहुजन समाज पार्टी अकबरपुर विधानसभा क्षेत्र से मनोज वर्मा को प्रभारी एवं प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। जून में अकबरपुर में आयोजित शंखनाद महारैली में प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने इसकी घोषणा की थी। अब बसपा की सक्रियता जलालपुर विधानसभा क्षेत्र में दिखाई दे रही है। 27 सितंबर को यहां कार्यकर्ता सम्मेलन प्रस्तावित है। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर हुई विधानसभा स्तरीय बैठक की अध्यक्षता बसपा मंडल प्रभारी दयाराम राजभर ने की थी। सम्मेलन को लेकर संगठन ने कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की तैयारी शुरू कर दी है। दयाराम राजभर के नाम को लेकर संभावित उम्मीदवार के तौर पर राजनीतिक चर्चाएं जरूर हैं, लेकिन अभी इसे पार्टी की आधिकारिक प्रत्याशी घोषणा नहीं माना जा सकता।

दिलचस्प यह है कि जलालपुर में बसपा के सम्मेलन से पहले समाजवादी पार्टी भी अपनी सक्रियता दिखा चुकी है। सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अभिषेक सिंह के नेतृत्व में 30 अगस्त को जलालपुर में प्रबुद्धजन संवाद सम्मेलन आयोजित हुआ था। इसमें सामाजिक एकजुटता, सम्मान और अधिकारों के मुद्दों पर चर्चा हुई थी। उधर टांडा विधानसभा क्षेत्र में भी 27 सितंबर को सपा का कार्यकर्ता सम्मेलन प्रस्तावित है। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में विधायक राममूर्ति वर्मा ने कार्यकर्ताओं से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। संगठन को सक्रिय करने और आगामी चुनाव की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां भी सौंपी जा रही हैं।

27 सितंबर को एक ही दिन जिले की दो विधानसभा सीटों पर होने वाले राजनीतिक कार्यक्रमों को स्थानीय सियासत में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जलालपुर में बसपा संगठन को सक्रिय करने में जुटी है तो टांडा में सपा अपने कार्यकर्ताओं को चुनावी तैयारी के लिए लामबंद कर रही है।

यही वजह है कि दोनों कार्यक्रमों की भागीदारी और उनके जरिए दिए जाने वाले राजनीतिक संदेश पर नजर रहेगी। हालांकि अभी इसे सीधे चुनावी परिणामों से जोड़ना जल्दबाजी होगी, लेकिन इतना जरूर है कि 2027 की तैयारी अब बैठकों और सम्मेलनों के जरिए गांवों तक पहुंचने लगी है।

# महिला नेतृत्व की नई पाठशाला

- 12 पंचायतों की करीब 50 महिला लीडर जुटीं
- संघर्ष व सफलता के अनुभवों पर हुआ संवाद




**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**

गांव की चौपाल से लेकर सरकारी दफ्तरों तक अपनी बात मजबूती से रखने की सीख अब महिलाएं एक-दूसरे के अनुभवों से ले रही हैं। जलालपुर ब्लॉक की पुरानी ग्राम पंचायत भस्मा में जनशिक्षण केंद्र की ओर से ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत महिला लीडरों का एक्सपोजर कार्यक्रम आयोजित किया गया। नई छह ग्राम पंचायतों से पहुंचीं महिला अगुआओं ने पुरानी पंचायतों की लीडरों से संघर्ष, पैरवी और समस्याओं के समाधान के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का मकसद नई महिला लीडरों को स्थानीय स्तर पर नेतृत्व की व्यावहारिक समझ देना रहा। शुरुआत परिचय और प्रेरणा गीत से हुई। इसके बाद कार्यक्रम समन्वयक हेमलता ने संस्था के कामकाज और ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनशिक्षण केंद्र वर्तमान में 12 ग्राम पंचायतों में यह कार्यक्रम चला रहा है।

हेमलता ने कहा कि महिला सशक्तिकरण सिर्फ सरकारी योजनाओं की जानकारी तक सीमित नहीं होना चाहिए। महिलाओं को अपने अधिकारों, स्थानीय शासन और गांव की समस्याओं को लेकर आवाज उठाने तथा संबंधित मंचों पर प्रभावी पैरवी करने में सक्षम बनाना भी जरूरी है। कार्यक्रम में पुरानी ग्राम पंचायतों की महिला लीडरों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि गांव की समस्याओं को पहचानने, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों तक बात पहुंचाने तथा समाधान के लिए लगातार प्रयास करने में किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

## खबरें एक नजर में

### 6.53 करोड़ से बनेगा भव्य बारात घर, नवरात्रि में होगा भूमि पूजन

बलरामपुर। आदर्श नगर पालिका परिषद बलरामपुर क्षेत्र में 6 करोड़ 53 लाख 60 हजार रुपये की लागत से विशाल एवं सुविधायुक्त बारात घर का निर्माण कराया जाएगा। निर्माण के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। शारदीय नवरात्रि में भूमि पूजन के साथ निर्माण कार्य शुरू होने की तैयारी है। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' के प्रयासों से स्वीकृत इस परियोजना से नगरवासियों को विवाह, पारिवारिक और सामाजिक आयोजनों के लिए बेहतर आयोजन स्थल उपलब्ध होगा। परियोजना का त्रि-आयामी प्रारूप भी तैयार किया जा चुका है, जिसमें प्रस्तावित भवन की संरचना और सुविधाओं की झलक दिखाई गई है। अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने बताया कि नवरात्रि में भूमि पूजन कर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि बारात घर के निर्माण से नगरवासियों को आयोजनों के लिए आधुनिक और सुविधाजनक स्थल मिल सकेगा।

### महिला उत्पीड़न मामले में आरोपी को दो साल की सजा

**बलरामपुर।** ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत प्रभावी पैरवी के चलते महिला को प्रताड़ित करने और चोट पहुंचाने के मामले में आरोपी को न्यायालय ने दो वर्ष के कारावास और 15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। तुलसीपुर थाना क्षेत्र के नैकिनिया गांव निवासी महिला की तहरीर पर 12 अप्रैल 2025 को गुलजार पुत्र हैदर अली के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 118(2) और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक उमेश कुमार यादव ने की और आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। विचारण के दौरान मॉनीटरिंग सेल के नोडल प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के नेतृत्व में अभियोजन अधिकारी आशा यादव, मॉनीटरिंग सेल प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार मिश्र और तुलसीपुर पुलिस टीम ने प्रभावी पैरवी की। इसके बाद सीजेजेडी/एफटीसी/सीएडब्ल्यू न्यायालय बलरामपुर ने आरोपी गुलजार को दोषी करार देते हुए दो वर्ष के कारावास और 15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

### ट्रैक्टर रोककर पिता-पुत्रों से मारपीट का आरोप

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** धान की रोपाई के लिए ट्रैक्टर लेकर खेत जा रहे पिता और उनके बच्चों को रास्ते में रोककर मारपीट करने का मामला सामने आया है। नरायनपुर मजरे बड़ेला निवासी राम शंकर ने मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय संख्या-11 में प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। राम शंकर के मुताबिक 20 जुलाई की शाम करीब चार बजे वह अपने पुत्र नितेश, नितिन और पुत्री शुभी के साथ किराये के ट्रैक्टर से खेत में धान की रोपाई के लिए जा रहे थे। आरोप है कि देव नरायन शुक्ला की बाग के पास देव नरायन, गुलाब चन्द्र और नीर शुक्ला ने उनका ट्रैक्टर रोक लिया और रास्ते से जाने से मना कर दिया। राम शंकर का आरोप है कि रास्ते से जाने की बात को लेकर विरोध करने पर तीनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद उनके और बच्चों के साथ मारपीट की गई। आरोप है कि इसी दौरान देव नरायन ने उनके 16 वर्षीय बेटे नितिन के अंडकोष में लात मार दी, जिससे उसे चोट आई।

### बारिश में टूटे बिजली के पोल, कई गांवों की आपूर्ति ठप

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** गुरुवार की दोपहर से लगातार हो रही बारिश व तेज हवाओं के चलते भगवानपुर, गाजीपुर तथा बेलपुर के निकट बिजली के पोल टूट जाने से, बाराबंकी। लगातार बारिश और तेज हवाओं से भगवानपुर, गाजीपुर व बेलपुर के पास बिजली लाइनों पर पेड़ गिर गए। इससे करीब एक दर्जन पोल टूटने से तीनों गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। बारिश के बीच मरम्मत में जुटे बिजली कर्मियों को लगातार पानी के कारण परेशानी उठानी पड़ रही है। गुरुवार दोपहर से मौसम खराब होने के बाद तीनों स्थानों पर विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। विभाग ने आपूर्ति बहाल करने के लिए कर्मियों को लगाया, लेकिन पोल टूटने के कारण अभी लाइन चालू नहीं हो सकी है। बिजली न मिलने से ग्रामीणों के घरेलू कामकाज और पेयजल व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

### ईएमटी का चार दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मरीजों को त्वरित एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निःशुल्क एएलएस (एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट) एम्बुलेंस सेवा संचालित की जा रही है। इस सेवा का संचालन मेडकेयर 365 प्राइवेट लिमिटेड संस्था द्वारा विगत पांच वर्षों से किया जा रहा है। इसी क्रम में संस्था द्वारा एएलएस एम्बुलेंस सेवा में कार्यरत ईएमटी (इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन) के लिए चार दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 22 से 25 सितंबर तक जिला अस्पताल, बहराइच में किया गया। सीएमओ कार्यालय सभागार में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार एवं एसीएमओ डॉ संतोष राणा व स्वास्थ्य प्रवेक्षक अफाक अहमद की अध्यक्षता में इंएमटी को मरीजों को त्वरित एवं बेहतर चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराने, आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी चिकित्सा सहायता प्रदान करने तथा मरीजों की सुरक्षित देखभाल के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। मेडकेयर 365 के प्रशिक्षक विकास पांडे ने महत्वपूर्ण चिकित्सा एवं आपातकालीन प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न जानकारी प्रदान की। सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किए गए पांच लोग प्रशिक्षण शिविर के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले ईएमटी को सीएमओ डॉ. संजय कुमार एवं एसीएमओ के द्वारा दिया गया। पंकज वर्मा , चंद्र प्रकाश सिंह (बहराइच)एवं (आदर्श शुक्ला बलराम पुर) एवं भूपेंद्र सिंह (श्रावस्ती) अरविंद तिवारी (गोंडा) अमर सिंह वर्मा(बाराबंकी) को सम्मानित किया गया।

# मीना के जन्मदिन पर बेटियों ने दिया जागरूकता का संदेश

- नाटक के जरिए शिक्षा व दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूकता का संदेश

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में काल्पनिक पात्र मीना का जन्मदिन उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। छात्राओं ने केक काटकर खुशी साझा की तो वहीं नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बालिका शिक्षा, दहेज प्रथा के विरोध और बेटियों के अधिकारों को लेकर जागरूकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी वार्डेन प्रेमलता प्रजापति ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। इसके बाद छात्राओं ने केक काटकर मीना का जन्मदिन मनाया और एक-दूसरे को केक खिलाकर खुशी जताई।

कार्यक्रम का सबसे आकर्षक पक्ष छात्राओं की नाट्य प्रस्तुतियां रहीं। 'मीना नाटक' और 'हम तैयार हैं' के माध्यम से छात्राओं ने बेटियों की शिक्षा, दहेज न लेने-देने और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने जैसे विषयों पर प्रभावी संदेश दिया। मीनाक्षी, नंदनी, रानी, शीलम और अंजनी के अभिनय को उपस्थित लोगों ने खूब सराहा।

प्रभारी वार्डेन प्रेमलता प्रजापति ने बताया कि मीना एक काल्पनिक पात्र है, जिसे बालिकाओं में शिक्षा, आत्मविश्वास और जागरूकता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं को अपनी बात रखने और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित करते हैं।

# शिल्पकारो का संवैधानिक संरक्षण के लिए महासम्मेलन

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।**

अति पिछड़ा एकीकरण अभियान की बैनर तले हो रहे 4 अक्टूबर को सर्व दलीय महासम्मेलन को अखिल भारतीय राजभर महासभा, निषाद समाज, धनगर समाज एकता परिषद, अखिल भारतीय दुसाध कल्याण परिषद सहित विभिन्न दलित व अति पिछड़ा समाज के लोगों का व्यापक जन समर्थन मिल रहा है। इसी क्रम में भारतीय शिल्पकार समिति रजिस्टर्ड ने भी 4 अक्टूबर को हो रहे शिल्पकार समाज के हित में सरकार के समक्ष अपनी आवाज को बुलंद करने के लिए बुलाए गए सम्मेलन को समर्थन दिया। भारतीय शिल्पकार समिति के हरि ओम ने बताया कि आजादी के बाद से अब तक शिल्पकार समाज के लोगों का संघर्ष निरंतर जारी है देश को आजादी मिलने के बाद भी शिल्पकार समाज को आज तक सामाजिक हिस्सेदारी नहीं मिली हुई है समाज के लोग सदैव हाशिए पर ही रहे हैं सरकार कोई भी हो सामाजिक न्याय से शिल्पकार समाज की सभी 26 उपजातियां अभी भी वंचित है जिसके लिए सड़क से संसद तक लड़ाई जारी है। न्यायपालिका ने समय-समय पर शिल्पकारों के पक्ष में निर्णय दिए हैं जिसके आधार पर हमारे संघर्ष को बल मिलता रहा है इस बार आर पार की लड़ाई लड़ी जा रही है। 4 अक्टूबर को सामूहिक निर्णय के माध्यम से सभी शिल्पकार वंशजों को भेदभाव मुक्त संवैधानिक संरक्षण एवं आने वाली पीढ़ियों को सम्मान से जीने के लिए सशक्त बनाने का आवाहन किया गया है।

## बाइकों की टक्कर में पुलिसकर्मी घायल



**समृद्धि न्यूज, फतेहपुर बाराबंकी।** फतेहपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को साढ़ेमऊ बाजार के पास तेज रफ्तार केटीएम बाइक ने पुलिसकर्मी की मोटरसाइकिल में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सिपाही समेत दो लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल एक युवक को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया, जबकि सिपाही को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

जानकारी के अनुसार फतेहपुर कोतवाली में तैनात सिपाही अनुज कुमार सरकारी कार्य से रामनगर गए थे। काम निपटाने के बाद वह मोटरसाइकिल से फतेहपुर लौट रहे थे। इसी दौरान साढ़ेमऊ बाजार के पास पीछे से तेज रफ्तार में आ रही केटीएम बाइक ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी।

केटीएम बाइक पर सूढ़ियामऊ निवासी समीर (18) पुत्र शब्बीर के अलावा एक अज्ञात युवक सवार था। टक्कर लगने से दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। समीर की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं सिपाही अनुज कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने हादसे के बाद केटीएम बाइक पर सवार एक युवक को बाइक समेत हिरासत में लिया है।

# गर्भवती महिलाओं की होगी टीबी स्क्रीनिंग, बहराइच के दो ब्लॉकों में पायलट प्रोजेक्ट शुरू



- हर एएनसी विजिट पर होगी जांच
- ई-कवच और आरसीएच पोर्टल से रखी जाएगी सीधी निगरानी

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।**

जिले में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और टीबी उन्मूलन अभियान को गति देने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने नई पहल शुरू की है। अब पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) के दौरान अनिवार्य रूप से टीबी यानि क्षयरोग की स्क्रीनिंग की जाएगी। 'ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड' के सहयोग से जनपद के दो विकास खंडों—बलहा और हुजूरपुर में इस पायलट प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने परियोजना की शुरुआत करते हुए बताया कि गर्भवती महिलाओं में टीबी की समय रहते पहचान करना और तत्काल इलाज सुनिश्चित करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। इसके तहत हर एएनसी विजिट के दौरान स्वास्थ्यकर्मी महिलाओं में टीबी के संभावित लक्षणों की जांच करेंगे।

लक्षण मिलने पर संबंधित महिला की तुरंत आवश्यक जांच कराई जाएगी, उपचार शुरू होगा और आवश्यकता पड़ने पर उच्च स्वास्थ्य केंद्रों के लिए रेफर किया जाएगा।

# ब्लॉक परिसर में पारिजात मॉडल प्रेरणा कैंटीन व आरओ वाटर कूलर का हुआ उद्घाटन

**समृद्धि न्यूज़, हैदरगढ़, बाराबंकी।**

शुक्रवार को हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक परिसर में पारिजात मॉडल प्रेरणा कैंटीन एवं आरओ वाटर कूलर का विधायक दिनेश रावत एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने दोनों सुविधाओं को क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। नवनिर्मित सुविधा से ब्लॉक परिसर में आने वाले आमजन, कर्मचारियों एवं क्षेत्रवासियों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल के साथ ही कैंटीन की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे ब्लॉक परिसर में आने वाले लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। इस अवसर पर विधायक दिनेश रावत ने कहा कि जनसुविधाओं का विस्तार करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। ब्लॉक परिसर में आने वाले ग्रामीणों, कर्मचारियों और आमजन को स्वच्छ पेयजल तथा कैंटीन जैसी



मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आवश्यकता के अनुसार अन्य जनोपयोगी सुविधाओं को भी विकसित कराने का प्रयास लगातार जारी रहेगा। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी संदीप श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्रा, रणवीर सिंह 'मोनू', प्रधान विक्रम सिंह, राजू सिंह, गौतम पाठक, बबलू सिंह सहित सम्मानित जन, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधायक गौरव रावत ने बिजली अधिकारियों के साथ बैठक कर अघोषित कटौती रोकने के दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज, मसौली बाराबंकी।**

जैदपुर विधायक गौरव रावत ने शुक्रवार को जैदपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विद्युत अधिकारियो के साथ बैठक कर अघोषित विद्युत कटौती तत्काल रूप से रोकने के निर्देश दिये तथा कार्य प्रणाली में सुधार लाएं की बात कही।

लखपेड़ाबाग स्थित अपने आवास पर विद्युत विभाग के समस्त अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए विधायक गौरव कुमार रावत ने ने सभी अधिकारियों से कहा कि आज के समय में बिजली हमारे जीवन का एक हिस्सा बन गई है जिसकी कटौती से जनजीवन अस्त व्यस्त हो जाता है क्षेत्र की जनता का हित मेरे लिए सबसे




महत्वपूर्ण है। इसलिए जैदपुर विधानसभा में हो रही अघोषित विद्युत कटौती को तत्काल रोका जाए।

उक्त अवसर पर विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता रामनगर, रामसनेहीघाट, एसडीओ सुएब जमाल अधिशासी अभियंता जैदपुर, मसौली, सफदरगंज, विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद रिजवान संजय आदि लोग मौजूद रहे।

# मेरा युवा भारत के तत्वावधान में आयोजित हुई संगोष्ठी

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**

मेरा युवा भारत के तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर संगोष्ठी का अयोजन सहयोगी पी 0 जी 0 कालेज खुशहालपुर बाराबंकी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक इंजीनियर अरुण कुमार वर्मा ने किया मुख्य अतिथि के रूप में चीफ प्राक्टर डा0 विनोद कुमार गौतम

विशिष्ट अतिथि के रुप में महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 दारा सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में डा0 अनिता कुमारी कार्यक्रमाधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में हनुमान ज्ञानी कार्यक्रमाधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, एवं डा0 प्रतिभा वर्मा समाजसेवी सत्येंद्र कुमार एस डी वर्मा

सभी अतिथियों ने पंडित दीनदयाल




उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

डा0 गौतम ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम राष्टवादी विचार धारा, उत्कृष्ट संगठनकर्ता और दार्शनिक विचार धाराओं पर चलना चाहिए। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मानसिंह भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिपांशी , निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राखी वर्मा स्लोगन प्रतियोगिता में प्रिया चौहान सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। एवं इंजी0वर्मा ने प्ररित करते हुए कहा कि युवाओं को माय भारत से जुडकर विकसित भारत 2047 की ओर अग्रसर रहना है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित

- अंत्योदय के विचारों पर दिया गया बल

**समृद्धि न्यूज़, बहराइच।**

भारतीय जनसंघ के विचारक और एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने की, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

# बारिश ने तोड़ी किसानों की कमर, खेतों में बिछी धान की फसल

- छह माह की मेहनत पर फिरा पानी
- केसीसी से कर्ज लेकर तैयार की थी फसल
- अब कटाई तो दूर लागत निकलने की भी चिंता

**समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट बाराबंकी।**

तहसील क्षेत्र में दो दिन से लगातार हो रही बारिश और तेज हवा ने धान



उत्पादक किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पककर तैयार खड़ी धान की फसल हवा के झोंकों से खेतों में गिर गई। कई गांवों में हालात ऐसे हैं कि खेतों में धान की फसल चटाई की तरह बिछी नजर आ रही है। इससे किसानों के सामने फसल बचाने के साथ आर्थिक संकट भी खड़ा हो गया है।

वजीउद्दीनपुर, महुलारा, भेन्दुवा, पिपरिहा, मुरारपुर, धुनौली ठाकुरान, मेडुवा, तिवारीपुर और बहरेला डीह सहित आसपास के गांवों में किसानों ने धान की फसल को हुए नुकसान की जानकारी दी है। किसानों का कहना है कि छह महीने तक खाद, बीज, पानी, दवा और मजदूरी पर पैसा खर्च कर फसल तैयार की थी। कई किसानों ने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) से ऋण लेकर खेती की थी। अब फसल खेत में गिरने से उत्पादन और आमदनी दोनों प्रभावित होने की चिंता है।

किसानों को उम्मीद थी कि धान बेचकर केसीसी का कर्ज चुकाने के साथ बच्चों की पढ़ाई, शादी-विवाह और घर के अन्य जरूरी खर्च पूरे किए जाएंगे। लेकिन बारिश ने उनकी इन उम्मीदों को झटका दिया है। खेत में पानी और गिरी फसल के कारण कटाई में भी अतिरिक्त खर्च आने की आशंका है।

किसानों ने प्रशासन से गांव-गांव फसल का सर्वे कराकर नुकसान का आकलन कराने और पात्र किसानों को नियमानुसार राहत व फसल बीमा का लाभ दिलाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि फसल गई तो सिर्फ धान नहीं गया, बल्कि पूरे साल की कमाई और परिवार की कई उम्मीदें भी संकट में पड़ गई हैं।

# तेज बारिश में मनौतियों के राजा को नम आंखों से दी विदाई

▸ झूलेलाल वाटिका में भू-विसर्जन के साथ गणेशोत्सव संपन्न

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



तेज बारिश के कारण झूलेलाल वाटिका में चल रहे गणेश उत्सव की शोभायात्रा को संक्षिप्त कर दिया गया और कार्यक्रम स्थल पर ही विसर्जन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से पिछले 10 दिनों से आयोजित इस गणेशोत्सव का शुक्रवार को भगवान गणेश की मूर्ति के भू-विसर्जन के साथ भव्य समापन हो गया।

विसर्जन से पूर्व पंडाल में आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कराई, जिसमें कमेटी के सभी पदाधिकारी, सदस्य और कार्यकर्ता अपने परिवारों के साथ शामिल हुए। इसके बाद बप्पा से अगले बरस जल्दी आने की प्रार्थना करते हुए विशाल मूर्ति को रथ पर विराजमान किया गया। पूरा झूलेलाल घाट गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों से गूंज उठा। इस मौके पर संरक्षक भारत भूषण गुप्ता, अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, पार्षद रंजीत सिंह, जय करन सिंह, अखिलेश बंसल, संजय सिंह गांधी, गोपाल अग्रवाल, सुधांशु बाथम तथा महिलाओं में संध्या बंसल, उषा अग्रवाल, रुक्मणी अग्रवाल, अंशु बंसल, विमी बंसल, नेहा बंसल, नीरजा सिंह, अंजू गुप्ता, अनुराधा गोयल, कविता अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे। कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि गोमती नदी को प्रदूषण से बचाने और पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखते हुए विगत वर्षों की भांति इस बार भी भू-विसर्जन किया गया। इसके लिए 25 फुट चौड़ा और 15 फुट गहरा गड्ढा खोदकर उसमें गोमती का पानी भरा गया, फिर क्रेन की मदद से प्रतिमा को जलाशय में स्थापित कर वैदिक रीति-रिवाज से विसर्जित किया गया।

### 2 लाख चिट्ठियां भी बप्पा के साथ हुईं विसर्जित

संरक्षक भारत भूषण गुप्ता व घनश्याम अग्रवाल गुड्डा ने बताया कि 10 दिनों तक चले इस उत्सव में मनौतियों के राजा श्री गजानन के चरणों में भक्तों द्वारा लगभग 2 लाख चिट्ठियां लिखी गईं। गजानन में अटूट आस्था रखते हुए भक्तों ने अपनी मनोकामनाएं पूरी होने के विश्वास के साथ ये पत्र लिखे थे, जिन्हें प्रतिमा के साथ ही विसर्जित कर दिया गया।

### विदाई के क्षणों में भावुक हुए श्रद्धालु

जब भगवान गणेश की मूर्ति को विसर्जन के लिए क्रेन से उतारा गया, तो वहां मौजूद श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। माहौल ऐसा था मानो परिवार का कोई प्रिय सदस्य दूर जा रहा हो। सभी भक्तों ने हाथ जोड़कर और अश्रुपूर्ण आंखों से बप्पा को अंतिम विदाई दी।

## 108 स्वर्ण कलशों से अभिषेक

▸ जैन मंदिर इंदिरा नगर मैं बरसा भक्ति भाव

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।




जैन धर्म के दसलक्षण पर्व के अंतिम दिन इंदिरानगर जैन मंदिर में उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म और 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य का मोक्ष कल्याणक भक्तिभाव के साथ मनाया गया। साथ ही दशलक्षण महापर्व का समापन भी हो गया।

मंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि प्रातः काल भक्तों ने भगवान वासुपूज्य को पांडुशिला पर विराजमान कर 108 स्वर्ण कलशों से रिद्धि-सिद्धि मंत्रों के साथ अभिषेक किया। इसके बाद विश्व शांति की कामना से शांतिधारा की गई, जिसका सौभाग्य अभय, धीरज, अनुरोध, अभिषेक, अतिशय, संयम, प्रविज्ञान, सनत, महावीर और मनोज जैन परिवार को प्राप्त हुआ। दशलक्षण विधान की पूर्णाहुति हवन के साथ हुई।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिप्रा, अनीता, रीता, खुशबू और राज जैन सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### 4030 आंबेडकर प्रतिमा स्थलों के विकास को 403 करोड़

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर मूर्ति स्थल विकास योजना के तहत प्रदेश के 403 विधानसभा क्षेत्रों में 4,030 प्रतिमा स्थलों के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए 403 करोड़ रुपये जारी किए हैं। प्रत्येक स्थल के लिए औसतन 10 लाख रुपये उपलब्ध होंगे, जबकि अधिकतम लागत 40 लाख रुपये निर्धारित है। योजना के तहत प्रतिमा स्थलों पर छत, बाउंड्री, रैलिंगयुक्त सीढ़ियां, फिनिशिंग, हरियाली और प्रकाश व्यवस्था जैसे कार्य कराए जाएंगे। प्रतिमा के नाम और इतिहास की जानकारी वाला सूचना बोर्ड भी लगाया जाएगा। पुरानी या क्षतिग्रस्त प्रतिमाओं के स्थान पर जरूरत के अनुसार संगमरमर की नई प्रतिमा स्थापित की जा सकेगी। योजना का क्रियान्वयन नगरीय निकाय, जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत या ग्राम पंचायत के माध्यम से होगा। शासन ने परियोजनाओं को 31 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

### बारिश के बीच अटेवा का प्रदर्शन

**लखनऊ।** इको गार्डन में शुक्रवार को तेज बारिश के बीच अटेवा के बैनर तले कर्मचारियों, शिक्षकों, किसानों और युवाओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पुरानी पेंशन बहाल करने, सरकारी संस्थानों के निजीकरण पर रोक लगाने और टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग उठाई। अटेवा प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा कि बारिश के बावजूद कर्मचारियों का आंदोलन जारी है। उन्होंने संविदा कर्मचारियों के कम मानदेय और शोषण का मुद्दा उठाते हुए कहा कि मांगें पूरी होने तक संघर्ष जारी रहेगा। प्रदेश विधिक सलाहकार नरेंद्र कुमार ने पुरानी पेंशन को कर्मचारियों का संवैधानिक व नैतिक अधिकार बताया। उन्होंने कहा कि मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को और मजबूत किया जाएगा।

### ट्रक से टकराई बस, चालक व महिला यात्री घायल

**लखनऊ।** आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार सुबह डबल डेकर बस आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे में बस चालक और एक महिला यात्री घायल हो गए। टक्कर के बाद बस सड़क के बीच में खराब होकर खड़ी हो गई। इससे एक्सप्रेसवे पर करीब एक घंटे तक ट्रैफिक प्रभावित रहा। काकोरी पुलिस के मुताबिक, हादसा सुबह करीब 6 बजे हुआ। बस नंबर बीआर 28 पी 3870 दिल्ली के करोल बाग से सिद्धार्थनगर के बांसी जा रही थी। बस टोल प्लाजा से करीब 500 मीटर आगे पहुंची थी। तभी वह आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में सिद्धार्थनगर के अशोबा निवासी बस चालक करण यादव और एक महिला यात्री घायल हुईं। सूचना पर पहुंची काकोरी पुलिस ने दोनों को एंबुलेंस से केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर भेजा। दोनों का इलाज चल रहा है। टक्कर के बाद बस सड़क के बीच में खड़ी हो गई। इससे एक्सप्रेसवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रैफिक संभाला और क्रेन की मदद से बस को सड़क से हटवाया। करीब एक घंटे बाद वाहनों की आवाजाही सामान्य हो सकी। पुलिस के मुताबिक, बस में करीब 20 अन्य यात्री सवार थे। सभी सुरक्षित हैं। हादसे के बाद यात्रियों को दूसरी गाड़ियों से उनकी मंजिल के लिए भेज दिया गया। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**लखनऊ।** गुरुवार देर रात एक युवक संदीप (27) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि शराब पीकर घर पहुंचे युवक की उसके भाइयों ने पिटाई की थी, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। हालाँकि अभी इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है। सूचना मिलने पर निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक संदीप के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों ने इस पूरे मामले पर चुप्पी साध रखी है। वे सिर्फइतना कह रहे हैं कि संदीप की मौत शराब पीने से हुई है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों के अनुसार, संदीप अपनी पत्नी के साथ रहता था। गुरुवार देर रात वह शराब के नशे में घर आया और दरवाजे पर खड़े होकर अपने पिता पुनवासी को गाली–गलौज कर रहा था। इसी बात से नाराज होकर उसके बड़े और छोटे भाई ने डंडे से उसकी पिटाई की और उसे खींचकर घर के अंदर ले गए। शुक्रवार सुबह संदीप की मौत का पता चला। ग्रामीणों ने नाम न छापने पर यह भी बताया कि संदीप के पिता पुनवासी ने तीन बिस्वा जमीन बेची थी। उन्होंने बड़े और छोटे बेटे को पैसे दिए थे, लेकिन संदीप को उसका हिस्सा नहीं दिया था। इसी बात को लेकर संदीप अक्सर शराब पीकर घर आने के बाद अपने हिस्से के पैसों के लिए पिता से झगड़ा करता था। बुधवार को भी वह घर आकर झगड़ रहा था, जिसके बाद भाइयों ने उसकी पिटाई कर दी थी। पुलिस का कहना है कि शव पर किसी प्रकार की कोई जाहिरा चोट या चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### शंख एयर चेयरमैन के घर-ऑफिस पर आयकर छापा

**लखनऊ।** शंख एयर के फाउंडर एवं चेयरमैन श्रवण कुमार विश्वकर्मा के गोमतीनगर विस्तार स्थित आवास और वरदान खंड स्थित शंख टावर कार्यालय पर शुक्रवार को आयकर विभाग की टीम ने कार्रवाई की। टीम ने कंपनी के वित्तीय रिकॉर्ड, बैंक खातों और कारोबारी लेनदेन से जुड़े दस्तावेजों की जांच की। कार्यालय में मौजूद कुछ कर्मचारियों के मोबाइल फोन, कंप्यूटर और लैपटॉप भी जांच के दायरे में लिए गए। सूत्रों के मुताबिक, अधिकारियों ने श्रवण कुमार विश्वकर्मा से भी पूछताछ की और कारोबार में आय के स्रोत तथा निवेश से जुड़ी जानकारी जुटाई। सुरक्षा के मद्देनजर शंख टावर के बाहर पुलिसकर्मी तैनात रहे। हालांकि, आयकर विभाग की ओर से कार्रवाई के कारणों को लेकर अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

## दवाओं के नाम हिंदी में लिखें डॉक्टर : बृजेश



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री बृजेश पाठक ने प्रदेश के चिकित्सकों से दवाओं और जांचों के नाम हिंदी अथवा देवनागरी में लिखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हिंदी में काम करने वाले चिकित्सकों को सम्मानित किया जाएगा और निजी स्तर पर हिंदी में लिखे दवाओं के नाम को प्राथमिकता दी जाएगी। पत्र में उन्होंने कहा कि मरीजों से उनकी मातृभाषा जैसे भोजपुरी, अवधी आदि में संवाद करने से वे बीमारी और उपचार को बेहतर समझ सकेंगे तथा चिकित्सकों पर उनका विश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि लोक भाषा और भारतीय भाषाओं को मजबूत करने से राष्ट्रीय एकता भी सशक्त होगी। चिकित्सकों को महापुरुषों के विचारों से प्रेरणा लेकर हिंदी व भारतीय भाषाओं के प्रयोग को बढ़ावा देना चाहिए।

## प्रदेश में शहरी विकास को मिलेगी और रफ्तार

# 29,716 करोड़ से संवरेगा शहरों का ढांचा

▸ अमृत 2.0 में 637 परियोजनाओं को मंजूरी
▸ पेयजल और सीवरेज पर सबसे बड़ा जोर
▸ 114 परियोजनाएं पूरी 453 पर काम जारी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



उत्तर प्रदेश के शहरों में पेयजल, सीवरेज और जल संरक्षण से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में बड़े पैमाने पर काम शुरू हुआ है। अमृत 2.0 योजना के तहत प्रदेश में 637 परियोजनाओं के लिए 29,716.29 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है।

योजना के दायरे में प्रदेश के 762 नगरीय निकाय और 60 अमृत शहर शामिल हैं। परियोजनाओं के जरिये शहरों में घर-घर पेयजल पहुंचाने, सीवरेज व्यवस्था सुधारने, जल स्रोतों के संरक्षण और हरित क्षेत्र बढ़ाने पर जोर है।

अमृत 2.0 योजना वर्ष 2021 से 2026 तक के लिए संचालित है। इसका उद्देश्य शहरी परिवारों को नल से शुद्ध पेयजल, सीवर कनेक्शन और बेहतर पर्यावरणीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। प्रदेश में स्वीकृत परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूरा कराने पर विभाग का जोर है।

प्रदेश में स्वीकृत 637 परियोजनाओं में से 114 पूरी हो चुकी हैं, जबकि 453 परियोजनाओं पर काम चल रहा है। अब तक 612 परियोजनाओं को वित्तीय स्वीकृति मिल चुकी है और 567 परियोजनाओं की निविदाएं स्वीकृत की जा चुकी हैं। इससे परियोजनाओं को धरातल पर उतारने की प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है। योजना में सबसे बड़ा हिस्सा पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने पर खर्च किया जा रहा है। इसके तहत 18,829 करोड़ रुपये की 437 पेयजल परियोजनाएं स्वीकृत हैं। इनका उद्देश्य शहरों में पेयजल आपूर्ति का विस्तार और लोगों को बेहतर जल सुविधा उपलब्ध कराना है। सीवरेज व्यवस्था के लिए 10,124 करोड़ रुपये की 41 परियोजनाएं शामिल हैं। इनके जरिये सीवर नेटवर्क के विस्तार और स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

शहरों में जल संरक्षण और पर्यावरण सुधार को भी योजना में प्रमुखता दी गई है। 403.45 करोड़ रुपये की लागत से 190 सरोवर पुनर्जीवन परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। एक एकड़ से अधिक क्षेत्रफल वाले सरोवरों के पुनर्जीवन के साथ वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण को बढ़ावा देने की योजना है।

### मध्य कमान योग चैंपियनशिप 2026 का समापन

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** मध्य कमान योग चैंपियनशिप 2026 का 25 सितंबर 2026 को 11 गोरखा राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर, लखनऊ में सफलतापूर्वक समापन हुआ। चैंपियनशिप में मध्य कमान की विभिन्न फॉर्मेशनों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शारीरिक दक्षता, संतुलन, लचीलापन, सटीकता एवं अनुशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में पारंपरिक योग, आर्टिस्टिक सिंगल, रिदमिक पेयर, आर्टिस्टिक पेयर, पारंपरिक ग्रुप और आर्टिस्टिक ग्रुप सहित छह स्पर्धाएं आयोजित की गईं। प्रतिभागियों ने अपने कौशल, समन्वय और टीम भावना का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। अग्निवीर कार्तिक शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह चैंपियनशिप भारतीय सेना द्वारा अपने सैनिकों के समग्र शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। योग शारीरिक क्षमता, लचीलापन, एकाग्रता और आंतरिक संतुलन को बढ़ाने के साथ सैनिकों में सहनशक्ति, मानसिक दृढ़ता एवं समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## शिक्षा योगदान पर प्रो. कौशल किशोर शुक्ल को 'सेवा शिखर सम्मान'



समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

भारी बारिश के बीच गोमतीनगर में आयोजित 'सेवा शिखर सम्मान समारोह-2026' में शिक्षाविद् प्रोफेसर कौशल किशोर शुक्ल को शिक्षा जगत में उनके प्रेरक एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए 'सेवा शिखर सम्मान' से सम्मानित किया गया। समारोह का आयोजन खुशी फाउंडेशन एवं दिशा एजूकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाने वाले प्रो. कौशल किशोर शुक्ल के योगदान को रेखांकित करते हुए उन्हें सम्मान प्रदान किया गया। आयोजकों ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है। इस दिशा में प्रो. शुक्ल की सेवाएं विद्यार्थियों के मार्गदर्शन और शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करने में महत्वपूर्ण रही हैं। लखनऊ में दिनभर हुई भारी बारिश के बावजूद समारोह में शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों की उपस्थिति रही। अतिथियों ने कहा कि समाज में शिक्षा, सेवा और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने वाले व्यक्तित्वों का सम्मान नई पीढ़ी को प्रेरणा देता है। सम्मान प्राप्त करने के बाद प्रो. कौशल किशोर शुक्ल ने आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करना उनके लिए केवल दायित्व नहीं, बल्कि समाज के प्रति सेवा का माध्यम है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और संस्कार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए। समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले अन्य लोगों को भी सम्मानित किया गया।

# हड़ताल से पहले बैंक कर्मियों का प्रदर्शन व रैली

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।




केंद्र सरकार बैंक कर्मियों की 5 दिवसीय बैंकिंग व लंबित मांगों को पूरा करने के बजाए उन्हें डराने व धमकाने का प्रयास कर रही है, पर वे सरकार के इन कृत्यों से घबराने वाले नही हैं। सभी बैंककर्मी (75व्र से अधिक जेन जी) अपनी मांगों के पूरा होने तक संघर्ष करने को संकल्पित हैं।

इसी क्रम में बैंक कर्मियों ने आज सायं स्टेट बैंक मुख्य शाखा पर प्रदर्शन किया एवं रैली निकाली, जिसमें बैंककर्मी अत्यंत आक्रोशित नजर आए तथा आर-पार के संघर्ष का एलान कर दिया। बैंक नेताओं (सभी कामरेड) एस के संगतानी और लक्ष्मण सिंह ने कहा कि हमारी एकता और संघर्षशीलता से सरकार बुरी तरह घबराई हुई है और उल्टे सीधे निर्णय ले रही है, यही हमारी जीत की शुरुआत है। संदीप सिंह और वी के माथुर ने कहा कि सरकार बैंक प्रबंधन से अपने ही अधिकारियों, कर्मचारियों को एफआईआर और ट्रांसफर का भय दिखाने का निर्देश दे रही है, जो कि अत्यन्त निंदनीय है। अशोक अग्रवाल और सचिन केशरवानी ने सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों द्वारा किए जा रहे दुष्प्रचार से बैंककर्मियों को सजग रहने को कहा। शकील अहमद, राकेश पाण्डेय और धनंजय सिंह ने बताया कि रिजर्व बैंक तथा अन्य बहुत से विभागों के संघटन भी हमारे संघर्ष को समर्थन और सहयोग दे रहे है। कामरेड आशुतोष वर्मा, तारकेश्वर चौहान, आकाश शर्मा, शिव कुमार सिंह, बृजेश तिवारी ने बताया कि एसबीआई और पीएनबी सहित कई बैंकों के प्रबंधन ने द्विपक्षीय समझौते के प्राविधानों का उल्लंघन करते हुए रविवार 27 को बैंक खोलने का परिपत्र जारी किया है। हम इसका विरोध करते है। स्वाति सिंह, भारती शर्मा, आनंद सिंह, अभिषेक, गौरव, विंध्य विक्रम आदि ने इस तरह के आदेशों का अनुपालन सिरे से ख़ारिज कर दिया। अनिल तिवारी मीडिया प्रभारी ने बताया फोरम द्वारा 28 से 30 सितंबर तक तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल आहूत की गई है तथा मांगे पूरी न होने पर 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल घोषित की गई है।

## 8 सहकारी चीनी मिलों को राष्ट्रीय दक्षता पुरस्कार

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



उत्तर प्रदेश की आठ सहकारी चीनी मिलों को वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए राष्ट्रीय दक्षता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में गन्ना विकास, तकनीकी दक्षता, चीनी परता और वित्तीय प्रबंधन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिलों को पुरस्कार मिले।

वर्ष 2024-25 में नजीबाबाद की दि किसान सहकारी चीनी मिल को समग्र रूप से सर्वश्रेष्ठ सहकारी चीनी मिल का पुरस्कार मिला। सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां को गन्ना विकास, गजरौला मिल को चीनी परता सुधार और बागपत को-ऑपरेटिव शुगर मिल्स को वित्तीय प्रबंधन के लिए सम्मानित किया गया।

वर्ष 2025-26 में मोरना और रमाला सहकारी चीनी मिलों तथा सठियांव चीनी मिल को तकनीकी दक्षता व गन्ना विकास के लिए, जबकि पुवायां चीनी मिल को उत्कृष्ट वित्तीय प्रबंधन के लिए पुरस्कार मिला। प्रदेश के गन्ना एवं चीनी उद्योग से जुड़े अधिकारियों ने इस उपलब्धि पर मिलों के प्रबंधन और कार्मिकों को बधाई दी।

### रॉक आर्ट की डिजिटल मैपिंग, प्राचीन विरासत का होगा संरक्षण

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चट्टानों पर उकेरी गई हजारों साल पुरानी रॉक आर्ट और 15वीं से 19वीं शताब्दी के ऐतिहासिक भित्तिचित्रों का संरक्षण किया जाएगा। इसके लिए इनका डिजिटल रिकॉर्ड और मैपिंग तैयार कराने के साथ वैज्ञानिक तरीके से मौजूदा स्थिति का आकलन किया जाएगा। पहले चरण में चंदौली, सोनभद्र, मीरजापुर समेत आसपास के रॉक आर्ट स्थलों को शामिल करने का प्रस्ताव है। राज्य पुरातत्व निदेशालय और नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र संयुक्त रूप से स्थलों का दस्तावेजीकरण करेंगे। विशेषज्ञों की जांच के आधार पर संरक्षण की जरूरत और तकनीकी कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

**शुभारंभ** | अशोक सिंहल की जन्म शताब्दी में सेवा समरसता व गौ संरक्षण पर वर्ष भर होंगे आयोजन

# अशोक सिंघल जन्म शताब्दी वर्ष का लखनऊ में होगा भव्य शुभारंभ

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



विश्व हिन्दू परिषद ने अशोक सिंघल के जन्म शताब्दी वर्ष को व्यापक सामाजिक एवं राष्ट्रजागरण के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर पूरे वर्ष देशभर में विभिन्न सेवा एवं जनजागरण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में इस वर्ष का औपचारिक शुभारंभ 27 सितंबर 2026 को लखनऊ के गोमती नगर विस्तार स्थित सीएमएस सभागार में आयोजित भव्य कार्यक्रम से होगा। यह जानकारी विश्व हिंदू परिषद अवध प्रांत के अध्यक्ष कन्हैया लाल नगीना ने शुक्रवार को लखनऊ के दारुल सफा स्थित विश्व हिंदू परिषद कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी।उन्होंने बताया किकार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि तथा विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे।

कन्हैया लाल नगीना ने बताया कि अशोक सिंघल के जन्म शताब्दी वर्ष को केवल स्मरण का अवसर न बनाकर उनके विचारों एवं संकल्पों को समाज के बीच कार्यरूप में ले जाने का प्रयास किया जाएगा।

विहिप के प्रांतीय अध्यक्ष ने बताया कि शताब्दी वर्ष के अंतर्गत सेवा कार्यों के विस्तार, वेद विद्यालयों के संरक्षण एवं संवर्धन, सामाजिक समरसता, गौरक्षा, संस्कार निर्माण तथा युवाओं एवं बहनों को आत्मनिर्भर बनाने सहित अनेक क्षेत्रों में वर्षभर कार्यक्रम चलाए जाएंगे। भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृति और सामाजिक जागरण से जुड़े कार्यों को भी व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जाएगा।कन्हैया लाल नगीना ने बताया किविश्व हिन्दू परिषद का प्रयास रहेगा कि जन्म शताब्दी वर्ष के माध्यम से श्रद्धेय अशोक सिंघल जी के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज के प्रत्येक वर्ग को सेवा, संस्कार, संगठन और राष्ट्रहित के कार्यों से जोड़ा जाए। विशेष रूप से युवा शक्ति को भारतीय संस्कृति और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों के लिए जागृत करने तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में विभिन्न योजनाओं को गति दी जाएगी।

विहिप के प्रांत मंत्री देवेंद्र मिश्र ने बताया कि प्रदेश में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम से वर्षभर चलने वाले इन कार्यक्रमों की व्यापक रूपरेखा को गति मिलेगी। इस अवसर पर संतों, सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र के प्रमुख व्यक्तियों, विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता रहेगी।

श्रद्धा से स्मरण, संकल्प से राष्ट्रजागरण– इसी भाव के साथ श्रद्धेय अशोक सिंघल की जन्म शताब्दी को सेवा, संस्कार और सामाजिक जागरण का अवसर बनाने का संकल्प लिया गया है।

## नीब करौरी सर्किट यात्रा पर 30 पर्यटक रवाना

▸ तीन दिवसीय टूर पैकेज की कीमत 8,500 रुपये
▸ आवास, भोजन, गाइड और प्रवेश शुल्क शामिल

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।




विश्व पर्यटन दिवस पर बाबा नीब करौरी से जुड़े प्रमुख आध्यात्मिक स्थलों की यात्रा के लिए 30 सदस्यीय पर्यटक दल शुक्रवार को हनुमान सेतु से रवाना हुआ। यूपीएसटीडीसी की ओर से 'विजिट माई स्टेट' अभियान के तहत आयोजित तीन दिवसीय टूर में पर्यटक 25 से 27 सितंबर तक फर्रुखाबाद, संकिसा, फिरोजाबाद, मथुरा और वृंदावन के प्रमुख स्थलों का भ्रमण करेंगे।

पहले दिन फर्रुखाबाद स्थित बाबा नीब करौरी आश्रम और संकिसा के प्राचीन बौद्ध स्थलों का भ्रमण होगा। दूसरे दिन बाबा की जन्मस्थली अकबरपुर के साथ मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि व द्वारकाधीश मंदिर तथा वृंदावन के प्रेम मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे। अंतिम दिन वृंदावन में समाधि स्थल, बांके बिहारी और इस्कॉन मंदिर का भ्रमण होगा। यूपीएसटीडीसी ने तीन दिवसीय टूर पैकेज की कीमत 8,500 रुपये रखी है। इसमें आवास, भोजन, गाइड और प्रवेश शुल्क शामिल हैं। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य बाबा नीब करौरी से जुड़े कम ज्ञात स्थलों से पर्यटकों को परिचित कराना और प्रदेश की आध्यात्मिक विरासत को बढ़ावा देना है।

# गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ... के लगे जयकारे

▶ सिटी पार्क से गणपति बप्पा को दी विदाई, विधि-विधान के साथ विसर्जन

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

महानगर के मोहल्ला लोदीपुर स्थित सिटी पार्क कालोनी में चल रहे, गणेश उत्सव का धूमधाम से समापन हो गया। विधि विधान से पूजा अर्चना कर बप्पा को गाजे बाजे के साथ कालोनीवासियों ने विदाई दी। सभी कालोनीवासियों में अपार उत्साह और श्रद्धा देखने को मिली। शोभायात्रा में शामिल श्रध्दालुओं ने भगवान श्री गणेश जी से प्रार्थना है कि वे समस्त क्षेत्रवासियों पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखें, सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, बुद्धि और खुशहाली प्रदान करें। बप्पा को विसर्जन के लिए हनुमतधाम पर ले जाया गया। जहां पूजा आरती कर भक्तों ने गणेशजी की प्रतिमा को जल में विसर्जित कर उनको विदाई दी। इस अवसर पर गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जय-जयकार लगे। इस दौरान अक्षय पाण्डेय, अमृता पाण्डेय, सुरेश मिश्रा, राजेश मिश्रा, अनुमेघा, अक्षिता, प्रमोद, कविता, शिवानी, दीपांजलि, शिवा, अंजु गुप्ता, राजू, रूपा, शालिनी, रेनू, राकेश, प्रिंशी, सीमा, इला,कमलेश, पवन, कल्पना, सुनीता, मीनू,पूजा, अर्चना, सोनम,अशोक, संतोष, सुमन, मंजू आदि श्रध्दालु शामिल हुए।



## अनोखी पहल: 6 वर्ष की मीरक शाह ने खुद बनाई गणेश प्रतिमा



**शाहजहांपुर।** गणेश उत्सव के दौरान श्रद्धालु भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर विधि-विधान से प्रतिमा का विसर्जन कर रहे हैं। इसी क्रम में महानगर में छह वर्षीय छात्र मीरक शाह ने अपनी अनोखी पहल से लोगों का ध्यान आकर्षित किया। फर्स्ट क्लास के छात्र मीरक ने अपने हाथों से किले के श्री गणेश भगवान की प्रतिमा तैयार की। इसके बाद उन्होंने श्रद्धा और भक्ति के साथ प्रतिमा की पूजा-अर्चना की और विधिवत विसर्जन किया। मीरक की इस पहल को देखकर आसपास के लोगों ने उसकी सराहना की और इसे बच्चों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्कारों को बढ़ावा देने वाला प्रयास बताया। मीरक शाह ने परिवार के सदस्यों और मोहल्लेवासियों की मौजूदगी में गणेश भगवान की पूजा की। पूजा-अर्चना के बाद प्रतिमा को श्रद्धापूर्वक विसर्जित किया गया। इस दौरान परिवार के लोगों के साथ बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी भी मौजूद रहे। मीरक के पिता शिक्षक एवं पत्रकार रोहित बीएसए ने बताया कि बच्चों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक आयोजनों से जोड़ने के उद्देश्य से उसे स्वयं गणेश प्रतिमा तैयार करने के लिए प्रेरित किया गया। मीरक की मां एडवोकेट पूजा सक्सेना, दादी सुषमा सक्सेना , बुआ मंजू सक्सेना सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने भी पूजा-अर्चना में भाग लिया। छोटी उम्र में मीरक द्वारा की गई इस पहल की मौजूद लोगों ने सराहना की और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सफाई के दौरान महिला को सर्प ने डसा इलाज के लिए ले जाते समय मौत

▶ भर्री बसन्तपुर गांव की घटना, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**खुदागंज शाहजहांपुर।** थाना खुदागंज क्षेत्र के ग्राम भर्री बसन्तपुर में गुरुवार को एक महिला की सर्पदंश से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। बताया गया कि गांव निवासी सुनीता देवी (51) पत्नी बादाम सिंह गुरुवार दोपहर करीब एक बजे घर में साफ-सफाई कर रही थीं। इसी दौरान उन्हें सर्प ने डस लिया। परिजन उन्हें उपचार के लिए ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर थाना खुदागंज पुलिस मौके पर पहुंची। उपनिरीक्षक घनश्याम बहादुर पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए शाहजहांपुर की मोर्चरी भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार मामले में किसी के खिलाफ शिकायत नहीं है। मौके पर कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य बताई गई है।

## खबरें एक नजर में

### सिंधौली सीएचसी में मनाया गया विश्व फार्मासिस्ट दिवस



**शाहजहांपुर।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंधौली में धूमधाम से मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. मोहम्मद आसिफ व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा.जफर सैफी ने फार्मासिस्ट दिवस पर अपना संबोधन दिया। उन्होंने बताया कि समाज में फार्मासिस्ट का अहम रोल होता है, फार्मासिस्ट की पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स को मन, लगन के साथ पढ़ना चाहिए। वर्ष 2026 की थीम स्वस्थ भविष्य के लिए फार्मासिस्टों को सशक्त बनानापर प्रकाश डाला गया।कार्यक्रम संचालन फार्मासिस्ट संदेश गुप्ता, फार्मासिस्ट मोहम्मद अली ने किया। कार्यक्रम में अस्पताल के डॉक्टर व कर्मचारी शामिल हुए। इस दौरान कार्यक्रम में ट्रेनी फार्मासिस्ट यास्मीन,मून शुक्ला, शेखर, आकाश, सोमेश, नफीस, आदिल, अभिषेक, सोनेन्द्र, गौरव, आयुष, अशुल, जोगेन्द्र, जितेंद्र ने तालियों से सभी का स्वागत किया।

### श्रीराम कथा: श्री रामजन्मोत्सव प्रसंग सुन भक्त हुए भावविभोर



**शाहजहांपुर।** पुवायां क्षेत्र के गांव डूडा मुकीमपुर स्थित श्री बिलहा बाबा स्थान पर चल रही, सात दिवसीय श्रीराम कथा में कथा व्यास स्वामी संत शरण त्रिपाठी अयोध्या धाम ने भगवान श्रीराम जन्म का प्रसंग सुनाया। जिसको सुनकर भक्त भावविभोर हो गये, पंडाल जय श्री राम की गूंज से गूंजायमान हो उठा। भक्तों ने पुष्प वर्षा कर भगवान के आगमन पर खुशियां मनाई। कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्रीराम का जन्म संसार के कल्याण के लिए हुआ था। वो मर्यादा पुरुषोत्तम राम ऐसे ही नहीं कहलाते है। उन्होंने लोगों को सत्य की राह पर चलने की सीख दी। भगवान श्री राम का नाम प्राणी के लिए कल्याण के होता है। कथा व्यास बोले कि हर व्यक्ति को अपने जीवन के कुछ क्षण को भगवान जी के श्रीचरणों में समर्पित करने चहिए। कथा का आयोजन 22 सितंबर से 28 सितंबर किया जा रहा है। कथा रोजाना दोपहर 1 से 4 बजे तथा रात 8 बजे से 11 बजे तक होती है। कथा में आशीष मिश्रा, अम्बरीष मिश्रा समेत अन्य ग्रामवासी, क्षेत्रवासियों की मौजूदगी रही।

### बाजार गई दो नाबालिग बेटियां लापता होने की रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहांपुर।** घर से बाजार सामान लेने जाने की कहकर निकलीं गई दो नाबालिग किशोरियो के लापता हो जाने की पीड़ित मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला नजर पुर निवासी निशात अंजुम पत्नी मो. सुहेल ने पुलिस को बताया कि बीती 22 सितंबर की शाम करीब पांच बजे उसकी 17 वर्षीय बेटी फिरदौस जहाँ व 15 वर्षीय सायका परवीन बाजार से सामान लेने मेन मार्केट कहकर गयी थी । देर शाम तक जब घर बापस नहीं लौटीं, तो परिजनों ने उन्हें तलाशना शुरू किया । रिश्तेदारियों में खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा । हार थक कर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई । पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरियों की तलाश शुरू कर दी है। उधर एक ग्रामीण ने बीती दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि बीती 18 सितंबर को उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी घर में अकेली थी। जिसे गांव गोपालपुर नगरिया निवासी अंकित, नरेश, कमलेश व हरिओम वहला फुसलाकर भगा ले गए। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई है।

## पीएम श्री विद्यालय में मीना के जन्मदिन पर तिथि भोज का आयोजन



**पुवायां, शाहजहांपुर।** पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पुवायां प्रथम में बुधवार को मीना के जन्मदिवस के अवसर पर तिथि भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार शुक्ला व समाजसेवी पूरन मिश्रा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। विद्यालय के सभी बच्चों ने तिथि भोज ग्रहण किया। इस अवसर पर एआरपी रजनीश बाजपेई, शुभम तिवारी, जितेन्द्र गुप्ता, आशुतोष शुक्ला, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# अवैध मिट्टी खनन, तेज आवाज और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के रात भर फर्राटा भरने की एसडीएम से शिकायत

▶ बसपा नेता अशोक कुमार परिवर्तन ने दर्जन भर लोगों के साथ सौंपा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज़, तिलहर - शाहजहांपुर।**

अवैध मिट्टी खनन कर ओवरलोड़ ट्रैक्टर ट्रॉलियां अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण के साथ ग्रामीण व नगर की घनी आबादी वाले क्षेत्र से गुजरने से जन समस्या उत्पन्न होने का हवाला देते हुए बसपा नेता अशोक कुमार परिवर्तन ने एसडीएम को नौ सूत्रीय ज्ञापन सौंप कर जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। श्री परिवर्तन ने एसडीएम ट्रेनी आईएएस आदित्य श्रीवास्तव को दिए ज्ञापन मे बताया कि नगर के मोहल्ला निजामगंज, विरियागंज, अग्रवाल धर्मशाला एवं गुनगुन मैरिज हॉल से ग्राम गैसरा-शिवदासपुर मार्ग की ओर रात्रि के समय मिट्टी की खुदाई/खनन एवं मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का रात्रि के समय



बड़ी संख्या में काफिले के रूप में अत्यधिक तीव्र गति तथा अत्यधिक तेज डीजे/साउंड सिस्टम के साथ आवागमन किया जा रहा है। जिसके कारण उत्पन्न भीषण ध्वनि प्रदूषण से वाशिंदों की रात्रि की नींद बुरी तरह प्रभावित हो रही है। लोग रात में बार-बार नींद से जागकर उठकर बैठने को मजबूर हो रहे हैं। बुजुर्गों, हृदय रोग पीड़ित मरीजों, बच्चों तथा अन्य संवेदनशील नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं भारी एवं ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के लगातार आवागमन से सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से सड़क पर बड़ी मात्रा में मिट्टी गिरती रहती है, जिससे मार्ग पर आवागमन करने वाले राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों एवं स्थानीय नागरिकों को परेशानी के साथ-साथ दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है। ज्ञापन में मिट्टी खनन/खुदाई के संबंध में अनुमतिपट्टा/परमिट की जांच कराई जाने, अवधि, स्थान, खसरा संख्या तथा स्वीकृत मिट्टी की मात्रा की घन मीटर में जांच कराई जाने, खनन वाहन अनुमति, साउंड तथा रात्रि में खनन अनुमति की जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने बालों में अशोक कुमार, ओमवीर सिह, नामित सभासद आशीष शर्मा, वीरेंद्र पाल सिंह गुर्जर, राम शुसील प्रजापति, अरविंद, प्रधुम्न यादव बब्लू, वीरपाल सिंह, विपिन कुमार सिंह, राजकुमार कठेरिया, राजकुमार कुमार, अभिषेक शर्मा प्रमुख रूप से शामिल रहे । एसडीएम ने उक्त मामले को गम्भीरता से लेते हुए राजस्व टीम को जांच के निर्देश दिए हैं।

# श्रमिक स्वास्थ्य शिविर में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को मेसर्स केआर पेपर मिल्स लिमिटेड, पिपरौला में श्रमिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि ददरौल विधायक अरविंद सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। शिविर में केआर पेपर मिल सहित आसपास की औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत श्रमिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विधायक अरविंद सिंह ने डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों और सेवा संकल्प अभियान की जानकारी दी। उन्होंने प्रदेश सरकार की विभिन्न विकासपरक योजनाओं से श्रमिकों को अवगत कराया। साथ ही क्षेत्र के विकास में उद्योगों की भूमिका पर जोर



देते हुए अपने कार्यकाल में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान विधायक ने श्रम विभाग की मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना तथा कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए। शिविर में वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज, चिकित्सा विभाग शाहजहांपुर और ईएसआईसी के चिकित्सकों ने श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सकों ने बीपी, शुगर, ईसीजी, नेत्र, दंत, ईएनटी और ऑर्थोपेडिक समेत विभिन्न स्वास्थ्य जांच निःशुल्क कीं। कार्यक्रम में सहायक श्रम आयुक्त केके गुप्ता, श्रम प्रवर्तन अधिकारी राजेश सिंह व नागेंद्र त्रिपाठी, केआर पेपर मिल के डायरेक्टर राजगोपाल अग्रवाल, अतुल गुप्ता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# सुबह तड़के शुरू हुई बारिश दिनभर झमाझम बरसे बादल


**खुदागंज शाहजहांपुर।** शुक्रवार सुबह तड़के अचानक शुरू हुई बारिश का सिलसिला पूरे दिन जारी रहा। सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे और कुछ ही देर बाद तेज बारिश शुरू हो गई। इसके बाद रुक-रुककर होती रही बारिश ने पूरे इलाके को भिगो दिया। दिनभर झमाझम बारिश होने से मौसम पूरी तरह बदल गया और तापमान में भी गिरावट महसूस की गई।

लगातार बारिश के कारण सड़कों पर जगह-जगह पानी दिखाई दिया, जिससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। बाजारों में भी सामान्य दिनों की अपेक्षा लोगों की आवाजाही कम नजर आई। वहीं, बारिश के चलते मौसम सुहाना होने से लोगों को उमस



और गर्मी से राहत मिली। ग्रामीण इलाकों में हुई बारिश को खेती-किसानी के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। खेतों में नमी बढ़ने से किसानों को राहत मिली है। हालांकि, लगातार बारिश के कारण निचले स्थानों पर जलभराव की स्थिति बनने की संभावना भी बनी हुई है। देर शाम तक आसमान में बादल छाए रहे और बारिश का मौसम बना रहा।

## ई-रिक्शा चोरी की वारदातों का खुलासा आरोपी गिरफ्तार



**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना पुवायां पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी के दो ई-रिक्शा बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की। ई-रिक्शा चोरी के मामलों में थाना पुवायां में अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए थे। इनमें पीड़ितों को बंधक बनाकर ई-रिक्शा जबरन ले जाने के

▶ दो चोरी के ई-रिक्शा बरामद, आरोपी गया जेल

आरोप भी शामिल थे। विवेचना के दौरान प्रकाश में आए आरोपी अजीत कश्यप पुत्र सत्यपाल कश्यप, निवासी सरोवर नगर, थाना तिलहर, को पुलिस ने शुक्रवार को करीब 4:01 बजे धारा पुल के नीचे से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे और उसकी निशानदेही पर मुकदमा संख्या 579/26 में चोरी गया एक ई-रिक्शा तथा मुकदमा संख्या 578/26 में चोरी गया एक अन्य ई-रिक्शा बरामद किया। इस तरह कुल दो चोरी के ई-रिक्शा बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ थाना पुवायां में मुकदमा संख्या 578/26 और 579/26 में धारा 307, 317(2) बीएनएस तथा मुकदमा संख्या 505/26 में धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामले दर्ज हैं। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक श्यामवीर सिंह, उपनिरीक्षक संजीव कुमार, कांस्टेबल शिवकुमार, सुधीर और अनुज शर्मा शामिल रहे।

# ईरान को हराकर विश्व चैंपियन बनीं बेटी खुशी फतेहगंज से आगरौली तक निकली विजय यात्रा

▶ इस्तांबुल में जीता गोल्ड, जगह-जगह हुआ स्वागत, बेटियों के लिए बनी प्रेरणा

**समृद्धि न्यूज, जैतीपुर, शाहजहांपुर।**

विश्व ग्रैपलिंग कुश्ती चैंपियनशिप में ईरान की पहलवान को हराकर भारत के लिए गोल्ड मेडल जीतने वाली जिले की बेटी खुशी चौधरी का वतन वापसी पर भव्य स्वागत किया गया, इस्तांबुल में आयोजित चैंपियनशिप के फाइनल में खुशी ने ईरान की मजबूत पहलवान को पटखनी देकर तिरंगा लहराया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया जिससे पूरे जिले में खुशी की लहर दौड़ गई, पिता रामफल चौधरी ने बताया कि विजय यात्रा फतेहगंज पूर्वी से शुरू होकर आगरौली नवादा मोड़ तक निकाली गई, यात्रा सुबह साढ़े दस बजे नेशनल हाईवे स्थित हनुमान जी की मूर्ति के पास से प्रारंभ हुई और दोपहर साढ़े बारह बजे नवादा मोड़ पर मुख्य स्वागत समारोह में पहुंची जहां सैकड़ों खेल प्रेमी,



ग्रामीण और परिजन मौजूद रहे, कोच राजेश सरोहा के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने बेटी को बधाई दी, फतेहगंज में चेयरमैन संजय पाठक ने स्वागत किया जबकि नवादा मोड़ पर मीरानपुर कटरा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व पूर्व विधायक राजेश यादव और सौरभ सिंह सहित अन्य लोगों ने खुशी को माला पहनाकर सम्मानित किया, लोगों ने कहा कि खुशी ने कम उम्र में ही भी प्रेरणा स्रोत बनेगा कि वे भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़कर देश का नाम रोशन कर सकती हैं।

# विद्यालय में गूंजा 'वन्दे मातरम्', सामूहिक गायन से राष्ट्रभक्ति का संचार

**समृद्धि न्यूज, परशुरामपुरी, शाहजहांपुर।**

सरस्वती शिशु मंदिर परशुरामपुरी में शुक्रवार को 'वन्दे मातरम् सामूहिक गायन कार्यक्रम' का आयोजन उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों, आचार्यों एवं अभिभावकों ने एक साथ 'वन्दे मातरम्' का सामूहिक गायन किया। राष्ट्रगीत की गूंज से पूरा विद्यालय परिसर राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय चेतना के भाव से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता, देश के प्रति सम्मान और नागरिक कर्तव्यों की भावना को मजबूत करना रहा। सामूहिक गायन के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह दिखाई दिया और उन्होंने अनुशासन के साथ



कार्यक्रम में सहभागिता की। मुख्य वक्ता वीरेंद्र मिश्र ने विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध कराते हुए देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और राष्ट्र के प्रति समर्पण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में बचपन से ही राष्ट्रप्रेम और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री परशुराम मंदिर के महंत सत्यदेव पांडेय ने की। इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक अनिल भारद्वाज, कोषाध्यक्ष सर्वेश दीक्षित एवं प्रधानाचार्य सतीश दीक्षित सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे। व्यवस्थापक अनिल भारद्वाज ने कार्यक्रम में अभिभावकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल अग्निहोत्री ने किया। सामूहिक गायन के दौरान विद्यालय परिसर में गूंजता 'वन्दे मातरम्' विद्यार्थियों और उपस्थित अभिभावकों में राष्ट्रभक्ति एवं एकता का संदेश देता नजर आया।

## महिला थाने की काउंसलिंग से चार दंपतियों में सुलह, घर लौटे

**शाहजहांपुर।** महिला थाना पुलिस की प्रभावी काउंसलिंग से टूटते चार परिवार फिर जुड़ गए। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गुरुवार को छह पत्रावलियों पर सुनवाई हुई, जिसमें चार दंपतियों में आपसी समझौता कराकर सकुशल विदा किया गया। पुलिस के अनुसार सभी मामलों में ससुराल पक्ष पर मारपीट, गाली-गलौज व धमकी के आरोप थे। दोनों पक्षों को थाने बुलाकर वार्ता व काउंसलिंग कराई गई, जिसके बाद सभी ने साथ रहने पर सहमति जताई। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक रश्मि अग्निहोत्री, लोकेश सिंह, सुषमा देवी समेत महिला पुलिस कर्मी मौजूद रहीं।

# शाहजहांपुर के शिक्षक शरद को मिला राष्ट्रीय विशिष्ट शिक्षक सम्मान

▶ सिंधौली के प्रा. विद्यालय कठवा के शिक्षक का चयन, जिले का बढ़ाया मान

**समृद्धि न्यूज, शााहजहांपुर।**

विकास खंड सिंधौली के प्राथमिक विद्यालय कठवा के सहायक अध्यापक शरद कुमार सिंह को प्रतिष्ठित रामपाल सिंह मेमोरियल विशिष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया है। बांदा जिले के जसईपुर गांव में आयोजित सम्मान समारोह में देशभर से चयनित 12 शिक्षकों को यह सम्मान दिया गया। फाउंडेशन द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से पूरे देश से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसमें झारखंड, महाराष्ट्र, केरल,



आंध्र प्रदेश समेत उत्तर प्रदेश से शरद कुमार सिंह का चयन उनके नवाचारी कार्य के लिए किया गया।शरद सिंह को यह सम्मान कोविड काल में विद्यालय में शुरू किए गए मधुमक्खी पालन प्रोजेक्ट के लिए दिया गया। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से उन्होंने बच्चों को मधुमक्खी के जीवन चक्र, पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता में उसके योगदान को प्रयोग के द्वारा समझाया। साथ ही विद्यालय की आय बढ़ाई और ग्रामीणों को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया। विद्यालय में उत्पादित शहद को उन्होंने बेसिक हनी ब्रांड नाम दिया है। इस कार्य के लिए उन्हें डायट शाहजहाँपुर में आयोजित वोकल फॉर लोकल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भी मिल चुका है। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह, विधायक विशम्भर यादव, पूर्व मंत्री विशम्भर निषाद व ट्रस्ट के महासचिव प्रेम कुमार सिंह ने अंगवस्त्र, प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# जमीन की फर्जी वसीयत कर बेचने वाला 79 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज़, शाहजहांपुर।**

थाना सदर बाजार पुलिस ने जमीन धोखाधड़ी के मामले में लंबे समय से वांछित चल रहे 79 वर्षीय अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध नियंत्रण व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। 11 अप्रैल 2026 को एक महिला ने तहरीर देकर बताया था कि राजेन्द्र कुमार सहित चार लोगों ने प्रतिरूपण कर फर्जी व कूटरचित दस्तावेज तैयार किए और जमीन की धोखाधड़ी से वसीयत कराकर उसे बेच दिया। तहरीर के आधार पर थाना सदर बाजार में मु0अ0सं0 131/26 धारा



319(2)/318(4)/ 338/ 336(3)/340(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। तभी से आरोपी फरार चल रहा था। गुरुवार 25 सितंबर को थाना सदर बाजार पुलिस टीम वांछित अभियुक्तों की तलाश में क्षेत्र में मामूर थी। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली कि मुकदमे से संबंधित एक वांछित अभियुक्त लोधी पुल के पास खड़ा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राजेन्द्र कुमार पुत्र श्यामलाल, निवासी ग्राम रौसर कोठी, थाना रामचंद्र मिशन, उम्र करीब 79 वर्ष बताया। पुलिस ने उसे सुबह करीब 11:35 बजे नियमानुसार हिरासत में लेकर उसके विरुद्ध दर्ज मुकदमे से अवगत कराया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक सचिन भारती व आरक्षी हरकेश सिंह शामिल रहे। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार के नेतृत्व में की गई।

# सौगातः 13.64 करोड़ से बनेगा चार मंजिला आधुनिक जिपं भवन

- पुराने भवन की जगह बनेगी आधुनिक इमारत, करीब एक साल में होगा निर्माण
- सेठ इन्क्लेव स्थित किराए की बिल्डिंग में संचालित होगा जिला पंचायत कार्यालय

प्रभाकर मिश्रा





**शाहजहांपुर।** ब्रिटिश हुकूमत में बना जिला पंचायत भवन की जगह जिले को आधुनिक सुविधाओं से लैस नया जिला पंचायत भवन मिलने जा रहा है। करीब 13 करोड़ 64 लाख 84 हजार रुपये की लागत से चार मंजिला आधुनिक भवन का निर्माण कराया जाएगा। शासन से निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है। नए भवन का निर्माण कार्य आरईसी कार्यदायी संस्था द्वारा कराया जाएगा। निर्माण पूरा होने में करीब एक साल का समय लगने की उम्मीद जिपं से जुड़े अधिकारी बता रहे हैं। नए जिला पंचायत भवन के निर्माण को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने एक अप्रैल को भूमि पूजन किया था। इसके बाद शासन से स्वीकृति मिलने पर निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ी। नया भवन करीब एक हजार गज क्षेत्रफल में बनाया जाएगा। इसमें जिला पंचायत अध्यक्ष, अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आधुनिक कार्यालयों की व्यवस्था होगी। भवन को मौजूदा जरूरतों के अनुसार तैयार किया जाएगा, जिससे जिला पंचायत से जुड़े कामकाज के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

### चौथी मंजिल पर बनेगा वीआईपी गेस्ट हाउस

नये बनने जा रहे, नवीन जिल पंचायत भवन में ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग की व्यवस्था होगी। प्रथम तल पर करीब 150 लोगों के बैठने की क्षमता वाला आधुनिक मीटिंग हॉल और स्टाफ हॉल बनाया जाएगा। यहां जिला पंचायत से संबंधित बैठकें और अन्य जरूरी कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे। द्वितीय और तृतीय तल पर अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए कार्यालय तथा स्टाफ हॉल बनाए जाएंगे।वही भवन की चौथी मंजिल पर तीन सूट वाला वीआईपी गेस्ट हाउस बनाया जाएगा। इसके अलावा चार मंजिला भवन में आने-जाने के लिए लिफ्ट की सुविधा भी रहेगी। इस तरह नए भवन में कार्यालय के साथ बैठक, पार्किंग और अतिथि सुविधा से संबंधित व्यवस्थाएं भी उपलब्ध होंगी। बता दें कि यह पहला जिला पंचायत भवन होगा, जोकि प्रदेश में आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा और जनपद की शान होगा।

> करीब 1000 गज क्षेत्रफल में बनने वाला चार मंजिला जिला पंचायत भवन पुराने भवन की जगह लेगा। इसमें पार्किंग, आधुनिक मीटिंग हॉल, कार्यालय, स्टाफ हॉल, लिफ्ट और वीआईपी गेस्ट हाउस जैसी सुविधाएं होंगी। फिलहाल नए भवन के निर्माण से पहले कार्यालय को सेठ इन्क्लेव की एक बिल्डिंग में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया चल रही है। सामान की शिफ्टिंग शुरू हो चुकी है और इसी महीने कार्यालय को वहां संचालित करने की तैयारी है।
>
> –महावीर सिंह यादव, अपर मुख्य अधिकारी जिपं

### अस्थायी रूप से सेठ इन्क्लेव में शिफ्ट होगा दफ्तर

जिला पंचायत के नए भवन का निर्माण शुरू होने के बाद मौजूदा जिला पंचायत कार्यालय को अस्थायी रूप से सेठ इन्क्लेव में एक किराए की बिल्डिंग में शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए भवन तय कर लिया गया है और कार्यालय में रखा सामान भी वहां ले जाया जाने लगा है। इसी महीने जिला पंचायत कार्यालय को सेठ इन्क्लेव में शिफ्ट करने की तैयारी है। नए भवन का निर्माण पूरा होने तक जिला पंचायत कार्यालय वहीं से संचालित होगा। कार्यालय की शिफ्टिंग के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष, अधिकारी और कर्मचारी सेठ इन्क्लेव की बिल्डिंग से ही अपना कामकाज करेंगे। जिला पंचायत से संबंधित जरूरी प्रशासनिक और कार्यालयी कार्य भी इसी अस्थायी कार्यालय से संचालित किए जाएंगे। इससे नए भवन के निर्माण के दौरान कार्यालय का कामकाज जारी रहेगा और लोगों को भी जिला पंचायत से संबंधित कार्यों के लिए इसी अस्थायी कार्यालय में जाना होगा।

## परशुरामपुरी के प्राचीन शंकर मंदिर में जीर्णोद्धार को लेकर विवाद, पुजारी को धमकी

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** परशुरामपुरी स्थित ऐतिहासिक प्राचीन शंकर महाराज मंदिर में चल रहे जीर्णोद्धार कार्य को लेकर विवाद गहरा गया है। मंदिर के पुजारी ने दबंग पर जमीन पर कब्जे की कोशिश और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुजारी गौरीशंकर त्रिवेदी शास्त्री ने समाधान दिवस में जिलाधिकारी व एसडीएम जलालाबाद को शिकायती पत्र देकर बताया कि वर्ष 1968 से स्थापित यह मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र है। मंदिर परिसर में जलभराव व आवारा पशुओं की समस्या को

- श्रद्धालुओं ने कार्रवाई की मांग की

देखते हुए भक्तों के सहयोग से बाउंड्रीवॉल व सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। आरोप है कि स्थानीय निवासी एक युवक मंदिर की जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं और निर्माण में बाधा डाल रहे हैं। 18 सितंबर को संध्या आरती के दौरान आरोपी ने परिसर में पहुंचकर अभद्रता की और काम न रोकने पर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के बाद प्रशासन हरकत में आया। एसडीएम के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर निर्देश दिए कि जब तक मामले का समाधान नहीं हो जाता, मंदिर के कार्यों में कोई बाधा न डाली जाए। पुजारी ने बताया कि उनके पिता ने पूरा जीवन मंदिर सेवा में गुजारा है और उनके निधन के बाद पिछले चार वर्षों से वह स्वयं सेवा कर रहे हैं। वहीं श्रद्धालुओं ने निर्माण कार्य निर्बाध रूप से पूरा कराने और धमकी देने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### रेडक्रॉस ने लिया आयुर्वेद को घर-घर पहुंचाने का संकल्प



**शाहजहांपु।** 11वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के तहत इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा सप्ताहभर चल रहे जनजागरूकता अभियान के तीसरे दिन गुरुवार को बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में हुई बैठक में तय किया गया कि आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने और शासन की आयुर्वेदिक स्वास्थ्य योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इस दौरान चिकित्सकों ने भगवान धन्वंतरि व महर्षि चरक को साक्षी मानकर आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया। रेडक्रॉस सचिव डॉ. विजय जौहरी ने बताया कि राजभवन लखनऊ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में हुई बैठक में विद्यालयों में सप्ताह में एक बार योगाभ्यास कराने की अपेक्षा की गई थी। रेडक्रॉस जिला प्रशासन के सहयोग से योग व आयुर्वेद को स्कूल स्तर तक पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद दिवस केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि घर-घर आयुर्वेद, जन-जन स्वास्थ्य का व्यापक अभियान है। इस मौके पर डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. राजेंद्र कुशवाहा, डॉ. एसपी कौशल समेत कई चिकित्सक व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### मोबाइल दुकान में लगी आग, लाखों रुपये का माल जलकर राख

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** कटरा नेशनल हाईवे के समीप स्थित मुशर्रफ़ खान की पुलिया मार्ग पर स्थित मोबाइल की दुकान में गुरुवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग से दुकान में रखा पुराने स्मार्ट मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स, एसेसरीज समेत कई लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने का सही कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। मोहल्ला रामनगर कॉलोनी निवासी दुकान स्वामी गौरव सिंह ने बताया कि वह रोज की तरह गुरुवार रात करीब नौ बजे नेशनल हाईवे किनारे सब्जी मंडी रोड स्थित अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। करीब साढ़े नौ बजे उन्हें दुकान में आग लगने की सूचना मिली। उन्होंने तत्काल पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस एवं अग्निशमन विभाग की टीम फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जल चुका था। आग की लपटें देखकर आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। दुकान स्वामी के अनुसार आग से कई लाख रुपये का इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो गया है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है, जबकि आग लगने के वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही चल सकेगा।

### चार घंटे से बिजली गुल, मोहल्लें में छाया अंधेरा

**लखीमपुर-खीरी।** शहर के नंबर एक पावर हाउस से जुड़े कई मोहल्लों में शुक्रवार शाम करीब चार घंटे से बिजली आपूर्ति ठप होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई। लंबे समय तक बिजली न आने से घरों में अंधेरा छा गया। वहीं, जरूरी कामकाज भी प्रभावित हुए। उपभोक्ताओं का कहना है कि बारिश के मौसम में लगातार बिजली कटौती से दिक्कत और बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, क्षेत्र में आए दिन फाल्ट और घंटों बिजली कटौती की समस्या सामने आ रही है। आरोप है कि नए जेई के आने के बाद से विद्युत व्यवस्था पहले की अपेक्षा अधिक प्रभावित हुई है। बार-बार बिजली गुल होने से लोगों में नाराजगी है। उनका कहना है कि शिकायत के बावजूद समस्या का समय से समाधान नहीं हो पा रहा है। बारिश के दौरान अंधेरा होने से घरों के आसपास जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा भी बढ़ जाता है। लोगों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द आपूर्ति बहाल कराने और बार-बार होने वाले फाल्ट की स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की है।

### मकान में शॉर्ट सर्किट से लाखों का सामान राख



**पीलीभीत।** जनपद के थाना जहानाबाद क्षेत्र के गांव परेवा वैश्य में बृहस्पतिवार देर रात करीब एक बजे शॉर्ट सर्किट से एक मकान में अचानक आग भड़क उठी। उस समय परिवार के सदस्य मकान की दूसरी मंजिल पर सो रहे थे। नीचे से धुआं उठता देख मरहूम मुन्ने अंसारी के बड़े बेटे अनस अंसारी की नजर पड़ी तो वह आनन-फानन में नीचे पहुंचे। वहां आग तेजी से फैल रही थी। आग की लपटें देखकर अनस ने शोर मचाया। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों ने काफी प्रयास के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। तब तक मकान के निचले हिस्से में रखा काफी सामान आग की भेंट चढ़ चुका था।अग्निकांड में घर के नीचे खड़ी स्प्लेंडर और होंडा शाइन बाइक भी जलकर क्षतिग्रस्त हो गईं। इसके अलावा वाशिंग मशीन, इन्वर्टर-बैटरी, जनरेटर, कपड़े और अन्य घरेलू सामान भी आग में जलकर राख हो गया। आग की भयावहता देखकर परिवार के लोगों में अफरा-तफरी मच गई।?परिजनों के अनुसार कुछ ही देर में आग ने इतना विकराल रूप ले लिया था कि घर का काफी सामान बचाने का मौका नहीं मिला। आग बुझने के बाद जब नुकसान का जायजा लिया गया तो परिवार के सामने भारी आर्थिक क्षति का मंजर था। परिजनों ने बताया कि अग्निकांड में लाखों रुपये का सामान नष्ट हो गया है। गनीमत रही कि आग की जानकारी समय रहते हो गई और परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बाहर निकल आए। यदि आग का पता देर से चलता तो हादसा और गंभीर हो सकता था। फिलहाल घटना के बाद परिवार सदमे में है और जले हुए सामान के कारण उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

## आरएमएल ग्रुप में हर्षोल्लास से मना विश्व फार्मासिस्ट दिवस



**शाहजहांपुर।** आरएमएल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के तत्वावधान में आरएमएल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस में विश्व फार्मासिस्ट दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीएम वित्त अरविंद कुमार, डीआई शिवेन्द्र प्रताप सिंह और औषधि निरीक्षक बरेली-पीलीभीत उर्मिला वर्मा रहे। ग्रुप चेयरमैन वर्षा गोस्वामी व नगर पालिका परिषद पुवायां के चेयरमैन संजय गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान प्रधानाचार्य डॉ. नीरज कुमार व एचओडी डॉ. राजीव कुमार ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। आरएमएल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस की प्रधानाचार्या प्रो. डॉ. एस. सथिया प्रीथी भी मौजूद रहीं। छात्रों ने वृक्षारोपण व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अतिथियों ने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और दवाओं के सुरक्षित उपयोग में उनकी भूमिका अहम है।ि़क्रम के अंत में विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

# बीती रात से लगातार हो रही बारिश से धान उर्द, तिल, मूंग आदि की फसलें हो रहीं खराब

- तैयार फसलें नष्ट होते देख किसान बेहद दुखी, कैसे होगी रबी फसलों की बुवाई ?

**समृद्धि न्यूज, मिर्ज़ापुर (शाहजहांपुर)।**



क्षेत्र में बीती रात से तेज हवा के साथ हो रही लगातार बारिश से तापमान में आई गिरावट से नवंबर दिसंबर की ठंड के मौसम का अहसास होने लगा है। लगातार बारिश से सर्वाधिक नुकसान तैयार धान,उर्द,तिल,मूंग आदि फसलों को हो रहा है। जिससे किसान बेहद दुखी है। गंगा - रामगंगा नदियों में पिछले एक माह से भी अधिक समय तक चली बाढ़ में अधिकांश खरीफ फसलें डूबकर नष्ट हो गईं। अब बाढ़ से बची खुची फसलें लगातार बारिश और छुट्टा पशुओं और बंदरों के नष्ट करने से किसानों का खेती से मोहभंग हो रहा है। जिससे युवा किसान खेती करना छोड़कर परदेश में मेहनत मजदूरी करने को वरीयता दे रहे हैं। बाढ़ और बारिश रूपी दैवीय आपदा से हर साल तैयार फसलें नष्ट होने से किसान बेहद परेशान हैं। तैयार फसलों के नष्ट हो जाने से क्षेत्र के युवा किसान खेती करना छोड़कर दिल्ली, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान आदि प्रांतों में मजदूरी करने को पलायन कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि खेती करना अब पूरी तरह घाटे का सौदा हो गई है। कस्बे के उन्नतशील किसान प्रेमशंकर पांडेय का कहना है कि इस बारिश में सबसे अधिक नुकसान ÷ताज÷ धान और उर्द,तिल,मूंग का हुआ है। ताज धान अधिक बढ़ने और बाली में वजन अधिक होने से हवा और बारिश में जमीन पर गिरकर बिछ गया है। जिससे यदि बारिश बंद भी हो जाए तो पैदावार आधी रह जाएगी। इसी तरह कस्बे के मोहल्ला कुतुलूपुर निवासी उन्नतशील किसान नूर मोहम्मद का कहना है कि 22 बीघा धान खेत में कटा पड़ा हुआ है। ऐसी बारिश में कटा हुआ धान खेत में ही सड़ जाएगा। जिससे लागत और मेहनत सब पानी में बह जाएगी। उर्द,तिल और मूंग की फसलें भी खेतों में ही गिरकर नष्ट हो रहीं हैं। जिससे किसानों के सामने रबी फसल की भी बुवाई में भी बड़ा आर्थिक संकट होगा।

# पहली बार धौरहरा सीएचसी में ऑपरेशन से गूंजी किलकारी, अब खीरी की सभी तहसीलों में सिजेरियन प्रसव की सुविधा शुरू

- सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग में जुड़ी एक और बड़ी उपलब्धि

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**

जिले के स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार 24 सितंबर को एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार गुप्ता के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) धौरहरा में पहला सिजेरियन (ऑपरेशन) प्रसव सफलतापूर्वक हुआ। इस सफलता के साथ ही जनपद की सभी तहसीलों में अब सिजेरियन प्रसव की सुविधा उपलब्ध हो गई है, जो मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक बड़ा कदम है। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि गुरुवार को सीएचसी धौरहरा में राम नगर लहाबड़ी निवासी जासमीन पत्नी रविउल्ला का सफल सिजेरियन (ऑपरेशन) किया गया। ऑपरेशन के बाद महिला ने



एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया है।

**जिले की छह सीएचसी भी बनीं प्रथम संदर्भन इकाईः** सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर चिकित्सा पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। जनपद में अब सात प्रथम संदर्भन इकाइयां सक्रिय हो गई हैं। जिला महिला चिकित्सालय के साथ ही सीएचसी गोला, पलिया, मोहम्मदी और मितौली व निघासन में यह सुविधा पहले से थी। गुरुवार को धौरहरा सीएचसी के इस सूची में शामिल होने से जिले के हर तहसील स्तर पर गर्भवती माताओं के लिए ऑपरेशन की सुविधा सुनिश्चित हो गई है। सीएचसी निघासन और सीएचसी धौरहरा में अभी इलेक्टिव सिजेरियन की सुविधा ही उपलब्ध है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. रवि कुमार सिंह के प्रयासों से शुरू हुई इस सुविधा के पहले ऑपरेशन को विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक टीम ने अंजाम दिया। इस ऑपरेशन में सर्जन डॉ. नमरा मुईद, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. शिव पूजन अवस्थी, डॉ. संतोष निराला तथा बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. फरहान हाशमी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। टीम के साथ फार्मासिस्ट नवीन वर्मा, स्टाफ नर्स रजनी वी. नायर, आरती देवी और सहयोगी राजवीर ने भी अपना पूर्ण योगदान दिया।

**क्षेत्रवासियों को मिलेगी बड़ी राहतः** डॉ. रवि कुमार सिंह ने बताया कि अब सीएचसी धौरहरा में सिजेरियन ऑपरेशन की सुविधा नियमित रूप से उपलब्ध रहेगी। पिछले तीन दशकों से इस क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान किसी भी जटिलता की स्थिति में दूर के अस्पतालों या निजी नर्सिंग होम पर निर्भर रहना पड़ता था।

# इंटरनेशनल ट्रेड शोः शाहजहांपुर की लौंज फैला रही मिठास

- ओडीओसी में लौंज-गुड़ व ओडीओपी में जरी-जरीदोजी का लगा स्टाल

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में शाहजहांपुर की मिठाई ने भी जगह बनाई है। जनपद की लकी स्वीट्स मिठाई लौंज व गुड़ इस ट्रेड शो में शामिल है। ओडीओसी योजना के जरिए पहली बार शाहजहांपुर से बाहर निकली लकी लौंज ट्रेड शो में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। लौंज-गुड़ का स्टाल जिला उद्योग केंद्र से जुड़ी लकी देवी ने लगाया है। वही ओडीओपी में जनपद की पहचान जरी-जरीदोजी का भी स्टाल कुमकुम पाण्डेय ने लगाया है। ट्रैड शो में उपायुक्त कार्यालय से सहायक आयुक्त उद्योग विनय कुमार राघव, सीएम युवा फेलो भारत सिंह व रणधीर सिंह भी हिस्सा ले रहे हैं। बता दें कि ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के चौथे संस्करण का शुभारंभ हो गया है। 25 से 29 सितंबर तक चलने वाले 4 दिवसीय आयोजन का उद्घाटन गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया है। ट्रेड शो में एमएसएमई, हस्तशिल्प, खेती, डिफेंस, ईवी और आईटी सेक्टर एक ही मंच पर नजर आएंगे। 2,400 प्लस प्रदर्शकों, 85 देशों के इंटरनेशनल खरीदारों और ओडीओपी उत्पादों के साथ यह आयोजन यूपी के कारोबार और निवेश को नई दिशा देने वाला होगा।

## परशुरामपुरी में धूमधाम से निकली श्री गणेश विसर्जन यात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत



**परशुरामपुरी, शाहजहांपुर।** नगर में गणपति बप्पा पूजा पंडाल के तत्वावधान में श्री गणेश विसर्जन यात्रा अत्यंत उत्साह और धूमधाम के साथ निकाली गई। इस दौरान पूरे नगर का वातावरण गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा और पूरा माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। यात्रा जैसे ही नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी, जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर इसका जोरदार स्वागत किया। इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।।प्रमुख स्वागतकर्ताओं में भाजपा नेता मनमोहन द्विवेदी, गोपाल सभासद, आकाश गुप्ता, शिववीर सिंह चौहान, लालू गुप्ता, आयुष गुप्ता, विपिन सहित हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। सभी ने भगवान गणेश से नगर और क्षेत्र में सुख-समृद्धि, शांति तथा खुशहाली की कामना की। विसर्जन यात्रा के दौरान भक्तों में विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिली, जो आपसी सौहार्द और सांस्कृतिक एकता का अनूठा उदाहरण साबित हुई।

# लखनऊ महारैली में लखीमपुर के सैकड़ों शिक्षक-कर्मचारियों ने लिया हिस्सा

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**




अटेवा के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर शुक्रवार, 25 सितंबर 2026 को लखनऊ में आयोजित महारैली में लखीमपुर खीरी जनपद से सैकड़ों शिक्षक एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। जिला संयोजक विश्वनाथ मौर्य एवं प्रदेश संगठन मंत्री संदीप वर्मा के नेतृत्व में जनपद के विभिन्न विकासखंडों से शिक्षक एवं कर्मचारी लखनऊ पहुंचे और महारैली में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इस अवसर पर अटेवा पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षक एवं कर्मचारी अपने सेवानिवृत्ति एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़े अधिकारों को लेकर लंबे समय से अपनी आवाज उठाते रहे हैं। महारैली के माध्यम से संगठन ने अपनी मांगों को प्रदेश स्तर पर मजबूती से रखने का प्रयास किया। जिला संयोजक विश्वनाथ मौर्य ने कहा कि लखीमपुर खीरी से बड़ी संख्या में शिक्षक-कर्मचारियों की सहभागिता संगठन के प्रति उनके विश्वास और एकजुटता को दर्शाती है। उन्होंने महारैली में शामिल सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। प्रदेश संगठन मंत्री संदीप वर्मा ने कहा कि शिक्षक एवं कर्मचारी संगठित होकर अपनी मांगों को लोकतांत्रिक तरीके से सरकार एवं शासन के समक्ष रखते रहेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन के आगामी कार्यक्रमों में भी लखीमपुर खीरी की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। महारैली में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए शिक्षक एवं कर्मचारियों ने एकजुट होकर अपनी मांगों के समर्थन में सहभागिता की।

## भुज-बरौनी के बीच चलेगी नई अमृत भारत एक्सप्रेस

**लखीमपुर खीरी।** रेलवे ने गुजरात के भुज से बिहार के बरौनी के बीच नई त्रि-साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस चलाने को मंजूरी दी है, 2,532 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली ट्रेन गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार को जोड़ेगी, ट्रेन का ठहराव लखीमपुर में भी होगा, गाड़ी संख्या 19427 भुज से सोमवार, बुधवार और शनिवार को शाम 5ः30 बजे चलेगी और बरौनी सुबह 4ः05 बजे पहुंचेगी, वापसी में गाड़ी संख्या 19428 बरौनी से मंगलवार, गुरुवार और शनिवार रात 11ः55 बजे चलेगी और भुज दोपहर 1ः15 बजे पहुंचेगी, मार्ग में अहमदाबाद, रतलाम, कोटा, मथुरा, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर, गोंडा, गोरखपुर, सिवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफफरपुर और समस्तीपुर सहित प्रमुख स्टेशन शामिल हैं।

### सूचना

मैंने अपने पुत्र सुमित का चाल चलन ठीक न होने पर अपनी चल अचल संपति से बेदखल कर सम्वन्ध विच्छेद कर लिया है। वह भविष्य में अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। **मोहन पुत्र राम सहाय निवासी मो. अजीजगंज थाना कोतवाली जिला शाहजहांपुर।**

### सूचना

मैं, जिसे अब तक किशमिश बेगम पत्नी नियाज अहमद के नाम से जाना जाता था और जो मोहल्ला बंगशान, कस्बा व पोस्ट - मीरानपुर कटरा, तहसील तिलहर, ज़िला शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश - 242301 की निवासी हूँ, ने अपना नाम बदल लिया है और अब से मुझे ज़ैबुन निशा के नाम से जाना जाएगा। (किशमिश बेगम)

# जन्मदिन पर वृद्धजनों के बीच पहुंचे बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज

- वृद्धाश्रम में बुजुर्गों से लिया आशीर्वाद, फल मिष्ठान्न व वस्त्र बांटे
- पौधरोपण कर दिया सेवा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।**



128 विधानसभा बरखेड़ा से विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने अपने जन्मदिवस को सेवा और सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों के साथ आत्मीय समय बिताया। उन्होंने वृद्धजनों का कुशलक्षेम जाना और उनके बीच बैठकर बातचीत की। बुजुर्गों का स्नेह और आशीर्वाद पाकर उन्होंने इसे अपने जीवन के लिए विशेष अनुभूति बताया। जन्मदिवस के अवसर पर स्वामी प्रवक्तानंद ने वृद्धजनों को फल, मिष्ठान्न और वस्त्र वितरित किए। सामग्री पाकर बुजुर्गों के चेहरों पर आई मुस्कान ने पूरे माहौल को भावुक बना दिया। विधायक ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा और उनका आशीर्वाद किसी भी व्यक्ति के लिए अमूल्य धरोहर है। उनके साथ बिताया गया समय और उनके स्नेह से मिले आशीर्वाद को उन्होंने अपने जन्मदिन का सबसे बड़ा उपहार बताया। जन्मदिवस को यादगार बनाने के लिए स्वामी प्रवक्तानंद ने वृद्धाश्रम परिसर में पौधरोपण भी किया। उन्होंने कहा कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। जन्मदिन जैसे अवसरों पर पौधरोपण कर आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली और स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया जा सकता है।

**मुख्यमंत्री समेत जनप्रतिनिधियों ने दी शुभकामनाएंः** स्वामी प्रवक्तानंद महाराज के जन्मदिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, सांसदों और विभिन्न विधायकों सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। पीलीभीत नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य सहित पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने भी उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए दीर्घायु और निरंतर जनसेवा की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि जन्मदिन मेरे लिए केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपने दायित्व को और मजबूती से निभाने का दिन है। वृद्धजनों के बीच पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जानना और उनका आशीर्वाद प्राप्त करना मेरे लिए अत्यंत सौभाग्य की बात है। बुजुर्ग हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनका अनुभव और आशीर्वाद जीवन को सही दिशा देने की शक्ति रखता है।आज वृद्धजनों के चेहरों पर जो मुस्कान देखने को मिली और जिस आत्मीयता से उन्होंने आशीर्वाद दिया, वही मेरे जन्मदिन का सबसे बड़ा उपहार है। मेरा प्रयास रहेगा कि समाज के जरूरतमंद और बुजुर्ग लोगों की सेवा के लिए निरंतर कार्य करता रहूं।

# नवागत जिलाधिकारी से मिलीं डॉ. आस्था अग्रवाल, सभासदों संग किया स्वागत

- नपा अध्यक्ष ने सभासदगणों के साथ की शिष्टाचार भेंट



**पीलीभीत।** नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने सभासदगणों के साथ नवागत जिलाधिकारी आलोक कुमार से शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान नगर पालिका की ओर से जिलाधिकारी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। भेंट के दौरान नगर के विकास और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर सौहार्दपूर्ण माहौल में चर्चा हुई। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने नवागत जिलाधिकारी को जिले की जिम्मेदारी संभालने पर शुभकामनाएं देते हुए नगर के विकास कार्यों में प्रशासन के सहयोग की अपेक्षा जताई। उन्होंने कहा कि नगर के विकास, नागरिक सुविधाओं और जनहित से जुड़े कार्यों को बेहतर समन्वय के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रशासन और नगर पालिका के बीच सहयोग आवश्यक है। सभासदगणों ने भी जिलाधिकारी का स्वागत करते हुए जनसमस्याओं के प्रभावी समाधान की उम्मीद जताई।

## लोकतंत्र की नियत और नियति

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की चुनावी व्यवस्था आज राजनीतिक सवालों के घेरे में है। चुनाव में मिली हार को चुनावी तंत्र की खोट बताने की कोशिशें संसद से सड़क तक दिखाई दे रही हैं। सवाल यह है कि जिस चुनाव आयोग ने आजादी के बाद बेहद कठिन परिस्थितियों में चुनावी लोकतंत्र की मजबूत नींव रखी, उसकी विश्वसनीयता पर उठ रहे सवालों को किस कसौटी पर परखा जाए?

चुनाव आयोग का गठन 25 जनवरी 1950 को हुआ। संविधान के अनुच्छेद 324 से 329 तक चुनाव प्रक्रिया की संवैधानिक व्यवस्था तय की गई। आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी मिली। 1989 तक आयोग एक सदस्यीय था। इसके बाद यह तीन सदस्यीय संस्था बना। संविधान और जनप्रतिनिधित्व कानून चुनाव व्यवस्था के प्रमुख आधार हैं। आज जिस चुनावी व्यवस्था को सहज माना जाता है, उसकी शुरुआत बेहद कठिन परिस्थितियों में हुई। 1952 के पहले आम चुनाव में करीब 17 करोड़ मतदाता थे। देश में न पर्याप्त सड़कें थीं, न संचार के आधुनिक साधन। मतदाता सूची तैयार करना, मतदान केंद्र बनाना, मतपत्र छापना और मतदान कर्मियों को दूर-दराज के इलाकों तक पहुंचाना अपने आप में बड़ी चुनौती थी। अक्टूबर 1951 से मार्च 1952 तक चले पहले आम चुनाव में 489 लोकसभा सीटों के लिए मतदान हुआ। करीब 45 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। रेगिस्तान से पहाड़ और आदिवासी क्षेत्रों से समुद्री इलाकों तक मतदाता मतदान केंद्रों तक पहुंचे। कहीं नाव का सहारा लिया गया तो कहीं बैलगाड़ी और पैदल यात्रा करनी पड़ी। दुनिया के लिए यह लोकतांत्रिक प्रयोग था, लेकिन भारत ने इसे सफल बनाकर दिखाया। इसके बाद चुनाव व्यवस्था लगातार बदलती गई। मतदाता सूची का विस्तार हुआ। पहचान पत्र की व्यवस्था आई। मतदान की उम्र 21 से घटाकर 18 वर्ष की गई। इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों का इस्तेमाल शुरू हुआ और बाद में वीवीपैट जुड़ा। परिसीमन के जरिए निर्वाचन क्षेत्रों का स्वरूप भी बदला। बैलेट के दौर में बूथ कब्जे, बाहुबल और मतपत्रों में गड़बड़ी जैसी शिकायतें भी सामने आती रहीं। तकनीक के विस्तार से इन चुनौतियों का स्वरूप बदला, लेकिन चुनावी विवाद पूरी तरह खत्म नहीं हुए। अलग-अलग दौर में चुनाव आयुक्तों की कार्यशैली पर राजनीतिक दलों ने सवाल उठाए हैं। कुछ आयुक्तों की निष्पक्षता और चुनाव प्रबंधन की प्रशंसा हुई तो कुछ के फैसले विवादों में रहे।

सेवानिवृत्ति के बाद कुछ पूर्व चुनाव आयुक्तों के राजनीति या सरकारी पदों से जुड़ने पर भी बहस हुई। इससे चुनाव आयोग की संस्थागत विश्वसनीयता और उसकी स्वतंत्रता को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। लेकिन सवाल उठाना और आरोप को प्रमाण मान लेना दो अलग बातें हैं। चुनावी प्रक्रिया पर गंभीर आरोप हों तो उनके साथ ठोस प्रमाण भी होने चाहिए। लोकतंत्र में असहमति का अधिकार है, लेकिन संस्थाओं की विश्वसनीयता को चुनौती देते समय तथ्य और प्रमाण की कसौटी भी जरूरी है। चुनाव लोकतंत्र में केवल जीत-हार का माध्यम नहीं है। यह जनता के फैसले को स्वीकार करने की प्रक्रिया भी है। किसी दल को चुनाव परिणाम पर आपत्ति हो तो उसके पास संवैधानिक और कानूनी रास्ते खुले हैं। मतदाता सूची पर सवाल हो तो तथ्य सामने रखे जा सकते हैं। निर्वाचन प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप हो तो न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जा सकता है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 240 और कांग्रेस को 99 सीटें मिलीं। यह चुनाव आयोग के आधिकारिक परिणाम हैं। इन परिणामों की राजनीतिक व्याख्या अलग-अलग दल अपने दृष्टिकोण से कर सकते हैं। लेकिन परिणाम को स्वीकार करना लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल भावना है। 1952 में मतदाता मीलों चलकर मतदान केंद्र तक पहुंचा था। आज वही मतदाता ईवीएम और वीवीपैट के सामने खड़ा होता है। तब संसाधनों की कमी थी, आज तकनीक की भरमार है। तब मतदाता की संख्या करीब 17 करोड़ थी, आज यह कई गुना बढ़ चुकी है। चुनाव का आकार और चुनौती दोनों बढ़े हैं।

इसके बावजूद लोकतंत्र का मूल तत्व नहीं बदला—मतदाता का विश्वास। चुनाव आयोग की विश्वसनीयता सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। आयोग को पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम करना चाहिए। विपक्ष को भी गंभीर आरोपों के साथ प्रमाण प्रस्तुत करने चाहिए। लोकतंत्र में असहमति जरूरी है, लेकिन असहमति का अर्थ संस्थाओं के प्रति अविश्वास फैलाना नहीं हो सकता। जनादेश किसी दल की स्थायी जागीर नहीं। आज की जीत कल हार में बदल सकती है और आज की हार कल जीत में। लोकतंत्र की शक्ति इसी परिवर्तन में है। इसलिए चुनाव परिणाम को स्वीकार करना, कमियों पर सवाल उठाना और सुधार की मांग करना—तीनों साथ चल सकते हैं। लोकतंत्र की असली कसौटी चुनाव जीतना नहीं, जनादेश और संस्थाओं पर विश्वास बनाए रखना है।

## दो टूक




# चुनाव आयोग पर उठते सवाल और लोकतंत्र की कसौटी


डॉ. अरविंद नाथ तिवारी

भारत में चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता का सबसे महत्वपूर्ण आधार हैं। इसलिए जब निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्था के कामकाज पर सवाल उठते हैं तो उसका राजनीतिक विवाद बनना स्वाभाविक है। सितंबर 2026 में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और निर्वाचन आयोग के दो अन्य आयुक्तों के बीच कथित मतभेदों की खबरों ने इसी बहस को तेज कर दिया है। एक अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले करीब दस महीनों में आयोग के कुछ निर्णयों पर कम-से-कम 14 बार आपत्तियां दर्ज कीं, इनमें मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर और मतदाता डाटा के केंद्रीकरण जैसे विषय शामिल बताए गए हैं। दूसरी ओर चुनाव आयोग ने कहा है कि आंतरिक विमर्श में अलग-अलग राय आना सामान्य प्रक्रिया है और एसआईआर सहित आयोग के अंतिम निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए।




यहीं से राजनीतिक सवाल पैदा होता है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इन रिपोर्टों को अपने पुराने 'वोट चोरी' के आरोपों से जोड़ते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता प्रभावित हुई है और ज्ञानेश कुमार को पद छोड़कर कथित गड़बड़ियों की जानकारी सामने लानी चाहिए। ये राहुल गांधी और विपक्ष के राजनीतिक आरोप हैं; इन्हें अभी स्थापित तथ्य के रूप में नहीं देखा जा सकता। निश्चित रूप से यह ऐसा विषय है जिसकी स्वतंत्र और पारदर्शी जांच होनी चाहिए। तीन सदस्यीय आयोग में दो सदस्यों द्वारा बार-बार लिखित आपत्ति दर्ज किए जाने की खबर को केवल राजनीतिक बयान कहकर खारिज करना भी उचित नहीं होगा लेकिन दूसरी ओर, आंतरिक असहमति अपने-आप में चुनावी धांधली या 'वोट चोरी' का प्रमाण भी नहीं है। आयोग का कहना है कि अंतिम निर्णय सर्वसम्मति से हुए। इसलिए असली सवाल यह होना चाहिए कि उन आपत्तियों का विषय क्या था, निर्णय लेने की प्रक्रिया क्या रही और क्या उससे किसी पात्र मतदाता का अधिकार प्रभावित हुआ। राहुल गांधी ने एंटी-इनकंबेंसी समाप्त होने पर भी सवाल उठाया है। लेकिन चुनावी राजनीति में किसी सरकार की लगातार जीत या हार को केवल चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली से जोड़ना राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों की जटिलता को सरल बना देना होगा।

मसलन, 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में भाजपा को केवल एक सीट मिली, जबकि अलग-अलग दलों ने शेष सीटें जीतीं। इसी तरह 2026 के कर्नाटक उपचुनावों में कांग्रेस ने बागलकोट और दावणगेरे दक्षिण सीटें जीतीं। इससे कम-से-कम इतना स्पष्ट है कि अलग-अलग राज्यों में मतदाताओं का व्यवहार एक जैसा नहीं है। इसलिए 'यदि चुनाव में गड़बड़ी है तो अमुक राज्य में विपक्ष क्यों जीता'- यह सवाल राजनीतिक बहस में उठाया जा सकता है लेकिन इससे अकेले किसी आरोप का खंडन या प्रमाण नहीं होता। चुनाव की निष्पक्षता का परीक्षण दस्तावेजों, मतदाता सूची, मतदान प्रक्रिया, बूथ स्तर के आंकड़ों और कानूनी जांच से होना चाहिए।

**क्या मुख्य चुनाव आयुक्त का इस्तीफा मांगना उचित है?-** यह प्रश्न भी संविधान और कानून के दायरे में देखा जाना चाहिए। मुख्य चुनाव आयुक्त कोई सामान्य सरकारी अधिकारी नहीं हैं। चुनाव आयोग संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत स्थापित संवैधानिक संस्था है और मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की प्रक्रिया सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश जैसी संवैधानिक सुरक्षा से जुड़ी है। इसलिए किसी राजनीतिक दल या सांगठनिक संगठन द्वारा इस्तीफे की मांग करना अभिव्यक्ति और लोकतांत्रिक विरोध का हिस्सा हो सकता है लेकिन केवल राजनीतिक दबाव के आधार पर संवैधानिक पदाधिकारी को हटाना अलग विषय है। आरोपों की गंभीरता का परीक्षण संसद, न्यायपालिका और निर्धारित संवैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से होना चाहिए।

**क्या आंदोलन अराजकता पैदा कर सकता है?:-** लोकतंत्र में आंदोलन स्वयं अराजकता नहीं है। शांतिपूर्ण प्रदर्शन, जनसभा, धरना और सरकार या संवैधानिक संस्थाओं से जवाब मांगना लोकतांत्रिक अधिकारों का हिस्सा हैं। लेकिन किसी भी आंदोलन की वैधता उसकी शांतिपूर्ण प्रकृति और कानून के पालन से जुड़ी होती है। यदि विरोध हिंसा, सरकारी संपत्ति को नुकसान, जबरन बंद या नागरिकों के अधिकारों के उल्लंघन में बदलता है तो स्थिति अलग होगी।

**क्या लोकतंत्र खतरे में है?:-** लोकतंत्र की सुरक्षा किसी एक दल या व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं है। चुनाव आयोग, राजनीतिक दल, न्यायपालिका, संसद, मीडिया और नागरिक समाज-सभी की भूमिका है। चुनाव आयोग से पारदर्शिता की मांग उतना ही आवश्यक है जितना बिना प्रमाण गंभीर आरोपों को अंतिम सत्य मानने से बचना। आज आवश्यकता 'कौन सही और कौन गलत' घोषित करने से अधिक सवालों के दस्तावेजी जवाब पाने की है। यदि मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोप हैं तो आंकड़े सार्वजनिक हों। यदि आयोग के भीतर असहमति हुई है तो उसके रिकॉर्ड और कानूनी आधार स्पष्ट हों। यदि एसआईआर से पात्र मतदाता प्रभावित हुए हैं तो शिकायत और अपील की प्रक्रिया पारदर्शी हो और यदि आरोप निराधार हैं तो चुनाव आयोग को भी तथ्यों के साथ उनका खंडन करना चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती न तो केवल सत्ता पक्ष की जीत से सिद्ध होती है और न विपक्ष के आरोपों से लोकतंत्र समाप्त मान लिया जा सकता है। लोकतंत्र तब मजबूत होता है जब मतदाता का विश्वास, चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और संवैधानिक संस्थाओं की जवाबदेही- तीनों साथ दिखाई दें, यही मौजूदा विवाद की सबसे बड़ी कसौटी है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# मजहबी असहिष्णुता का राग

प्रमोद भार्गव

देश के दस साल उपराष्ट्रपति रहे हामिद अंसारी ने एक बार फिर ऐसा कटुता भरा बयान दिया है, जो समरसतावादी हिंदू धर्मालंबियों के लिए आघात देने वाला है। संविधान विशेषज्ञ और लेखक एजी नूरानी की ही 2019 में छपी पुस्तक द आरएसएसः ए मीनेस टू इंडिया का हवाला देते हुए अंसारी ने बताया कि जवाहरलाल नेहरू ने चिंता जताई थी कि भारत के लिए साम्यवाद की बजाय हिंदू दक्षिणपंथी सांप्रदायिकता एक बड़ा खतरा है। नूरानी पर केंद्रित इस व्यख्यान में अंसारी ने नागरिक राष्ट्रवाद के स्थान पर सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के उभार पर भी चिंता जताते हुए कहा कि ऐसी प्रवृत्तियां चुनावी बहुमत को धार्मिक बहुमत के रूप में पेश कर सकती हैं और नागरिकों को धर्म के आधार पर अलग कर सकती है।

अंसारी ने इस तरह का बयान पहली बार नहीं दिया है, वह देश से लेकर विदेश तक हिंदू-मुस्लिमों के बीच अलगाववाद के बयान देकर उसे उभारने का निरंतर काम कर रहे हैं। उनका कभी भी दोनों संप्रदायों के बीच एकता बढ़ाने वाला भाव देखने में नहीं आया है। जबकि वह बहुसंख्यक हिंदू समाज ही है, जिसने सामाजिक विविधता का ध्यान रखते हुए उनके दस साल के उपराष्ट्रपति पद पर रहने के दौरान कभी अस्वीकार्यता नहीं जताई।

इसके पहले अंसारी ने अमेरिका की धरती से भी जिस असहिष्णुता के बढ़ने का राग अलापा था, वह उनकी छद्म् धर्मनिरपेक्षता के साथ भारत विरोधी सोच को भी उजागार करता है। यह सोच और इस तरह के बयान शर्मनाक हैं। यह बयान भी उन्होंने अमेरिका में आयोजित उस संस्था इंडियन-अमेरिकन मुस्लिम आउंसिल के कार्यक्रम में दिया, जिस पर भारत में दंगे कराने और पाकिस्तानी गुप्तचर संस्था आईएसआई के इशारे पर सांप्रदायिक मजहबी अजेंडा आगे बढ़ाने के आरोप हैं।

अंसारी की गिनती अब उन पूर्वाग्रही बौद्धिकों में होती है, जिनका धर्मनिरपेक्षता से कोई सरोकार नहीं है। कई देशों में भारतीय राजदूत रहने के बावजूद उनकी संकीर्ण सोच और धार्मिक कट्टरता बार-बार सामने आती रही है। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में देश विभाजन के जिम्मेदार जिन्ना की तस्वीर हटाने के विवाद में हस्तक्षेप कर यह कहकर बचाव किया था कि यदि कोलकाता में विक्टोरिया मेमोरियल हो सकता है, तब एएमयू में जिन्ना की तस्वीर पर ऐतराज क्यों? वे कोरोना महामारी के संदर्भ में तब्लीगियों और सांप्रदायिक दंगों के लिए कुख्यात पीएफआई का भी बचाव कर चुके हैं। केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार को अंसारी आक्रामक राष्ट्रवाद का प्रतीक बताते हुए कह रहे हैं कि भारत में धार्मिक बहुमत वाली आबादी को राजनीति में एकाधिकार दे दिया गया है और इस आधार पर धार्मिक असहिष्णुता को बढ़ावा दिया जा रहा है। देश के शीर्ष संवैधानिक पदों पर बैठ चुके ऐसे व्यक्ति से यह उम्मीद बेमानी है कि उन्होंने दायित्व निर्वहन के दौरान अपनी कार्य-संस्कृति में धर्मनिरपेक्ष मूल्यों का ईमानदारी से निर्वहन किया होगा? गौरतलब है कि मोदी संविधान आधारित लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया का पालन कर तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं।

हमारे यहां वैचारिक पूर्वाग्रह इतने मजबूत हैं कि इनकी जड़ता किसी भिन्न वैचारिकता को उभरने का अवसर मिलते ही अकसर कुंद और संकीर्ण हो जाती है। अतएव कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद अपनी किताब सनराइज ओवरः नेशनहुड इन अवर टाइम्स में हिंदुत्व की तुलना क्रूरतम आतंकी संगठन बोको हरम और आईएसआईएस से करके अपनी अंदरूनी मजहबी कट्टरता को फैलाने में कोई संकोच नहीं करते। इसी क्रम में आग में घी डालने का काम राशिद अल्वी ने भी किया था। उन्होंने कहा कि जय श्रीराम का नारा लगाने वाले सब मुनि नहीं घोर निशाचर होते हैं। हिंदुत्व को गलत तरीके से परोसने वाले यही नेता तब मौन रहते हैं, जब इंदिरा गांधी की हत्या के बाद तीन हजार सिखों की हत्या कर दी जाती है और 90 के दशक में पांच लाख से भी ज्यादा हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन मतावलंबियों को रातों-रात कश्मीर में मस्जिदों से यह ऐलान कर कि पंडित अपनी बहु-बेटियों को छोड़कर चले जाएं खदेड़ दिया जाता है। ये लोग कश्मीर के इस्लामीकरण और केरल एवं पूर्वोत्तर राज्यों के ईसाईकरण पर मौन रहते हैं। अंसारी समेत ये सब वे चुके हुए नेता हैं, जो अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए अलगाववादी अजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं। कमोबेश यही रवैया तथाकथित मार्क्सवादी बुद्धिजीवियों का है। दरअसल, सत्ता परिवर्तन और राष्ट्रवादी विचारधारा की देश की बहुसंख्यक आबादी में बढ़ती स्वीकार्यता से ये लोग बौराकर वैचारिक ध्रुवीकरण की ओर देश को धकेल रहे हैं। हालांकि अब धार्मिक बहुमत देने वाली आबादी को राजनीति में एकाधिकार देने वाले नरेंद्र मोदी, भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ इतना आगे निकल चुके हैं कि उन्हें एकाएक सांप्रदायिक, तानाशाह अथवा फासिस्ट कहकर खारिज करना आसान नहीं है। उन्हें असहिष्णु, आततायी और मुस्लिम विरोधी घोषित करने की प्रतियोगिताएं बुद्धिजीवी तबकों में जितनी हुई हैं, उत्तरोत्तर उनकी स्वीकार्यता उतनी बढ़ती जा रही है क्योंकि इन्हें नकारने की कोशिशें एकपक्षीय रही हैं। यही लोग कांग्रेस, तृणमूल, समाजवादी पार्टी के अनर्गल और धर्मनिरपेक्षता विरोधी मंसूबों पर होठ सिल लेते हैं। इसी का परिणाम है कि पश्चिम बंगाल में इकतरफा मुस्लिम वोटबैंक के बूते राज करने वाली ममता बनर्जी का भाजपा ने सूपड़ा साफ कर दिया।

दरअसल, संप्रदाय बनाम धार्मिक उन्माद की चिंताएं अपनी जगह एक मर्तबा जायज हो सकती हैं लेकिन बौद्धिक निष्पक्षता समाज में तभी प्रभावी दिखाई देगी, जब अंसारी जैसे उपराष्ट्रपति रह चुके लोग सांप्रदायिक वैमनस्यता से जुड़े प्रत्येक घटनाक्रम से मुठभेड़ करते दिखाई दें। यह नहीं कि धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक व्यवस्था में हिंदू सांप्रदायिकता की काट मुस्लिम सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने अथवा उसे संरक्षण देने में देखी जाए? हमारा संविधान तो वैसे भी केवल हिंदुओं को संरक्षण देने का अधिकार नहीं देता। वह सभी धर्मावलंबियों को आजीविका व प्रगति के समान अवसर देता है। चार पायों पर टिका भारतीय लोकतंत्र इतना मजबूत है कि यहां कोई भी अलोकतांत्रिक नेता या दल लंबे समय तक शासन व्यवस्था में टिका नहीं रह सकता। इंदिरा गांधी द्वारा थोपा गया आपातकाल कितने दिन टिक पाया? लिहाजा राजनीतिक दलों और मीडिया ने भले दलीय प्रणाली को व्यक्ति केंद्रित आयाम दिया हो, किंतु उनकी स्थिरता तभी कायम रह सकती है जब वे सामाजिक सरोकारों और नागरिक हितों से निरंतर जुड़े रहें।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

## कोरस


बिंदेश कुमार झा

### कलयुग में जीवन

हृदय में स्वाभिमान हो
भ्रमित अभिमान नहीं,
गुमनाम जीवन ही हो भले
दाग दामन पहचान नहीं ।

हो भले दो ही रोटी
किसे कि आंसू से न सिकी
खूब भले छोटी ही झोपड़ी
किसी के एहसान पर ना टिकी की

हो यदि तन पर मेंले वस्त्र
पर किसी के न खून से रंगी
चिथरे भी कोट से बेहतर होंगे
जब आत्माएं परमात्मा से मिलेंगी

कलयुग तो बाहर है
जीवन तो अंतर्मन में है
बनो आधुनिक आधा नहीं
प्रेम जन जन में है



# पितृपक्ष : श्रद्धा, तर्पण और पितृऋण से जुड़ी सनातन परंपरा

उदय कुमार सिंह

भारतीय सनातन परंपरा में पितरों का विशेष स्थान माना गया है और पितृपक्ष पूर्वजों के स्मरण, उनके प्रति कृतज्ञता और पितृऋण से उऋण होने की भावना का विशेष काल माना गया है। इस दौरान लोग अपने दिवंगत परिजनों के निमित्त श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान करते हैं। ब्राह्मण भोजन, दक्षिणा तथा जीव-जंतुओं को अन्न देने की भी परंपरा है। धार्मिक मान्यता है कि श्रद्धा और विधि-विधान के साथ किया गया श्राद्ध पितरों की तृप्ति और उनके आशीर्वाद का माध्यम बनता है। शास्त्रीय परंपरा में कहा गया है श्रद्धया इदं श्राद्धम्, अर्थात श्रद्धा से पितरों के निमित्त किया गया कर्म ही श्राद्ध है। पितृपक्ष का मूल भाव इसी श्रद्धा में निहित है। यह केवल कर्मकांड का समय नहीं, बल्कि अपनी जड़ों, पूर्वजों और पारिवारिक संस्कारों को स्मरण करने का अवसर भी है।

**पितृपक्ष में क्यों किया जाता है श्राद्ध?:** हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पितृपक्ष में पितरों का विशेष स्मरण किया जाता है। इस अवधि में पूर्वजों के निमित्त जल अर्पित करने, तिलांजलि देने और पिंडदान करने की परंपरा है। मान्यता है कि श्रद्धापूर्वक किए गए इन कर्मों से पितरों को तृप्ति और शांति मिलती है तथा परिवार को उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है। शास्त्रों में पितरों के लिए श्रद्धा और उचित विधि से कर्म करने पर विशेष जोर दिया गया है। इसी भाव को इस उक्ति में व्यक्त किया गया है पितरो वाक्यमिच्छन्ति भावमिच्छन्ति देवताः अर्थात देवताओं के लिए भाव और पितरों के लिए श्रद्धापूर्वक किया गया कर्म महत्वपूर्ण माना गया है।

पितृपक्ष में अपने पूर्वजों की मृत्यु तिथि के अनुसार, श्राद्ध करना प्रमुख परंपरा है। यदि किसी पूर्वज की मृत्यु तिथि ज्ञात नहीं हो तो सर्वपितृ अमावस्या को उनके निमित्त श्राद्ध किया जा सकता है। पितृदोष की धार्मिक मान्यतापितृदोष शब्द का संबंध पितरों या पूर्वजों से माना जाता है। धार्मिक और ज्योतिषीय परंपराओं में इसकी अलग-अलग व्याख्याएं मिलती हैं। एक मान्यता के अनुसार, जिन पूर्वजों के निमित्त उचित धार्मिक कर्म नहीं हो पाते अथवा जिनकी आत्मिक शांति से संबंधित कर्म अधूरे रह जाते हैं, उनसे जुड़ी स्थिति को पितृदोष के रूप में देखा जाता है। ज्योतिषीय मान्यताओं में पितृदोष को परिवार में आने वाली कुछ परेशानियों से जोड़ा जाता है। इनमें पारिवारिक मतभेद, आर्थिक अस्थिरता, कार्यों में बाधा, संतान संबंधी चिंता और जीवन में बार-बार आने वाली कठिनाइयों का उल्लेख मिलता है। हालांकि ये धार्मिक और ज्योतिषीय मान्यताएं हैं, इन्हें वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित कारण-परिणाम संबंध के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। इसी प्रकार कुछ ज्योतिषीय परंपराएं कालसर्प योग को भी पितृदोष से जोड़ती हैं। इस संबंध में विभिन्न ज्योतिषीय मतों में भिन्न धारणाएं हैं। आत्मा और पितृलोक की अवधारणाहिंदू दर्शन में आत्मा को नश्वर शरीर से अलग माना गया है। भगवद्गीता में शरीर परिवर्तन की तुलना पुराने वस्त्र त्यागकर नए वस्त्र धारण करने से की गई है। इसी दार्शनिक दृष्टि के आधार पर धार्मिक परंपरा में माना जाता है कि मृत्यु के बाद स्थूल शरीर का अंत होता है, जबकि आत्मा की यात्रा आगे जारी रहती है। पितृलोक की अवधारणा भी इसी धार्मिक दर्शन का हिस्सा है। विभिन्न ग्रंथों और परंपराओं में पितृलोक की स्थिति तथा वहां पितरों के निवास की अलग-अलग व्याख्या मिलती है। श्राद्धकर्म को इसी धार्मिक विश्वास से जोड़कर देखा जाता है कि पितरों तक श्रद्धा और तर्पण का भाव पहुंचता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, मनुष्य का स्थूल शरीर नष्ट होने के बाद सूक्ष्म अस्तित्व बना रहता है। श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान को उस सूक्ष्म अस्तित्व की तृप्ति तथा उसके कल्याण से जोड़ा गया है।

**श्राद्ध के कितने प्रकार?:** विभिन्न धर्मग्रंथों में श्राद्ध के अलग-अलग प्रकार बताए गए हैं। मत्स्य पुराण में नित्य, नैमित्तिक और काम्य श्राद्ध का उल्लेख मिलता है, जबकि यमस्मृति में वृद्धि और पार्वण श्राद्ध सहित पांच प्रकार बताए गए हैं।

**नित्य श्राद्ध:** प्रतिदिन किए जाने वाले श्राद्ध को नित्य श्राद्ध कहा जाता है। इसमें विश्वदेव की स्थापना नहीं की जाती और केवल जल से भी यह कर्म संपन्न करने का विधान बताया गया है।

**नैमित्तिक या एकोद्दिष्ट श्राद्ध:** किसी विशेष व्यक्ति को निमित्त बनाकर किया जाने वाला श्राद्ध नैमित्तिक कहलाता है। मृत्यु के बाद दशाह, एकादशाह आदि कर्म इसी श्रेणी में रखे जाते हैं।

**काम्य श्राद्ध:** किसी विशेष कामना की पूर्ति के उद्देश्य से किया जाने वाला श्राद्ध काम्य श्राद्ध कहलाता है।

**वृद्धि श्राद्ध:** पुत्र जन्म, विवाह, गृहप्रवेश जैसे मांगलिक अवसरों पर पितरों की प्रसन्नता के लिए किया जाने वाला श्राद्ध वृद्धि श्राद्ध कहलाता है। इसे नान्दी या नान्दीमुख श्राद्ध भी कहा जाता है।

**पार्वण श्राद्ध:** किसी पर्व, अमावस्या या पितृपक्ष जैसी विशेष तिथि पर किया जाने वाला श्राद्ध पार्वण श्राद्ध कहलाता है। इसमें विश्वदेव की स्थापना का भी विधान बताया गया है।

इसके अलावा सपिण्डन, गोष्ठी, शुद्ध्यर्थ, कर्मांग, यात्रार्थ और पुष्ट्यर्थ श्राद्ध का भी उल्लेख मिलता है। सपिण्डन में प्रेत पिंड का पितृ पिंडों के साथ सम्मेलन कराया जाता है। समूह में किए जाने वाले श्राद्ध को गोष्ठी श्राद्ध कहा जाता है। धर्मसिंधु में श्राद्ध के



96 अवसरों का उल्लेख मिलता है। इनमें अमावस्या, संक्रांति, मन्वादि और अन्य विशेष तिथियों तथा योगों के साथ पितृपक्ष, अष्टका, अन्वष्टका आदि को शामिल किया गया है। पुराणोक्त श्राद्ध कर्मपुराणों और विभिन्न धार्मिक परंपराओं में एकोद्दिष्ट श्राद्ध, पार्वण श्राद्ध, नागबलि, नारायणबलि, त्रिपिण्डी श्राद्ध और महालय श्राद्ध का उल्लेख मिलता है। इनके विधान संप्रदाय और कुल-परंपरा के अनुसार अलग-अलग हो सकते हैं। इसीलिए धार्मिक आचार में कुल परंपरा के अनुसार श्राद्धकर्म करने पर विशेष जोर दिया जाता है। विशेष कर्मकांड के लिए योग्य आचार्य या पुरोहित के मार्गदर्शन का पालन करना उचित माना जाता है। गयाजी में पिंडदान का विशेष महत्वश्राद्ध और पिंडदान की चर्चा गयाजी के बिना अधूरी मानी जाती है। बिहार का गयाजी क्षेत्र हिंदू धर्म में प्रमुख पितृतीर्थों में शामिल है। यहां विष्णुपद मंदिर, फल्गु नदी और बोधगया सहित अनेक स्थानों पर पिंडदान और तर्पण की परंपरा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार विष्णुपद मंदिर में भगवान विष्णु के चरणचिह्न हैं। श्रद्धालु यहां अपने पितरों के निमित्त पूजा और पिंडदान करते हैं। फल्गु नदी से भी पितृकर्म की प्राचीन परंपरा जुड़ी हुई है। मान्यता है कि भगवान राम ने माता सीता के साथ यहां अपने पिता राजा दशरथ का पिंडदान किया था। इसी पौराणिक परंपरा के कारण गयाजी में पिंडदान को विशेष महत्व प्राप्त हुआ। गयाजी के नाम से जुड़ी पौराणिक कथा भी अत्यंत प्रसिद्ध है। मान्यता है कि असुर गयासुर के शरीर पर भगवान विष्णु का चरण पड़ा और इसी घटना से गयाजी क्षेत्र की पवित्रता जुड़ी हुई है। आज भी देश के विभिन्न हिस्सों से लोग पितरों के निमित्त पिंडदान करने गयाजी पहुंचते हैं।

मोक्ष की भूमि गयाजी में विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला 25 सितंबर से शुरू होगा। 10 अक्टूबर तक चलने वाले इस मेले में देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पितरों के निमित्त श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान करेंगे। सामान्य श्रद्धालुओं के लिए पितृपक्ष मेला 16 दिनों का होगा, जबकि त्रैपाक्षिक श्राद्ध करने वाले श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक अनुष्ठान 11 अक्टूबर तक जारी रहेगा। अलग-अलग तिथियों पर निर्धारित हैं पिंडदान के कर्मकांड 25 सितंबर को अनन्त चतुर्दशी के दिन पुनपुन में पिंडदान और गयापाल तीर्थपुरोहित की पांव पूजा का विधान है। 26 सितंबर को फल्गु स्नान, श्राद्ध और पांव पूजा होगी। 27 सितंबर को ब्रह्मकुंड में जौ के चूर्ण से पिंडदान के साथ प्रेतशिला, रामशिला और रामकुंड में श्राद्ध तथा काकबली में पिंडदान किया जाएगा। 28 सितंबर को पंचतीर्थ श्राद्ध के तहत उत्तरमानस, उदीची, कनखल, दक्षिणमानस और जिह्वालोल में कर्मकांड होगा। 29 सितंबर को सरस्वती स्नान, पंचरत्न दान, मातंगवापी और धर्मारण्य कूप में श्राद्ध तथा बोधगया में बोधितरू दर्शन का विधान है। 30 सितंबर को ब्रह्मसरोवर और काकबली श्राद्ध के साथ आम्रसिंचन में पिंडदान किया जाएगा। 01 अक्टूबर को रुद्रपद, ब्रह्मपद और विष्णुपद में श्राद्ध होगा। इस दिन खीर और मावा के पिंड से पिंडदान तथा गयापाल तीर्थपुरोहित की पांव पूजा होगी। 2 अक्टूबर को कार्तिकपद, दक्षिणाग्निपद और गार्हपत्याग्निपद श्राद्ध तथा 3 अक्टूबर को सूर्यपद, चंद्रपद, गणेशपद, संध्याग्निपद, आवसंध्यग्निपद और दधीचीपद में श्राद्ध किया जाएगा। 04 अक्टूबर को अष्टमी और नवमी के अवसर पर कण्वपद, मातंगपद, क्रौंचपद, अगस्त्यपद, इन्द्रपद, कश्यपपद और गजकर्णपद में श्राद्ध होगा। सीताकुंड में बालू से पिंडदान, रामगया श्राद्ध, दूध तर्पण और अन्नदान का भी विधान है। 05 अक्टूबर को गयासिर और गयाकूप में त्रिपिंडी श्राद्ध किया जाएगा, जिसे पितृदोष और प्रेतदोष निवारण से जुड़ा कर्मकांड माना जाता है। 6 अक्टूबर को मुण्डपृष्ठा, आदि गदाधर और धौतपद में श्राद्ध होगा। 7 अक्टूबर को भीमगया, गौप्रचार और गदालोल श्राद्ध, जबकि 8 अक्टूबर को भगवान विष्णु का पंचामृत स्नान-पूजन और फल्गु में दुग्ध तर्पण किया जाएगा। 09 अक्टूबर को वैतरणी सरोवर पर गोदान और तर्पण तथा 10 अक्टूबर को अमावस्या के दिन अक्षयवट में श्राद्ध, खीर से पिंडदान, सुफल और पितृ विसर्जन का विधान है। त्रैपाक्षिक श्राद्ध करने वालों के लिए 11 अक्टूबर को गायत्री घाट पर दही-चावल से पिंडदान, आचार्य को दक्षिणा और पितृ विदाई का कर्मकांड होगा।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे, विद्यार्थियों ने किया सामूहिक गायन

**कुरारा (हमीरपुर)।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने सामूहिक गायन किया। प्रधानाचार्य महेश सिंह ने बताया कि वंदे मातरम् की रचना 1875 में संस्कृत-बांग्ला मिश्रित भाषा में हुई थी। 7 नवंबर 1875 को यह पहली बार साहित्यिक पत्रिका 'बंगदर्शन' में प्रकाशित हुआ। वर्ष 1882 में इसे बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय के उपन्यास 'आनंदमठ' में शामिल किया गया। संविधान सभा ने 24 जनवरी 1950 को इसे राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया था। कार्यक्रम में प्रबंधक ओमप्रकाश सोनी, संयोजक शुभम द्विवेदी, सह संयोजक ओमप्रकाश शुक्ल, प्रीतम, सत्याश कुमार, ब्रजराज, अभिषेक, दीपचंद, आदित्य, शिवकुमार पालीवाल, विनीत शुक्ला, श्रीराम गुप्ता समेत करीब 200 छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### पांच दिवसीय सेवा संकल्प अभियान का समापन

**मौदहा (हमीरपुर)।** विकासखंड परिसर में चल रहा पांच दिवसीय सेवा संकल्प अभियान शुक्रवार को समाप्त हो गया। शासन के निर्देश पर विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी और सेवाएं उपलब्ध कराईं। हालांकि प्रचार-प्रसार की कमी के चलते लाभार्थियों की संख्या सीमित रही। सरकारी आंकड़ों के अनुसार आयुर्वेद विभाग में 150, एलोपैथिक दवा वितरण में 142, राशन कार्ड से संबंधित 30 और कृषि विभाग में सात लाभार्थियों ने योजनाओं के लिए पंजीकरण कर लाभ लिया।

### नीट पीजी में मोहम्मद असलम ने हासिल की 7315वीं रैंक



**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे के उपरौस निवासी मोहम्मद असलम ने नीट पीजी-26 परीक्षा में 7315वीं रैंक हासिल की है। असलम ने श्रीराम मूर्ति स्मारक संस्थान, बरेली से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की है। उन्होंने एमडी में प्रवेश के लिए परीक्षा दी थी। असलम ने बताया कि मेडिसिन विषय में उनकी रुचि है और इसी क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करना चाहते हैं। उन्होंने सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और मेहनत को दिया। पिता अशरफ रंगा और चाचा बाकर रंगा ने खुशी जताई। क्षेत्र के लोगों ने भी उन्हें बधाई दी।

### कंस मेला: पुलिस-प्रशासन ने संभाली सुरक्षा व्यवस्था



**मौदहा (हमीरपुर)।** ऐतिहासिक कंस वध मेले को लेकर शुक्रवार को पांडव गेस्ट हाउस में पुलिस और प्रशासन की बैठक हुई। अपर पुलिस अधीक्षक अरविंद वर्मा और अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। मेले को दो जोन में बांटा गया है। सुरक्षा में तीन सीओ, आठ एसएचओ, 58 उपनिरीक्षक, 225 पुलिस व महिला कांस्टेबल, 18 हेड कांस्टेबल, दो पीएसी प्लाटून और तीन फायर सर्विस वाहन लगाए गए हैं। मीरा तालाब और देवी चौराहा पर अस्थायी पुलिस चौकियां बनाई गई हैं। एलआईयू, डॉग स्क्वायड और ड्रोन से निगरानी होगी। एसडीएम करणवीर सिंह, सीओ राजकुमार पांडे, कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार और ईओ सीमा तोमर मौजूद रहे।

### बेतवा विहार का मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण



**झांसी।** मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने शुक्रवार को झांसी विकास प्राधिकरण की बेतवा विहार आवासीय योजना का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई, जल निकासी, पार्क, विद्युत, सड़क सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया और कॉलोनीवासियों से समस्याएं एवं सुझाव भी जाने। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को आवश्यक विकास एवं अनुरक्षण कार्य प्राथमिकता से और समयबद्ध ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई, जल निकासी एवं अन्य नागरिक सुविधाओं की नियमित निगरानी तथा समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान झांसी विकास प्राधिकरण एवं जल निगम (नगरीय) सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### शिकायतों के बाद भी नहीं हटा जर्जर पेड़, गिरा



**समथर (झांसी)।** वन विभाग रेंज परिसर में खड़ा जर्जर पेड़ शुक्रवार को अचानक गिर गया। पेड़ की चपेट में आने से सामने स्थित मकान क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि सड़क किनारे निकली विद्युत लाइन भी टूट गई। गनीमत रही कि घटना के समय आसपास कोई मौजूद नहीं था। मकान में रह रहे आकाश मेवाती ने बताया कि पेड़ काफी समय से जर्जर था। उसे हटाने के लिए वन विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। शुक्रवार को पेड़ गिरने से मकान और विद्युत लाइन को नुकसान पहुंचा। स्थानीय लोगों ने क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन को जल्द दुरुस्त कराने तथा वन विभाग परिसर और आसपास मौजूद अन्य जर्जर पेड़ों का निरीक्षण कर उन्हें हटाने की मांग की है।

आगा बाजार में शुक्रवार को बरसों पुराना इमली का पेड़ अचानक गिर गया। इसकी चपेट में आने से बिजली के कुछ खंभे टूट गए और नीचे खड़ी मोटरसाइकिल व स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। पेड़ गिरने से बिजली के तार सड़क पर फैल गए और कई क्षेत्रों की आपूर्ति बाधित हो गई। सूचना पर विद्युत विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर तार हटाने और खंभों की मरम्मत का कार्य शुरू किया।

### युवती ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बांदा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के कनवारा गांव निवासी दिशा पाठक (22) पुत्री रामदास ने गुरुवार की शाम कमरे के अंदर पंखा की हुक पर दुपट्टा से फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली। कमरे पहुंचे भाई गोपाल ने उसका शव फंदे पर लटकता देखा। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल की जांच पड़ताल की। मृतका के पिता ने बताया कि दिशा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी।

### सीढ़ी से गिरकर युवक की मौत

**बांदा।** मटौंध थाना क्षेत्र के अछरौड़ गांव निवासी रेशीराम (48) पुत्र नत्थू गुरुवार की रात छत पर सो रहा था। अचानक बारिश होने पर वह छत से नीचे उतर रहा था। सीढ़ी से उतरते समय पैर फिसल जाने से वह गिर गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। शुक्रवार को सुबह परिजनों ने उसका शव पड़ा देखा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई रामदेव ने बताया कि रेशीराम मजदूरी करता था।

# मरीजों से पूछा हाल, बाहर की दवा और स्ट्रेचर पर डीएम सख्त

- डीएम ने महिला और पुरुष अस्पताल का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**





जिला पुरुष एवं महिला अस्पताल में शुक्रवार को जिलाधिकारी अशोक कुमार के औचक निरीक्षण में मरीजों की सुविधाओं और अस्पताल व्यवस्था की हकीकत सामने आई। डीएम ने वार्डों में पहुंचकर मरीजों व तीमारदारों से सीधे दवाइयों की उपलब्धता, उपचार और स्टाफ के व्यवहार की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एक्स-रे, सीटी स्कैन, पैथोलॉजी, ब्लड बैंक, एनआरसी, आयुष्मान केंद्र, टीबी वार्ड, डायलिसिस व फिजियोथेरेपी यूनिट का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध दवाइयां ही मरीजों को देने और अनावश्यक रूप से बाहर की दवाएं न लिखने के निर्देश दिए। गंभीर मामलों को ही रेफर करने को कहा। तीमारदारों द्वारा स्ट्रेचर खींचने की शिकायत पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए इसकी जिम्मेदारी वार्ड ब्वाय की तय की। किचन में मरीजों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार पौष्टिक भोजन देने और खुले तेल के बजाय पैक्ड तेल इस्तेमाल करने के निर्देश दिए। सीएमएस डॉ. आरएस प्रजापति ने बताया कि 68 बेड स्वीकृत हैं, मरीजों की संख्या को देखते हुए 24 अतिरिक्त बेड लगाकर 92 बेड की व्यवस्था है। ब्लड बैंक में 26 यूनिट रक्त उपलब्ध मिला। टीकाकरण के बाद बच्चे की मौत की शिकायत पर डीएम ने सीएमओ को निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए। उन्होंने सफाई, बेडशीट और अस्पताल प्रबंधन में सुधार के भी निर्देश दिए।

## रंगोली और क्विज से छात्राओं ने दिया गंगा संरक्षण का संदेश



**हमीरपुर।** गंगा स्वच्छता पखवाड़ा एवं सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज और सरदार पटेल बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं के बीच रंगोली व क्विज प्रतियोगिताएं कराई गईं। छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में उत्साह से भाग लेकर गंगा संरक्षण और स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में छात्राओं को गंगा नदी की स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के महत्व की जानकारी दी गई। प्रतियोगिताओं के माध्यम से जलस्रोतों को स्वच्छ रखने और लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं और विद्यालय स्टाफ को गंगा स्वच्छता एवं संरक्षण की शपथ दिलाई गई। दोनों विद्यालयों की प्रधानाचार्यों और शिक्षकों ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान सरदार पटेल बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या पूनम सचान, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या सरस्वती देवी, जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे धीरेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## वंदे मातरम के सामूहिक गायन से गूंजा विद्यालय परिसर



**सुमेरपुर।** ठड़ेश्वरी सरस्वती विद्या मंदिर में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में सामूहिक गायन कार्यक्रम हुआ। विद्या भारती के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और समाज के लोगों ने एक साथ संपूर्ण वंदे मातरम का गायन किया। अध्यक्षता अखंड परमधाम के व्यवस्थापक स्वामी सत्यप्रकाश महाराज ने की। मुख्य वक्ता मिथिलेश द्विवेदी ने वंदे मातरम की रचना और स्वतंत्रता आंदोलन में इसके योगदान की जानकारी दी। हिंदुवाहिनी की महिलाओं ने देशभक्ति गीतों के साथ शौर्य प्रदर्शन किया। इस दौरान मनोनीत सभासद सुशील गुप्ता, कल्याण सिंह, रघुवीर, कृष्णा समेत छात्र-छात्राएं और अभिभावक मौजूद रहे। प्रधानाचार्या अनामिका गुप्ता ने आभार जताया। संचालन प्रगति गुप्ता ने किया।

## 24 घंटे से बारिश जारी खरीफ की फसलों पर मंडराया संकट

**सुमेरपुर।** गुरुवार शाम से शुरू हुई बारिश शुक्रवार शाम तक लगातार जारी रही। 24 घंटे से अधिक समय तक हुई बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया और लोग घरों में रहने को मजबूर रहे। खेतों में खड़ी और कटी खरीफ की फसलों को नुकसान की आशंका से किसान चिंतित हैं। किसानों के मुताबिक तिल, उड़द, सोयाबीन और मूंग की फसल प्रभावित हो सकती है। तिल की फसल के पूरी तरह जमींदोज होने की आशंका जताई जा रही है। किसान सुरेश कुमार, नीरज और गोपीश्याम ने बताया कि लगातार बारिश से फसलों को भारी नुकसान हो सकता है। वहीं बारिश के चलते गौशालाओं में बंद बेसहारा गोवंश की परेशानियां भी बढ़ गई हैं।

## शिकायतों पर एसडीएम ने नवीन सब्जी मंडी का निरीक्षण किया



**राठ।** व्यापारियों की शिकायतों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए एसडीएम चित्रा निर्वाल ने शुक्रवार को बरसात के बीच अतरौलिया स्थित नवीन थोक सब्जी मंडी का निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी परिसर का भ्रमण कर व्यापारियों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम ने व्यापारियों से बातचीत कर मंडी संचालन में आ रही समस्याओं और उनकी शिकायतों की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर मंडी की स्थिति देखी और व्यापारियों द्वारा उठाए गए मुद्दों से संबंधित जानकारी जुटाई। एसडीएम ने समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया।

## विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण

**झांसी।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के गणितीय विज्ञान एवं कंप्यूटर अनुप्रयोग विभाग में शुक्रवार को 'मेरे सपनों का भारत एवं विकसित भारत की संकल्पना' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। विभागाध्यक्ष प्रो. अवनीश कुमार के निर्देशन में हुई प्रतियोगिता में 15 विद्यार्थियों ने राष्ट्र निर्माण, युवा शक्ति एवं विकसित भारत को लेकर विचार प्रस्तुत किए। बीसीए तृतीय वर्ष के आर्यन अवस्थी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एमएससी गणित प्रथम सेमेस्टर के अभिषेक मिश्रा एवं बीसीए तृतीय सेमेस्टर के दिव्यम सैंगर संयुक्त रूप से द्वितीय तथा एमएससी गणित तृतीय सेमेस्टर की निशा राजपूत तृतीय रहीं। इस अवसर पर प्रो. आलोक वर्मा, डॉ. धर्मेंद्र कंचन, डॉ. धर्मेंद्र बादल, डॉ. रश्मि श्रीवास्तव एवं डॉ. वर्षा सहित शिक्षक मौजूद रहे।

## समथर नगर पालिका में श्रद्धा के साथ मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती



**समथर(झांसी)।** नगर पालिका परिषद समथर के कार्यालय परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। पालिकाध्यक्ष देवेंद्र सिंह कंसाना ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान और उसे विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए 'अंत्योदय' की संकल्पना दी। उनका जीवन सादगी, राष्ट्रहित और समाजसेवा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने उपस्थित लोगों से उनके विचारों और आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस दौरान नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य उपस्थित लोगों ने भी चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

## नगर निकायों के कार्यों की समीक्षा, 15 दिन में विकास कार्य शुरू कराने के निर्देश



**झांसी।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पल्लवी मिश्रा की अध्यक्षता में नगर निकायों के कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। 15वें वित्त आयोग के तहत कराए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा में समथर एवं बरुआसागर में लंबित कार्यों पर नाराजगी जताते हुए उन्हें 15 दिन में शुरू कराने के निर्देश दिए गए।

सभी निकायों में टैक्सी स्टैंड/पड़ाव स्थल संचालित कराने तथा रानीपुर और कटेरा में लंबित व्यवस्था तत्काल शुरू कराने को कहा गया। नाले-नालियों की सफाई एक सप्ताह में पूरी कर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

आईजीआरएस शिकायतों पर अधिशासी अधिकारियों को स्वयं परीक्षण कर हस्ताक्षरित आख्या पोर्टल पर अपलोड कराने को कहा गया। बैठक में वंदन योजना, पं. दीनदयाल नगर विकास योजना एवं एमआरएफ सेंटर के संचालन की भी समीक्षा हुई। बैठक में निकायों के अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर एसडीएम ने दिए निर्देश

- सीएचसी अधीक्षक ने तैयारियों की दी जानकारी

**समृद्धि न्यूज़, गुरसरांय (झांसी)।**



तहसील सभागार में एसडीएम गरौठा सुनील कुमार की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर समीक्षा बैठक हुई। सीएचसी गुरसरांय अधीक्षक डॉ. ओपी राठौर ने अभियान की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य टीमें, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां घर-घर जाकर बुखार, डेंगू, मलेरिया, डायरिया, क्षय, कुष्ठ व फाइलेरिया सहित अन्य बीमारियों के लक्षण वाले मरीजों की पहचान करेंगी। जांच एवं उपचार के लिए दवाओं और जांच किट की व्यवस्था की गई है।एसडीएम ने नालियों की सफाई, फॉगिंग, एंटी-लार्वा छिड़काव एवं जलभराव रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियान में लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दी।बैठक में ईओ टोडी फतेहपुर/गरौठा मनोज प्रियदर्शी, एडीओ पंचायत मोहम्मद हनीफ, मुख्य सेविका प्रीति, बृजकिशोर मिश्रा, दिशांशु गुप्ता, अमन सेन, बीपीएम सतेंद्र तिवारी, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक संतोष कुमार, वीएचडब्ल्यू विष्णु आर्य एवं आनंद कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत हुई चित्रकला प्रतियोगिता

- न्याय पंचायतों से 60 बच्चों ने किया प्रतिभाग

**समृद्धि न्यूज़, कुठौंद(जालौन)।**



सेवा संकल्प अभियान के तहत बीआरसी मदारीपुर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी रंगनाथ चौधरी के निर्देशन में हुआ। प्रतियोगिता में सभी न्याय पंचायतों से चयनित 60 बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष कुठौंद रुद्र प्रताप सिंह रहे। उन्होंने कहा कि सेवा का संकल्प ही भारतीय संस्कृति है। सेवा भाव प्रत्येक व्यक्ति के अंदर होना चाहिए। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान चित्रकला प्रतियोगिता में पहले तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र- छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अतुल श्रीवास्तव व समस्त बीआरसी स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में एआरपी देवेंद्र सिंह, अनुपम किशोर व अरविन्द वर्मा शामिल रहे। इस दौरान गौतम त्रिपाठी, अजय पाण्डेय, कमलेंद्र श्रीवास्तव, राघवेन्द्र यादव, तेज बहादुर सिंह, अमर सिंह गौतम, राम कुमार गौतम, दीपक वर्मा, रेखा वर्मा, अक्षय कुमार, राजेंद्र सिंह, रवि श्रीवास्तव, गुलज़ार आलम, सीमा वर्मा, ज्ञानेंद्र सिंह सहित शिक्षक मौजूद रहे।

## अतिवृष्टि, खाद-बीज और अन्ना मवेशी की समस्याओं से जूझ रहा हैं किसानः राकेश टिकैत

**उरई(जालौन)।** भारतीय किसान यूनियन की विशाल किसान पंचायत शुक्रवार को राठ रोड स्थित गल्ला मंडी में हुई, जिसे राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने संबोधित किया। टिकैत ने बुंदेलखंड के लिए विशेष पैकेज, प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को अतिरिक्त राहत और कर्जमाफी की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि, खाद-बीज, बिजली और अन्ना मवेशी की समस्याओं से किसान जूझ रहे हैं और उचित मुआवजा न मिलने से पलायन बढ़ रहा है। उन्होंने बिजली के निजीकरण का विरोध करते हुए सस्ती और निर्बाध बिजली, सर्किल रेट में वृद्धि, खनिज संपदा के लाभ में स्थानीय भागीदारी और स्वामीनाथन आयोग की ष्ट2+50 फॉर्मूले पर रूस्क्रतय करने की मांग की। अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते पर पुनर्विचार की भी मांग रखी।

**यमुना एक्सप्रेस वे बस हादसा**

## महोबा के बीजेपी जिला कोषाध्यक्ष की पत्नी और इंजीनियर बेटे की मौत

- मां को बचाने में बेटे ने भी गंवाई जान
- डीएनए जांच और परिजनों की पहचान के बाद हुई पुष्टि

**सम्प्रद्धि न्यूज, महोबा।**





नोएडा में राज कल्पना ट्रेवल्स की बस में लगी आग में महोबा के चरखारी निवासी भाजपा जिला कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता की पत्नी सुनीता गुप्ता और उनके इंजीनियर बेटे शशांक गुप्ता की मौत हो गई। आग लगने के दौरान शशांक अपनी मां को बचाने की कोशिश करते रहे।परिजनों के मुताबिक, पैरों में दर्द के कारण सुनीता ठीक से चल नहीं पा रही थीं। मां को अकेला छोड़कर बाहर निकलने के बजाय शशांक उनके साथ रहे। दोनों की मौत की पुष्टि ष्ठह्र जांच और परिजनों की पहचान के बाद हुई।सुनीता गुप्ता करीब एक महीने से गुरुग्राम में अपने बेटे शशांक के पास थीं। वह घुटनों की बीमारी का इलाज करा रही थीं। नीरज गुप्ता के भाई धीरू गुप्ता को हार्ट अटैक आने के बाद शशांक अपनी मां को लेकर राज कल्पना ट्रेवल्स की बस से महोबा लौट रहे थे। दोनों बस की पिछली सीट पर बैठे थे। परिजनों के मुताबिक, रास्ते में अचानक बस में आग लग गई। देखते ही देखते बस में धुआं भरने लगा और यात्रियों में भगदड़ मच गई। शशांक की मां पैरों में दर्द के कारण आसानी से बाहर नहीं निकल पा रही थीं। परिजनों का कहना है कि शशांक ने मां को अकेला छोड़कर बाहर निकलने के बजाय उन्हें बचाने की कोशिश की। परिजनों के अनुसार, चालक, परिचालक और सुनीता ने शशांक से बाहर निकलने के लिए कहा था। इसके बावजूद वह मां को बचाने की कोशिश करते रहे। ज्यादा धुआं भरने के कारण दोनों बेहोश हो गए और आग की चपेट में आ गए। हादसे में दोनों की मौत हो गई। परिजनों ने बस चालक और परिचालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यात्रियों ने बस में जलने की गंध आने की शिकायत की थी, लेकिन बस को समय रहते नहीं रोका गया। हालांकि, हादसे की वास्तविक वजह जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। आग इतनी भीषण थी कि शवों की पहचान करना मुश्किल हो गया था। डीएनए जांच और परिजनों की पहचान के बाद सुनीता और शशांक के शवों की पुष्टि हुई। घटना की जानकारी मिलते ही महोबा और चरखारी में शोक की लहर दौड़ गई। सुनीता और शशांक की मौत की खबर के बाद भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं का नीरज गुप्ता के आवास पर पहुंचना शुरू हो गया। पूर्व सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल समेत कई नेताओं ने परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। मां को बचाने की कोशिश में शशांक की मौत की घटना से परिवार और उनके जानने बालो में गहरा दुःख है।

## जिला प्रभारी के प्रथम आगमन पर भाजपाइयों ने किया जोरदार स्वागत

- जिला प्रभारी ने दी पं. दीनदयाल के आदर्शों से प्रेरणा लेने की नसीहत

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**



भाजपा के नवनियुक्त जिला प्रभारी का भाजपाइयों ने फूल मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया। जिले की सीमा से लेकर पार्टी कार्यालय तक जगह-जगह स्वागत हुआ। जिला प्रभारी ने कार्यकर्ताओं को पं.दीनदयाल उपाध्याय के विचारों व आदर्शों को आत्मसात करने की नसीहत दी। जिला प्रभारी समेत भाजपाइयों ने एकात्म मानववाद के प्रणेता पं.दीनदयाल उपाध्याय को उनकी जयंती पर याद किया और श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। हाल ही नियुक्त किए जिला प्रभारी संत विलास शिवहरे पहली बार जनपद में पहुंचे तो जिले की सीमा पर भाजपाइयों ने उनका जोरदार स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत और महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना गुप्ता की अगुवाई में जिले की सीमा पर जिला प्रभारी को फूल मालाओं से लादकर स्वागत कार्यक्रम का आगाज किया गया। स्वागत का यह सिलसिला शहर के कनवारा रोड स्थित भाजपा कार्यालय तक लगातार चलता रहा। जिला प्रभारी का काफिला शहर के संकटमोचन मंदिर पहुंचा, जहां उन्होंने बजरंगबली के दर्शन किए और उनसे आशीर्वाद लिया। इसके बाद जिला प्रभारी भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अपने जिला प्रभारी को हाथों हाथ लिया और फूल मालाओं के साथ ही अंगवस्त्र व स्मृति चिंह भेंटकर स्वागत किया। स्वागत से गदगद जिला प्रभारी श्री शिवहरे ने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का परिचय प्राप्त किया और संगठनात्मक गतिविधियों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने जनसंघ के महान विचारक व एकात्म मानववाद के प्रणेता पं.दीनदयाल उपाध्याय के विचारों व आदर्शों को अपनाने और राष्ट्रहित, समाजहित व जनसेवा के संकल्प को मजबूत की जरूरत पर बल दिया।

## पारिवारिक विवाद में पिता के साथ गाली-गलौज मारपीट कर दी धमकी

**ललितपुर।** थाना पाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बंट में घरेलू पारिवारिक विवाद के चलते बुजुर्ग ग्रामीण के दो पुत्र और पुत्रवधू ने मिलकर एक राय होकर अपने पिता को दबोच कर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तीन आरोपियों पर मामला दर्ज किया है। ग्राम बंट निवासी शिवलाल पुत्र तिजू ने थाना पाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि दिनांक 30 सितंबर 2026 को दोपहर 1:00 जब वह गांव में स्थित भैसों के घेरे था। तभी गांव में ही रहने वाला उसका पुत्र गोविंद सिंह पुत्र शिवलाल से उसकी कहासुनी हो गई। इस दौरान दोनों के बीच जमकर हुई कहासुनी से आक्रोशित उसके पुत्र गोविंद सिंह ने अपने अपनी पत्नी कौशल्या भाई आकाश के बल पर उसे मौके पर दबोच लिया।

## नाबालिग वाहन चालकों के विरुद्ध सघन अभियान चलाकर वाहन होंगे सीजः एएसपी

- बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर एडीएम और एएसपी ने अधिकारियों को लगाई फटकार, दिए कड़े कार्रवाई के निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, ललितपुर।**



कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) दिनेश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं और उनमें हो रही जनहानि पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। नियमों की अनदेखी पर अपर जिलाधिकारी ने परिवहन, पुलिस और संबंधित विभागों के अधिकारियों से नाराजगी जाहिर की। अपर जिलाधिकारी ने पुलिस और नगर पालिका को संयुक्त टीम बनाकर मुख्य चौराहों और बाजारों से अवैध पार्किंग तथा सड़कों पर फैले अतिक्रमण को तत्काल हटाने का निर्देश दिया, जिससे सड़कों पर जाम की स्थिति न बने और दुर्घटनाएं रुक सकें। साथ ही देर रात और तड़के होने वाले हादसों को रोकने के लिए हाईवे पर विशेष नाइट चेकिंग अभियान चलाया जाए, जिसमें रिफ्लेक्टर लाइट, फॉग लाइट और चालकों की फिटनेस की जांच हो। जिला सड़क सुरक्षा समिति की एक अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजित बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को चेतावनी दी कि इन निर्देशों का पालन धरातल पर दिखना चाहिए। यदि आगामी दिनों में सड़क सुरक्षा के दावों में लापरवाही मिली या दुर्घटनाओं के ग्राफ में कमी नहीं आई, तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए विभागीय और दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# राइजिंग चाइल्ड में वंदे मातरम, सामूहिक गायन से दिया राष्ट्रभक्ति का संदेश

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**



सामूहिक वन्दे मातरम् का गायन करते प्रबन्धक के साथ छात्र

शहर के प्रभुटाउन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल में 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामूहिक एवं संपूर्ण वंदे मातरम् गायन कार्यक्रम भव्यता एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक के रूप में विद्या भारती से लालकृष्ण विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट ने कहा कि 'वंदे मातरम' केवल एक राष्ट्रगीत नहीं, बल्कि भारत की मातृभूमि के प्रति श्रद्धा, सम्मान और राष्ट्रीय चेतना का भाव है। 25 सितंबर को देशभर में सामूहिक रूप से संपूर्ण वंदे मातरम् के गायन का आयोजन किया जा रहा है। इसी राष्ट्रव्यापी अभियान के क्रम में राइजिंग चाइल्ड स्कूल में भी संपूर्ण वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। उन्होंने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक, विशेषकर नई पीढ़ी को संपूर्ण वंदे मातरम् गीत का ज्ञान एवं भाव समझना चाहिए। विद्यालयों की प्रार्थना सभा में भी वंदे मातरम् को नियमित रूप से शामिल किया जाना चाहिए। विद्यालय की प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा देने का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार और राष्ट्रभावना के निर्माण का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। कार्यक्रम में विद्यालय की ओर से शालिनी सिंह, शिफा कायनात सहित समस्त शिक्षिकाओं ने संपूर्ण वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर राष्ट्रभक्ति के भाव से ओतप्रोत रहा।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी रवींद्रनाथ हरि, सावन गुप्ता सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## सड़कों का समयबद्ध ढंग से कराया जाए पुनर्स्थापनः डीएम

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**


सडक परियोजनाओं की बैठक को सम्बोधित करती डीएम

जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में संचालित विभिन्न सड़क परियोजनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न सड़क परियोजनाओं हेतु आवश्यक भूमि अधिग्रहण, अधिग्रहित भूमि के संबंध में मुआवजा वितरण तथा सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से परियोजनावार भूमि अधिग्रहण की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही लंबित है, उसमें नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए। साथ ही पात्र भू-स्वामियों को देय मुआवजा राशि के वितरण की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में विभिन्न सड़क परियोजनाओं के निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्यों के दौरान क्षतिग्रस्त अथवा प्रभावित हुई सड़कों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों के कारण प्रभावित सड़कों की मरम्मत एवं पुनर्स्थापना का कार्य प्राथमिकता से कराया जाए, जिससे आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने सड़क निर्माण एवं पुनर्स्थापना कार्यों में गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल कुमार यादव सहित संबंधित उप जिलाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कार में अचेत मिला युवक, पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

**समृद्धि न्यूज, बछरावां-रायबरेली।** कस्बे के मुख्य चौराहे पर गुरुवार शाम को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब टैक्सी वैगनआर कार में एक युवक अचेत अवस्था में मिला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। युवक की पहचान गल्ला मंडी कस्बा निवासी अंकित उम्र 25 वर्ष पुत्र स्व. राजाराम के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार युवक अत्यधिक नशे की हालत में था और कार में अचेत पड़ा था। पुलिस ने राहगीरों की मदद से उसे बाहर निकालकर उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया।

## गर्भवती महिलाओं व बच्चों की हुई स्वास्थ्य जांच



**समृद्धि न्यूज, रानीगंज-प्रतापगढ़।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत परसरामपुर में विष्णुकांत त्रिपाठी के आवास पर 'ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस' बैठक एवं टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान एएनएम सरगम द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को नियमित टीकाकरण के तहत आवश्यक टीके लगाए गए और पोलियो ड्रॉप पिलाई गई। इसके साथ ही बच्चों के परिजनों को एहतियात के तौर पर पैरासिटामोल सिरप वितरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन, शुगर, यूरीन और ब्लड प्रेशर की निःशुल्क जांच की गई। जांच के उपरांत महिलाओं को टिटनेस के प्रथम एवं द्वितीय डोज का इंजेक्शन लगाया गया तथा उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए आयरन और कैल्शियम की गोलियां वितरित की गईं। बैठक में मौजूद स्वास्थ्य संगिनी आरती मिश्रा ने मातृ एवं शिशु कल्याण योजनाओं की जानकारी देते हुए महिलाओं को संस्थागत (सरकारी अस्पताल) प्रसव कराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पताल में प्रसव कराने पर लाभार्थी के बैंक खाते में 1400 रुपये की आर्थिक सहायता भेजी जाती है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पहले बच्चे के जन्म पर मिलने वाले 5000 रुपये के लाभ की प्रक्रिया समझाते हुए उन्होंने महिलाओं को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज जमा करने की सलाह दी। संगिनी ने गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार जैसे हरी पत्तेदार सब्जियां, सलाद, चुकंदर का सेवन करने और अधिक मात्रा में पानी पीने का परामर्श दिया।

इस अवसर पर आशा बहु रंजना त्रिपाठी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री इंदू त्रिपाठी एवं आंगनबाड़ी सहायिका सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## इशारों-इशारों में सदर प्रत्याशी का संकेत दे गए अखिलेश

▸ 2027 के चुनावी रथ पर डॉ. शशिकांत शर्मा को किया सवार

**पवन कुमार मिश्र**

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।** जिले के शिक्षा जगत में अपनी अलग पहचान रखने वाले डॉ. शशिकांत शर्मा को लेकर 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले सियासी चर्चाएं तेज हो गई हैं। समाजवादी विचारधारा से जुड़े डॉ. शर्मा को रायबरेली सदर विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी का संभावित उम्मीदवार माना जा रहा है। डॉ. शशिकांत शर्मा को उनके समर्थक शिक्षा जगत में 'दैदीप्यमान ज्योतिपुंज' और समाजवादी विचारधारा के अग्रदूत के रूप में बताते हैं। समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों के सुख-दुःख में साथ खड़े रहने तथा मेहनती, परिश्रमी और ईमानदार छवि को उनकी राजनीतिक सक्रियता से जोड़कर देखा जा रहा है। अभी हाल ही में रायबरेली जिले से शुरू हुई समाजवादी पार्टी की चुनावी रथ यात्रा में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के साथ डॉ. शशिकांत शर्मा की मौजूदगी ने इन चर्चाओं को और बल दिया है। अखिलेश यादव ने उन्हें अपने चुनावी रथ पर साथ लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बना दिया है। पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच इसे रायबरेली सदर सीट को लेकर नेतृत्व के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

हालांकि समाजवादी पार्टी की ओर से अभी तक रायबरेली सदर सीट के लिए डॉ. शशिकांत शर्मा के नाम की औपचारिक घोषणा नहीं हुई है।

## बारिश से ढहा कच्चा मकान, टला बड़ा हादसा

▸ विधायक के निर्देश पर लेखपाल ने किया नुकसान का आंकलन

**समृद्धि न्यूज, गड़वारा-प्रतापगढ़।**



क्षेत्र के बरिया समुद्र गांव में गुरुवार रात लगातार हो रही बारिश और सीलन की वजह से एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। गांव निवासी रामसेवक चौरसिया का कच्चा मकान अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे के वक्त रामसेवक अपनी पत्नी के साथ घर के भीतर ही मौजूद थे। गनीमत यह रही कि दोनों को कोई चोट नहीं आई और वे बाल-बाल बच गए। तेज आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने दंपती को सुरक्षित बाहर निकाला, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। घटना की जानकारी मिलते ही सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने तुरंत मामले का संज्ञान लिया। उन्होंने क्षेत्र के लेखपाल जैनेंद्र सरोज को मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लेने के निर्देश दिए। लेखपाल ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मकान के नुकसान का आकलन किया और अपनी रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंप दी है, ताकि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता मिल सके। इस संबंध में ग्राम प्रधान रामहित वर्मा ने बताया कि क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश को देखते हुए कच्चे मकानों में रहने वाले परिवारों को एहतियात के तौर पर पंचायत भवन में शिफ्ट होने के लिए पहले ही सूचित कर दिया गया था। इसके बावजूद कुछ लोग अपने कच्चे मकानों को छोड़ने को तैयार नहीं हैं, जिससे हादसों का खतरा लगातार बना हुआ है।

## खबरें एक नजर में

### हाईमास्ट पोल में उतरे करंट से दो भेड़ों की मौत

**गड़वारा-प्रतापगढ़।** गड़वारा-अंतू क्षेत्र के पूरे भैया (धरमपुर) स्थित शिव मंदिर के पास लगा हाईमास्ट पोल स्थानीय लोगों और पशुओं के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। शुक्रवार को पोल में अचानक उतरे तेज करंट की चपेट में आने से चरवाहे के झुंड की दो भेड़ों की मौके पर ही तड़प-तड़पकर मौत हो गई। घटना के बाद से ही ग्रामीणों में प्रशासन और विद्युत विभाग के खिलाफ गहरा आक्रोश है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चरवाहा अपनी भेड़ों के झुंड को लेकर शिव मंदिर के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान दो भेड़ें पोल के संपर्क में आ गईं। करंट इतना तेज था कि जब तक चरवाहा कुछ समझ पाता, तब तक दोनों भेड़ों ने दम तोड़ दिया। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि इस हाईमास्ट पोल में करंट उतरने की समस्या काफी समय से बनी हुई है। इसकी शिकायत कई बार जिम्मेदार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से की जा चुकी है, लेकिन आज तक कोई सुध नहीं ली गई। ग्रामीणों का कहना है कि शिव मंदिर के पास दिनभर लोगों और बच्चों का आना-जाना लगा रहता है। विभाग की इस घोर लापरवाही से किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने मृत भेड़ों के मालिक को मुआवजा देने और जल्द से जल्द पोल की मरम्मत कराने की मांग की है।

### रानीगंज की जर्जर सड़कों की मरम्मत व चौड़ीकरण की मांग

**रानीगंज-प्रतापगढ़।** क्षेत्र की बदहाल और जर्जर सड़कों की जल्द कायाकल्प के लिए पूर्व विधायक अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा ने बृहस्पतिवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान पूर्व विधायक ने रानीगंज विधानसभा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न जनहित के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र में सड़कों की खराब स्थिति से हो रही आमजन की परेशानियों को प्रमुखता से उठाया और उनके त्वरित निराकरण के लिए दो अलग-अलग मांग पत्र सौंपे। उन्होंने शासन से इन मार्गों के अविलंब मरम्मत एवं चौड़ीकरण की स्वीकृति देने का आग्रह किया। मीडिया प्रभारी आयुष महेंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि सौंपे गए मांग पत्र में मुख्य रूप से रामापुर, रहेटुआ, परसरामपुर, परसामऊ संपर्क मार्ग के साथ-साथ सरायराजा, पुरैला और सहिजनपुर-बलिकरनगंज मार्ग के चौड़ीकरण की मांग शामिल है। पूर्व विधायक ने अपर मुख्य सचिव को अवगत कराया कि इन मार्गों के जर्जर होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं और क्षेत्रीय जनता को आवागमन में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अपर मुख्य सचिव ने विषय को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को जल्द आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने का आश्वासन दिया है।

### नीट पीजी में डॉ. आदित्य सिंह ने हासिल की 1618वीं रैंक

**सुलतानपुर।** नगर निवासी वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े सुजीत सिंह के बड़े पुत्र डॉ. आदित्य सिंह ने नीट पीजी परीक्षा में ऑल इंडिया 1618वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता पर परिवार, चिकित्सकों, मित्रों और शुभचिंतकों ने बधाई दी है। डॉ. आदित्य ने एमबीबीएस की पढ़ाई राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूं से पूरी की। वर्तमान में वह स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज, सुलतानपुर में जूनियर रेजिडेंट के पद पर कार्यरत हैं। चिकित्सा सेवा के साथ उन्होंने नीट पीजी की तैयारी जारी रखी और कड़ी मेहनत के बल पर बेहतर रैंक हासिल की। पिता सुजीत सिंह ने बताया कि आदित्य शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और मेहनती रहे हैं। उनकी सफलता से परिजनों में खुशी का माहौल है। शुभचिंतकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## बिजली व्यवस्था के खिलाफ किसान यूनियन ने दिया धरना

**बरसात के बावजूद पावर हाउस प्रांगण में सैकड़ो किसान दे रहे हैं धरना**

**समृद्धि न्यूज, बछरावां-रायबरेली।**




क्षेत्र की लड़खड़ाई बिजली व्यवस्था से नाराज सैकड़ो किसान शुक्रवार की सुबह से पावर हाउस प्रांगण में धरने पर बैठ गए। नाराज किसानों का कहना है कि उन्हें पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है अंधाधुंध कटौती जारी है, फाल्ट पर समय पर शिकायतों का निस्तारण भी नहीं हो रहा है। धरने पर बैठे किसान क्रांति सरकार के नेता आकाश मिश्रा ने कहा कि विशुनपुर पावर हाउस से मिलने वाली बिजली की आपूर्ति पूरी तरह से लड़खड़ा गई है। क्षेत्र के किसानों को 8-10 घंटे बिजली मुश्किल से मिल पा रही है। पूरे क्षेत्र के उपभोक्ता परेशान है कई बार विद्युत उपकेंद्र पर इसकी शिकायत भी की गई परंतु कोई भी निराकरण नहीं निकल रहा है। बिजली की कटौती के साथ-साथ लोकल फाल्ट की खराबी से घंटो बिजली गायब रहती है । गर्मी के दिनों में लोग बिजली न मिलने से परेशान है उन्होंने कहा जिन किसानों के खेतों में ट्यूबवेल हैं उन्हें भी बिजली न मिलने से फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। बरसात के बावजूद किसान पावर हाउस पर भारी संख्या में धरने पर बैठे हैं। इस मौके पर संगठन के सैकड़ो पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### पार्थ हॉस्पिटल में प्रसूता की मौत थाने में सुनवाई न होने पर पीड़ित पति ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**समृद्धि न्यूज, रानीगंज-प्रतापगढ़।** कस्बे के पार्थ हॉस्पिटल में इलाज के दौरान एक प्रसूता की मौत के मामले में परिजनों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। रानीगंज थाने में तहरीर देने के बावजूद कार्रवाई न होने पर पीड़ित पति ने अब पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। राजापुर महोखरी निवासी आकाश जायसवाल पुत्र पन्नालाल जायसवाल ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में अस्पताल संचालक विजय कुमार तिवारी, संबंधित डॉक्टरों और कर्मचारियों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। आकाश ने बताया कि 20 सितंबर को अपनी गर्भवती पत्नी खुशबू को प्रसव के लिए पार्थ हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। परिजनों का आरोप है कि भर्ती के दौरान अस्पताल प्रशासन ने 50 हजार रुपये जमा कराए।

## 152 श्रमिकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण व 65 का पंजीयन

**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

**श्रमिकों के लिए विशेष कैंप आयोजित**

सहायक श्रमायुक्त उमेश कुमार ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन के निर्देशानुसार श्रम विभाग एवं चिकित्सा विभाग द्वारा श्रमिकों के हितार्थ संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार, आवेदन एवं स्वास्थ्य परीक्षण के लिए 24 एवं 25 सितम्बर को कैपर गंज लेबर अड्डे पर दो दिवसीय विशेष कैंप आयोजित किया गया। कैंप में डॉ. शिवम शुक्ला एवं उनकी टीम द्वारा 152 श्रमिकों का बीपी, शुगर, बीएमआई आदि का चिकित्सीय परीक्षण किया गया। साथ ही बुखार, जुकाम एवं पेट संबंधी रोगों से संबंधित दवाओं का वितरण भी किया गया। सहायक श्रमायुक्त उमेश कुमार ने श्रमिकों को विभाग द्वारा संचालित कन्या विवाह सहायता योजना, संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना, मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना, अटल आवासीय विद्यालय योजना, गंभीर बीमारी सहायता योजना तथा निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी तथा पात्र श्रमिकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन करने हेतु प्रेरित किया।

## पात्र व्यक्ति को उसके अधिकारों व सुविधाओं से लाभान्वित किया जाए



**समृद्धि न्यूज, रायबरेली।**

उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य रमेश चन्द्र कुंडे ने आज जनपद भ्रमण के दौरान निरीक्षण भवन में संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं उनके क्रियान्वयन की समीक्षा की। बैठक के दौरान सदस्य ने अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति एवं पात्र लाभार्थियों को उपलब्ध कराए जा रहे लाभ की जानकारी ली।

## शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी से मुक्त रखने की मांग

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।**



परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को बीएलओ सहित अन्य गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष दिलीप पाण्डेय के नेतृत्व में जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को मांगपत्र सौंपकर शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी से मुक्त रखने का अनुरोध किया।

जनपदीय प्रवक्ता निजाम खान ने कहा कि बड़ी संख्या में शिक्षकों की बीएलओ ड्यूटी लगाए जाने से विद्यालयों में शिक्षण कार्य प्रभावित होने की आशंका है। शिक्षक पहले से शिक्षण, विभागीय एवं प्रशासनिक कार्यों के साथ 69 हजार भर्ती के बीएड शिक्षकों के ब्रिज कोर्स में भी लगे हैं।संघ ने आरटीई अधिनियम-2009 की धारा 27 और संबंधित शासनादेशों का हवाला देते हुए कहा कि शिक्षकों से निर्धारित अपवादों को छोड़कर गैर-शैक्षणिक कार्य नहीं कराया जाना चाहिए। मांगपत्र में शिक्षकों को विद्यालयों में शिक्षण कार्य के लिए उपलब्ध रखने की मांग की गई।प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक अखिलेश उपाध्याय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र नारायण मिश्रा, संयुक्त मंत्री प्रशांत पाण्डेय समेत अन्य पदाधिकारी व शिक्षक मौजूद रहे।

### भारी बारिश व गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर एडवाइजरी जारी

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की ओर से 25 और 26 सितंबर को सुलतानपुर सहित क्षेत्र में भारी वर्षा के दृष्टिगत ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसे देखते हुए जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रतिमा विसर्जन प्रशासन द्वारा निर्धारित सुरक्षित स्थलों पर ही किया जाए। तेज बहाव, बढ़े जलस्तर और अत्यधिक वर्षा की स्थिति में नदी, नाले, तालाब, पोखर व अन्य जलाशयों में प्रवेश न करें। बच्चों, बुजुर्गों और तैरना नहीं जानने वालों को पानी के पास न जाने देने की अपील की गई है।

## जिसकी बोलती थी तूती उसके बेटे को वकील तक नसीब नहीं

**कोर्ट में एक अदद वकील के लिए गिड़गिड़ाया अतीक अहमद का बेटा अली**

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।** यह कोई फिल्मी कहानी नहीं बल्कि कड़वी सच्चाई है। वक्त का ऐसा झोंका आया कि जिस अतीक अहमद के पीछे पूरी लश्कर चलती थी, उसके बेटे अली अहमद को अपने मुकदमे की पैरवी के लिए एक वकील तक नहीं मिल पा रहा है। ऐसा ही वाक्या 15 सितम्बर को गैंगस्टर एक्ट में कोर्ट में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये पेशी के दरमियान देखने को मिला। पेशी के लिए खड़ा था माफिया डान अतीक अहमद का बेटा अली अहमद। लेकिन, उसका पक्ष रखने के लिए कोई वकील नहीं था। सूत्र बताते हैं कि यह देख अली अहमद अवाक रह गया। उसे एहसास हो गया कि उसकी जमीन खिसक चुकी है, अब सबने उसके परिवार से मुंह मोड़ लिया है। उसकी पैरवी करने के लिए कोई नहीं आयेगा। वह जज के सामने फफक-फफक कर रोने लगा। जब तक उसके पिता और चाचा थे पूरी फौज थी, आज कोई नहीं है। उनके जाते ही सबने नाता तोड़ लिया। जज से हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाने लगा। रौंदे गले से कहा कि उसे मुकदमे की पैरवी के लिए एक वकील चाहिए। उसकी बात रखने वाला यहाँ कोई नहीं है। हमारी फरियाद को सुना जाए। अली अहमद की बातों को सुनकर जज ने उसे एक वकील उसका पक्ष रखने के लिए सरकारी खर्चे पर मुहैया कराने का निर्देश दिया।

# खराब ट्रक में पीछे से भिड़ा दूसरा ट्रक, दो चालक फंसे

▸ पुलिस व फायर ब्रिगेड ने केबिन काटकर दोनों को बाहर निकाला

**समृद्धि न्यूज, लम्भुआ (सुलतानपुर)।**

सुलतानपुर-वाराणसी फोरलेन पर शुक्रवार भोर में बूधापुर गांव के पास खराब खड़े ट्रक में पीछे से दूसरा ट्रक भिड़ गया। हादसे में दोनों ट्रकों के चालक केबिन में फंसकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने केबिन काटकर दोनों को बाहर निकाला। गंभीर हालत में दोनों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

कोतवाली क्षेत्र के बूधापुर गांव के पास एक ट्रक खराब होने के बाद फोरलेन पर ही खड़ा था। शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे कोलकाता से लखनऊ जा रहा ट्रक पीछे से खड़े ट्रक में जा भिड़ा। लगातार हो रही रिमझिम बारिश के बीच हुए हादसे में दोनों चालक केबिन में फंस गए।

पुलिस और फायर ब्रिगेड कर्मियों ने काफी प्रयास के बाद केबिन काटकर मैनपुरी निवासी योगेश यादव (35) और नगरिया, मैनपुरी निवासी लल्लू यादव (28) को बाहर निकाला।

एनएचएआई और 108 एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी लम्भुआ पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। प्रभारी निरीक्षक धीरज कुमार ने बताया कि मौके पर पहुंचकर आवागमन सुचारु करा दिया गया है।

### बार चुनाव बवाल में जांच के लिए साक्ष्य सौंपे

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।** जिला बार एसोसिएशन के चुनाव के दौरान हुई घटना की जांच के लिए एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश को प्रार्थना पत्र देकर हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन का अनुरोध किया है। प्रार्थना पत्र के साथ घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज, पेन ड्राइव और इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के आदेश की प्रति उपलब्ध कराई गई है। प्रार्थना पत्र में 24 सितंबर के हाईकोर्ट के आदेश का हवाला दिया गया है।

जनहित याचिका संख्या 646/2026, शशि मिश्रा बनाम बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश व दो अन्य में न्यायालय ने जिला जज को घटना की जांच कराने के निर्देश दिए हैं।

## एडीएम प्रशासन ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण वृद्धजनों से की आत्मीय मुलाकात

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।**

अपर जिलाधिकारी प्रशासन उपमा पांडेय ने शुक्रवार को आधारशिला वृद्धाश्रम नैनी का निरीक्षण किया। वर्तमान में आधारशिला वृद्धाश्रम में लगभग 140 वृद्धजन निवास कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने वृद्धाश्रम में निवास कर रहे सभी वृद्धजनों से आत्मीयता के साथ मुलाकात की और उनका हाल-चाल जाना। उन्होंने वृद्धजनों से सीधे संवाद करते हुए उनके स्वास्थ्य, भोजन, आवास, चिकित्सा सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता एवं दैनिक देखभाल के संबंध में जानकारी प्राप्त की। एडीएम प्रशासन ने वृद्धजनों से यह भी जाना कि उन्हें वृद्धाश्रम में उपलब्ध सुविधाओं एवं सेवाओं में किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं हो रही है। साथ ही उन्होंने वृद्धजनों से शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से मिल रहे लाभ के संबंध में जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र वृद्धजनों को शासन की योजनाओं का लाभ सुगमता एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने वृद्धाश्रम में निवास कर रहे वृद्धजनों को फल वितरित किए। इस अवसर पर आधारशिला संस्था के निदेशक गोस्वामी शशांक जी ने बताया कि संस्था का उद्देश्य वृद्धजनों को केवल आश्रय उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि उन्हें सम्मान, सुरक्षा, स्वास्थ्य, अपनापन एवं गरिमापूर्ण जीवन प्रदान करना है।

# पालिकाध्यक्ष के आवास पर गरुड़ पुराण, राज्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

▸ आज आरके पैलेस में तेरहवीं संस्कार का होगा कार्यक्रम

समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज।



नगर पालिका अध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता के पति स्वर्गीय अशोक कुमार गुप्ता के निधन के बाद शुक्रवार को गरुण पुराण सहित कई कार्यक्रम संपन्न हुए। प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। वहीं गरुड़ पुराण का पाठ और शनिवार को होने वाली तेरहवीं की तैयारी को लेकर पुलिस प्रशासन भी सक्रिय रहा।

**राज्यमंत्री असीम अरुण आवास पर पहुंचे:** समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण शुक्रवार दोपहर नगर पालिका अध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता के रेलवे रोड स्थित आवास पर पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया।

**गरुड़ पुराण का पाठ हुआ:** स्वर्गीय अशोक कुमार गुप्ता की आत्मा की शांति के लिए आवास पर गरुड़ पुराण एवं गीता पाठ का आयोजन किया गया। नगर के प्रसिद्ध संत महंत दीनबंधु पाठक के नेतृत्व में विद्वान ब्राह्मणों ने पाठ किया। इस दौरान प्रमुख समाजसेवी राकेश चंद्र वर्मा, विकास गुप्ता, पूर्व सभासद ज्ञानेंद्र गुप्ता, नीरज मिश्रा संजू गुप्ता अमन गुप्ता मोनू गुप्ता, पिंटू गुप्ता, संदेश हीरो गुप्ता रामनाथ प्रजापति सहित नगर के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कोतवाल ने



देखी व्यवस्था शनिवार को होने वाले विशाल तेरहवीं भोज को लेकर कोतवाली प्रभारी ध्यानेन्द्र प्रताप सिंह ने पालिका अध्यक्ष के आवास पर पहुंचकर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता से भेंट की और तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में भीड़ को देखते हुए यातायात का मार्ग परिवर्तन किया जाएगा।

**आरके पैलेस तिर्वा रोड में होगा तेरहवीं कार्यक्रम:** स्वर्गीय अशोक गुप्ता की तेरहवीं का मुख्य कार्यक्रम शनिवार दोपहर 2 बजे आरके पैलेस तिर्वा रोड गुरसहायगंज में होगा। समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि स्वर्गीय अशोक कुमार गुप्ता का निधन समाज के लिए बड़ी क्षति है। वह एक सरल, सहज और परोपकारी व्यक्ति थे। नगर के विकास में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। हम इस दुख की घड़ी में गुप्ता परिवार के साथ हैं। ईश्वर पुण्य आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।


**पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने कहा:** मेरे पूज्य पिताजी स्वर्गीय अशोक कुमार गुप्ता का 14 सितंबर को आकस्मिक निधन हो गया था। उनकी आत्मा की शांति के लिए शुक्रवार को गरुड़ पुराण कराया गया। शनिवार को दोपहर 2 बजे आरके पैलेस में तेरहवीं संस्कार एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। जिसमें नगर व क्षेत्र के सभी सम्मानित नागरिकों से उपस्थित होने की प्रार्थना है। पिताजी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने आए मंत्री और सभी शुभचिंतकों का आभार।

## ट्रेन से कटकर किशोरी की दर्दनाक मौत

**समृद्धि न्यूज, समधन।** बीते गुरुवार रात को किशोरी की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई सुबह शौच क्रिया के लिये गये ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पर शव पड़ा देखकर भौचक्के रह गये और लोगों में घटना को लेकर सनसनी फ़ैल गई। मलिकपुर स्थित रेलवे फाटक के नजदीक बीते गुरुवार रात को किशोरी की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई सुबह जब स्थानीय ग्रामीण शौच क्रिया के लिये रेलवे ट्रैक पर गये तो देखा किशोरी का शव देखकर भौचक्के रह गये वाद में मृतक किशोरी की शिनाख्त काजल देवी 16 वर्ष पुत्री रामनाथ जाटव नथुनी के रूप में की गई घटना की जानकारी पाकर गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी ध्यानेंद्र प्रताप सिंह रामाश्रम चौकी प्रभारी सुरेन्द्र पाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल करने के वाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये कन्नौज मोर्चरी भेज दिया गया है।

## तर्पण

### पिता ने दी सच्चाई के मार्ग पर चलने की शिक्षा



मेरे पिता स्व. अर्जुन सिंह उर्फ मुन्ना चौहान ने हमेशा सच्चाई के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी। वह कहा करते थे व्यापार में ईमानदारी बहुत जरूरी है। वह समय-समय पर जरूरतमंदों की मदद भी करते रहते थे। उन्होंने कभी भी धन को प्राथमिकता नहीं दी बल्कि रिश्तों को सहेजने में विश्वास रखते थे। वर्ष 2022 में 27 जून को वह अपने पुत्रों राघवेंद्र सिंह चौहान रामू व कौशलेंद्र सिंह चौहान श्यामू सहित समस्त परिजनों को रोता बिलखता छोड़कर इस नश्वर संसार से विदा हो गए थे। उनके ब्रह्मलीन होने के बाद भी ऐसा लगता है जैसे वह हमारे आस-पास ही हैं। उनकी दी हुई शिक्षा व सीख आज हमारे काम आ रही है। संत तुल्य पिताश्री के बताए रास्ते पर चलने से मेरा व्यापार दिन दूना रात चौगुना बढ़ रहा है और मेरी सामाजिक प्रतिष्ठा भी बढ़ती जा रही है। आप जहां कहीं भी हो, अपना आशीर्वाद बनाए रखना। आपके बताए मार्ग पर हम सभी सदैव चलते रहेंगे। पितृपक्ष व श्रद्धा के महापर्व पर आपको शत-शत नमन।



स्व. अर्जुन सिंह (मुन्ना) चौहान



कौशलेंद्र सिंह चौहान श्यामू

# विशाल भंडारा में उमड़ी भीड़ इंदिरा आवास कॉलोनी में गणेश महोत्सव



समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

जय बालाजी सेवा समिति इंदिरा आवास कॉलोनी द्वारा संचालित श्री गणेश महोत्सव मैं आयोजित विशाल भंडारा में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रशांत तिवारी एडवोकेट के सानिध्य में हुआ गणेश भोग एवं विशाल भंडारा देर रात्रि तक चलता रहा। इसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद पाकर गणेश जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस आयोजन में विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री दीपक दुबे, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, रोहित, अनुराग त्रिपाठी, पुरुषोत्तम तिवारी एडवोकेट, नारायण तिवारी एडवोकेट, शिवम तिवारी एडवोकेट, कोल्ड मालिक आनंद गुप्ता, डॉक्टर तपन सेन, रामानंद वर्मा, नरेश वर्मा, रजनी सक्सेना, मनु गुप्ता, अनामिका तिवारी, दिव्या, आशु, कृष्णा, सपना, राहुल, सुकेश, गंगाराम गुप्ता, डॉ अनिल दुबे, जितेंद्र कुमार दीक्षित एडवोकेट आदि का विशेष सहयोग रहा।

## पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर विधायक ने किया नमन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** विधायक अर्चना पांडेय ने विधानसभा क्षेत्र स्थित अपने आवास पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं महान राष्ट्रचिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय एवं एकात्म मानव दर्शन समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के कल्याण का मार्ग दिखाता है। उनके विचार, सिद्धांत और राष्ट्रसेवा की भावना सदैव लोगों को प्रेरित करती रहेगी। इस अवसर पर उन्होंने उनके आदर्शों को आत्मसात करने तथा समाज और राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

# पीडीए पंचायत में सपा की नीतियां जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।



नगर में फर्रूखाबाद चौराहे के पास एक स्कूल में आयोजित पीडीए पंचायत में समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। मुख्य अतिथि पीडीए जनपंचायत के जिला प्रभारी अलीगढ़ से आए कुंवर बहादुर बघेल ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा करती आई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों को आम लोगों तक पहुंचाएं और जनसमर्थन बढ़ाएं। प्रदेश सचिव जितेंद्र पाल ने कहा कि वर्तमान सरकार की गलत नीतियों से आम आदमी परेशान है। समाजवादी पार्टी ही जनता के हक और हक की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठित होकर पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इससे पहले फर्रुखाबाद चौराहे पर वीरेंद्र सिंह पाल, राशिद फारूकी, उमेश पाल, विवेक यादव, जितेंद्र सिंह, देवेश्वर, अजीत शाक्य, रामवीर व राकेश कुमार वर्मा ने माल्यार्पण करके जिला प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह बघेल का स्वागत किया।

इस अवसर पर स्वदेश पाल, विश्राम सिंह पाल, अनूप पाल, शिक्षक सभा के जिला उपाध्यक्ष अंकित पाल, पिंटू यादव, बृजेश पाल, विकास, देव सुमित शाहिद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्वजों पितरों की आत्मा की शांति के लिए पवित्र समय है पितृ पक्ष

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

श्राद्ध पक्ष विशेष

आचार्य पं अभय बीरचंद्र त्रिपाठी का कहना है कि श्राद्ध पक्ष पूर्वजों (पितरों) के प्रति सम्मान, कृतज्ञता प्रकट करने और आत्मा की शांति के लिए पवित्र समय है। इस वर्ष पितृपक्ष 26 सितंबर शनिवार पूर्णिमा श्राद्ध से प्रारंभ हो रहा है इसका समापन 10 अक्टूबर शनिवार को सर्व पितृ अमावस्या के साथ होगा। उन्होंने बताया 26 सितंबर को पूर्णिमा श्रद्धा की शुरुआत होगी। प्रतिपदा श्राद्ध 27 सितंबर को, द्वितीय श्राद्ध 28 सितंबर को, तृतीय श्राद्ध 29 सितंबर को, चतुर्थ और पंचम श्राद्ध 30 सितंबर को, षष्ठी श्राद्ध 1 अक्टूबर को, सप्तमी श्राद्ध 2 अक्टूबर को, अष्ट्मी श्राद्ध 3 अक्टूबर को एवं नवमी श्राद्ध 4 अक्टूबर को होगा।



जिन माता बहनों या सुहागिन की मृत्यु हुई उनके लिए उत्तम रहेगा। दशमी श्राद्ध 5 अक्टूबर को तथा 6 और 7 अक्टूबर एकादशी द्वादशी श्राद्ध परिवार के उन सदस्यों के लिए है जिन्होंने सन्यास लिया था। त्रयोदशी श्राद्ध 8 अक्टूबर को तथा चतुर्दशी 9 अक्टूबर का श्राद्ध उनके लिए जिनकी अकाल मृत्यु दुर्घटना या अस्त्र-शस्त्र से हुई है तथा जिन पितरों की मृत्यु याद नहीं है उनका श्राद्ध सर्वपितृ अमावस्या 10 अक्टूबर को होगा। इन 16 दिनों में शुभ और मांगलिक कार्यक्रम जैसे विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन तथा नया व्यापार आदि कार्य वर्जित रहेंगे।

## खबरें एक नजर में

### 150 वीं वर्षगांठ पर वन्दे मातरम् का हुआ सामूहिक गायन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** श्रीमती गंगा देवी चतुर्वेदी सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के आह्वान पर राष्ट्रगीत वन्देमातरम् का सामूहिक गायन 150 वीं वर्षगांठ पर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विख्यात कवि ओमप्रकाश शुक्ल अज्ञात मैं वंदे मातरम गीत के महत्व पर प्रकाश डाला। नमामि भारतम् कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्वान्ह 11 बजे भैया बहनों, प्रधानाचार्य अनिल कुमार शुक्ला, प्रबन्ध समिति के सदस्यों, अभिभावक बन्धु-भगिनी, समस्त आचार्य, आचार्या दीदी ने एक साथ, एक स्वर में गायन प्रारम्भ किया। आचार्य अनुराग त्रिपाठी के संयोजकत्व में सम्पन्न हुए कार्यक्रम में लगभग 525 व्यक्तियों ने भाग लिया । सत्यापन ओमप्रकाश शुक्ल ने किया। साक्षी रजनीश दुबे रहे तथा पर्यवेक्षक जितेन्द्र शाक्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्ध समिति के व्यवस्थापक देवेन्द्र सिंह राठौर, उप प्रबंधक अरविन्द कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष दिवाकर त्रिपाठी, शशिकान्त शुक्ला, सुभाष चन्द्र दुबे व केके शुक्ला आदि उपस्थित रहे। उधर आचार्य अरुण कुमार त्रिपाठी के संयोजकत्व में नगर के वीरेन्द्र पब्लिक स्कूल में नमामि भारत के अन्तर्गत वन्दे मातरम् का सामूहिक गायन प्रबन्धक विमलेश कुमार दुबे की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में 300 छात्रों एवं अध्यापक गण ने सामूहिक गायन किया।

### बारिश में नहीं थमी गणपति भक्ति, भीगते हुए थिरके भक्त



**कन्नौज।** सुबह से हो रही बारिश और ठंडी हवाओं के बीच शुक्रवार को इत्रनगरी में गणेश प्रतिमाओं की विसर्जन यात्राएं निकाली गईं। बारिश की फुहारें भक्तों की आस्था पर भारी नहीं पड़ीं। युवक और बच्चे भीगते हुए डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों पर जमकर थिरकते रहे। महिलाएं छाता लेकर यात्रा में शामिल हुईं। कई जगह प्रतिमाओं को बारिश से बचाने के लिए पन्नी से ढककर ले जाना पड़ा। शहर में 30 से अधिक स्थानों पर गणेश पंडाल सजाए गए थे। शुक्रवार सुबह इन पंडालों से विसर्जन यात्राएं शुरू हुईं। कटरा बहादुर, ठाकुराना, सफदरगंज, हरीनगर, कचहरी टोला, मीराटोला, बाबाकुइयां, गिहार बस्ती मकरंदनगर, शिवाजीनगर, ठेकेदार गली, खिड़की मोहल्ला और सरायमीरा धर्मशाला समेत कई इलाकों से यात्राएं निकलीं। बारिश के बावजूद पुलिसकर्मी यातायात और सुरक्षा व्यवस्था संभालते नजर आए। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने भी विसर्जन स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### भूजल का गिरता स्तर दे बजा रहा खतरे की घंटी: संतोष कुमार

**कन्नौज।** सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को विकास भवन स्थित हर्षवर्धन सभागार में भूजल संरक्षण पर गोष्ठी हुई। अध्यक्षता उपायुक्त एनआरएलएम राज कुमार लोधी ने की। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण को जनभागीदारी से जनआंदोलन बनाना होगा। उप निदेशक कृषि ने कहा कि पानी खर्च किया जा सकता है, बनाया नहीं जा सकता। उन्होंने बताया कि सौरिख में भूजल स्तर 10.09 मीटर, छिबरामऊ में 5.87, हसेरन में 4.95, तालग्राम में 3.91 और कन्नौज में 3.19 मीटर तक गिरा है। संतोष ने किसानों से टपक व बौछारी सिंचाई अपनाने की अपील की। इससे 30 से 70 प्रतिशत पानी बचाया जा सकता है। लेजर लैंड लेवलर से भी सिंचाई जल की खपत घटती है। उप वन क्षेत्राधिकारी राज कुमार सिंह ने पौधरोपण पर जोर दिया। भूमि संरक्षण अधिकारी कौशल किशोर ने खेत तालाब व मेड़बंदी की जानकारी दी।

# अर्चना पांडेय ने किया 'सेवा संकल्प अभियान' का शुभारंभ

▸ कहा- जन समस्याओं का त्वरित निस्तारण हमारी प्राथमिकता

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।



नगर पालिका परिसर में 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले 'सेवा संकल्प 2026' कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा विधायक अर्चना पांडेय ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि नगर पालिका के माध्यम से करों, सफाई, जलापूर्ति और नालियों की सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक ने सभी विभागों से अपील की कि वे शिविर में आने वाले नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लें और उनका समाधान सुनिश्चित करें। प्रथम दिवस के शिविर में स्वास्थ्य, जिला पूर्ति, समाज कल्याण और नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा शिकायतें दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की। नगर पालिका ने विशेष रूप से गृहकर, जलकर और अन्य कर संबंधी जानकारी व मार्गदर्शन उपलब्ध कराया। सफाई, कूड़ा उठान और जलापूर्ति संबंधी शिकायतों पर कर्मचारियों को निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे, अधिशासी अधिकारी अजय कुमार पटेल, अवर अभियंता रविराज कौशल, सभासद हिमांक त्रिपाठी, रमाकांत त्रिपाठी, पंकज दुबे सहित भाजपा नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता एवं पालिका स्टाफ उपस्थित रहा।

# स्कूल में 1 अक्टूबर तक पढ़ाया जायेगा बाल अधिकारों का कानूनी पाठ

समृद्धि न्यूज, कन्नौज।

▸ पाक्सों एक्ट और बाल संरक्षण कानूनों की देंगे जानकारी

बच्चों को उनके अधिकारों और सुरक्षा संबंधी कानूनों की जानकारी देने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 25 सितंबर से एक अक्टूबर तक विशेष विधिक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर होने वाले अभियान में जिले के चिन्हित विद्यालयों में न्यायिक अधिकारी छात्र-छात्राओं को जागरूक करेंगे। अभियान के तहत सुबह की प्रार्थना सभा में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें बच्चों को पॉक्सो एक्ट-2012, महिला एवं बाल अधिकारों के प्रमुख प्रावधान और कानून का उल्लंघन करने पर होने वाली कार्रवाई की जानकारी दी जाएगी। साथ ही बच्चों को सुरक्षित वातावरण, बाल संरक्षण और शोषण की स्थिति में मिलने वाली निशुल्क कानूनी सहायता के बारे में भी बताया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की न्यायाधीश-सचिव पौमेला श्रीवास्तवा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य बच्चों को उनके विधिक अधिकारों और सुरक्षा संबंधी प्रावधानों से अवगत कराना है, ताकि जरूरत पड़ने पर वे बिना भय के त्वरित कानूनी सहायता प्राप्त कर सकें।

## फॉर्च्यूनर पलटी, शीशे तोड़कर सिपाही दंपती ने बचाई पांच की जान

**कन्नौज।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बुधवार दोपहर बारिश और तेज रफ्तार के चलते फॉर्च्यूनर अनियंत्रित होकर डिवाइडर की फेंसिंग तोड़ते हुए पलट गई। हादसे में सुल्तानपुर की जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह समेत पांच लोग घायल हो गए। कार में फंसे घायलों की चीख-पुकार सुनकर वहां से गुजर रहे सिपाही दंपती ने शीशे तोड़कर उन्हें बाहर निकाला।
हादसा सौरिख थाना क्षेत्र में माइल स्टोन 170+900 के पास हुआ।
लखनऊ से दिल्ली जा रही फॉर्च्यूनर (यूपी 32 एमके 2097) बारिश के दौरान अनियंत्रित होकर पलट गई।
कार में चालक विकास यादव समेत पांच लोग सवार थे। इसी दौरान सिपाही अमित तेवरिया और उनकी पत्नी अर्चना सिंह वहां पहुंचे। दोनों ने रायफल की बट से कार के शीशे तोड़कर घायलों को बाहर निकाला। सूचना पर यूपीडा टीम और एंबुलेंस पहुंची।

## सेवा संकल्प कैंप में एक छत के नीचे मिलीं योजनाओं की सुविधाएं

**तिर्वा/कन्नौज।** तिर्वा नगर पंचायत में शुक्रवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत बहुउद्देशीय सेवा कैंप लगाया गया। इसमें आमजन को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विभागवार काउंटर लगाए गए। राशन कार्ड, विधवा, वृद्धावस्था व दिव्यांग पेंशन, ओटीएस, प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडिंग योजना के काउंटर प्रमुख रहे। लाभार्थियों की समस्याओं के समाधान और योजनाओं की जानकारी के लिए हेल्प डेस्क भी बनाया गया। विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने लोगों से प्रार्थना पत्र लेकर पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और जरूरी अभिलेखों की जानकारी दी। ईओ बबलू कुमार ने बताया कि कैंप का उद्देश्य नागरिकों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत देना है।

# यूपीआई टैक्स को लेकर व्यापारियों ने जताया विरोध

▸ उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की बैठक

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।



जिला महामंत्री आशीष वर्मा के फार्म हाउस पर हुई उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की मासिक बैठक में यूपीआई टैक्स को लेकर व्यापारियों ने विरोध जताते हुए इसे वापस लेने की मांग की। जिलाध्यक्ष आनंद गुप्ता ने कहा कि सरकार एक ओर व्यापारियों और आम लोगों को डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहित कर रही है, वहीं दूसरी ओर यूपीआई पर टैक्स लगाया जा रहा है। इससे डिजिटल भुगतान के बजाय नकद लेनदेन बढ़ने की संभावना है, जो सरकार की डिजिटल अर्थव्यवस्था की मंशा के अनुरूप नहीं होगा। उन्होंने कहा कि व्यापारी देश की आर्थिक उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। यूपीआई पर टैक्स लगने से व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ेगा और व्यापार प्रभावित हो सकता है। उन्होंने सरकार से यूपीआई टैक्स वापस लेने की मांग की, ताकि व्यापारियों को लेनदेन में परेशानी न हो। जिलाध्यक्ष ने संगठन विस्तार और आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की। नगर संरक्षक विनोद गुप्ता की अध्यक्षता और जिला उपाध्यक्ष अवनीश गुप्ता के संचालन में हुई बैठक में जिला संयोजक आईटी सेल गौरव त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष उमेश मिश्रा, उपाध्यक्ष नीरज भाटिया, मंत्री प्रदीप गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष संतोष गुप्ता, नीतू मिश्रा, सभासद सौरव सविता, युवा नगर अध्यक्ष डॉ. आदित्य श्रीवास्तव, गोपाल गुप्ता और मयंक वर्मा आदि मौजूद रहे।

## आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ, दस कार्यकत्रियां सम्मानित

▸ 40 कार्यकत्रियों को सीडीओ ने बांटी साड़ियां
▸ सात गर्भवती महिलाओं की हुई गोदभराई



**कन्नौज।** बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम का गुरुवार को विकास भवन के हर्षवर्धन सभागार में शुभारंभ हुआ। सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास ने 40 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को साड़ी वितरित कीं। उत्कृष्ट कार्य करने वाली 10 कार्यकत्रियों को सम्मानित किया गया। सात गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और एक बच्चे का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। कार्यक्रम में पोषण, स्वास्थ्य और मातृ-शिशु देखभाल से संबंधित योजनाओं के स्टॉल लगाए गए। कार्यकत्रियों के बीच पौष्टिक व्यंजनों की रेसिपी प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता भी हुई। सीडीओ ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मातृ-शिशु स्वास्थ्य और पोषण सेवाओं की अहम कड़ी हैं। उन्होंने पात्र लाभार्थियों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने और जिम्मेदारी से दायित्व निभाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में करीब 100 कार्यकत्री, सहायिका व अन्य प्रतिभागी मौजूद रहे।

# बोलेरो से कुचलकर छात्र की हत्या, पांच घायल

▸ चाचा के कहने पर आरोपी ने लोगों पर चढ़ाई बोलेरो
▸ छात्र को दो बार कुचलने का लगाया आरोप
▸ पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए डाली दबिश

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।



सदर कोतवाली क्षेत्र के महमूदपुर पैठ गांव में गुरुवार रात वर्चस्व को लेकर दो गुटों में विवाद के बाद बोलेरो से कुचलकर बीएससी छात्र आशीष उर्फ भोलू (18) की हत्या कर दी गई। आरोप है कि दूसरे गुट के लोगों पर बोलेरो चढ़ाने के दौरान चालक ने आशीष को दो बार कुचला। हादसे में पांच अन्य लोग भी घायल हुए हैं। पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। रामपुर निवासी आशीष गुरुवार रात गांव के पास चाय की दुकान पर हुए विवाद के दौरान मौजूद था। कहासुनी बढ़ने पर दोनों पक्षों ने अपने-अपने गांव से लोगों को बुला लिया। आरोप है कि महमूदपुर पैठ निवासी मटरू उर्फ श्याम सिंह ने अपने भतीजे अंकित से दूसरे पक्ष के लोगों पर बोलेरो चढ़ाने को कहा। अंकित ने बोलेरो दौड़ा दी और आशीष को दो बार कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आदित्य, शिवा, पृथ्वी सिंह, राकेश दोहरे और जाफरीन घायल हो गए। आशीष ने हाल ही में फर्रुखाबाद के मोहम्मदाबाद स्थित मेजर एसडी सिंह यूनिवर्सिटी में एग्रीकल्चर से बीएससी में दाखिला लिया था। एसपी विनोद कुमार ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। आरोपी फरार हैं, पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## बारिश भी नहीं डिगा सकी राष्ट्रप्रेम, एक स्वर में गूंजा वंदे मातरम



**तिर्वा/कन्नौज।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तिर्वा के क्रीड़ा मैदान में 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'नमामि भारतम्' कार्यक्रम आयोजित किया गया। बारिश के बावजूद विद्यार्थियों का उत्साह कम नहीं हुआ। भीगते हुए विद्यार्थियों, आचार्यों और गणमान्य नागरिकों ने एक स्वर में राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया। मुख्य अतिथि राज्य कर अधिकारी प्रेरणा द्विवेदी ने कहा कि राष्ट्र की शक्ति युवा पीढ़ी में निहित है। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन, कर्तव्यबोध और राष्ट्रप्रेम को जीवन में उतारना चाहिए। जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज और आरएसएस के विभाग प्रचारक राहुल ने 'वंदे मातरम' के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग प्रचारक राहुल ने की। अध्यक्ष डॉ. केपी विश्वास, प्रबंधक त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी और प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा मौजूद रहे। कार्यक्रम की लाइव फोटोग्राफी की गई। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम को एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने रिकॉर्ड किया।

# कानपुर-कासगंज रेललाइन होगी डबल, बढ़ेगी रफ्तार

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।



पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने गुरुवार शाम कन्नौज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कानपुर-कासगंज रेललाइन का दोहरीकरण कराया जाएगा।

इससे ट्रेनों की रफ्तार बढ़ने के साथ नई ट्रेनों के संचालन की राह भी खुलेगी। जीएम ने करीब 40 मिनट तक स्टेशन का जायजा लिया। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति देखी। प्लेटफार्म, वेटिंग हॉल, टिकट काउंटर, फुटओवर ब्रिज और निर्माणाधीन हिस्सों का निरीक्षण किया। काम की धीमी गति पर उन्होंने कार्यदायी संस्था को नोटिस देने की चेतावनी दी। तय समय में गुणवत्तापूर्ण काम पूरा करने के निर्देश दिए।पार्किंग एरिया में गंदगी मिलने और ओएचई का सपोर्ट वायर टूटा पाए जाने पर जीएम नाराज हो गए। उन्होंने सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

स्टेशन पर यात्री सुविधाएं बढ़ाने, प्लेटफार्म विस्तार और सौंदर्याकरण पर भी जोर दिया। उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जीएम को ज्ञापन सौंपकर एलीवेटेड ट्रैक निर्माण के दौरान कालिंदी एक्सप्रेस को फर्रूखाबाद-मंधना होकर चलाने की मांग की। सर्कुलेटिंग एरिया में शौचालय और दुकानों के निर्माण की मांग भी रखी। इस दौरान डीआरएम वीणा सिन्हा समेत रेलवे अधिकारी मौजूद रहे।

# ढोल-नगाड़ों के साथ निकली गणपति शोभायात्रा

समृद्धि न्यूज,कमालगंज।

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बे में शुक्रवार सुबह गणेश महोत्सव का समापन अत्यंत धूमधाम और भक्तिमय माहौल के बीच हुआ। धार्मिक अनुष्ठान, पूजन और हवन के उपरांत जैसे ही गौरीसुत को ढोल-नगाड़ों की गूंज के साथ भव्य रथ पर विराजमान किया गया, अचानक झमाझम बारिश शुरू हो गई। हालांकि, बरसते पानी के बीच भी श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई और बप्पा के प्रति अटूट आस्था के आगे बारिश फीकी पड़ गई।

कानपुर-फतेहगढ़ राज्यमार्ग स्थित दीपकेशरी माता मंदिर से जब विसर्जन शोभायात्रा आगे बढ़ी, तो गणपति बप्पा मोरया.. अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा का वैभव देखने के लिए सड़कों के दोनों ओर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। डीजे की धुनों पर युवा और बच्चे थिरकते हुए चल रहे थे। श्रद्धालुओं की टोलियों ने एक-दूसरे के कांधे पर चढ़कर मानव शिखर बनाया और हाथों में भगवा ध्वज लहराकर जयकारे लगाए। पूरे मार्ग में बप्पा के रथ और श्रद्धालुओं पर गुलाब के फूलों की पंखुड़ियों की वर्षा की जाती रही। श्रद्धा और भक्ति के रंग में डूबी महिलाएं भी भजनों पर नृत्य करती नजर आईं। महिलाओं की भारी भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए आयोजक वॉलिंटियर्स की टोली बेहद सतर्क दिखी। वॉलिंटियर्स सड़क पर महिलाओं के चारों ओर रस्सी का सुरक्षित घेरा बनाकर साथ-साथ चल रहे थे। महिलाएं अपनी गोद में लिए छोटे बच्चों को ऊपर उठाकर उत्सव में भागीदार बना रही थीं। वहीं, गजानन के रथ से प्रसादी लेने के लिए भक्तों के बीच होड़ लगी रही। शोभायात्रा का रामलीला आरती वाले चौराहे पर विशाल माला अर्पित कर भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद यात्रा तपस्वी वाले बाग स्थित मंदिर पहुंची, जहां सुरक्षा और व्यवस्था के दृष्टिगत महिलाओं को वहीं से वापस भेज दिया गया। इसके बाद पुरुष श्रद्धालुओं की टोली भगवान श्री गणेश की प्रतिमा को लेकर जल विसर्जन हेतु पांचालघाट के लिए रवाना हो गई। पांचाल घाट पर पहुंचने पर गणेश प्रतिमा को भू-विसर्जित किया गया। वहीं करीब 300 पुलिसकर्मियों को सुरक्षा में लगाया गया। कमालगंज के साथ राजेपुर, मेरापुर, मोहम्मदाबाद समेत कई थानों का पुलिस बल तैनात रहा।



विसर्जन यात्रा में उमड़े भक्तगण

## आईटीआई चतुर्थ सत्र चरण प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**फर्रुखाबाद।** राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश के राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2026-2027 के चतुर्थ चरण की प्रवेश प्रक्रिया जारी कर दी गई है। नोडल प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया की समय-सारणी व दिशा-निर्देश जारी किये गये है। प्रथम तीन चरणों में शासकीय आईटीआई में प्रवेश ले चुके ऐसे अभ्यर्थी जो अपना प्रवेश निरस्त कराना चाहते हैं, वे 27 सितंबर से 29 सितंबर तक परिषद के पोर्टल पर लॉग-इन कर राजकीय संस्थानों में प्रवेश पृथक नाम कटाने हेतु लिंक पर कारण सहित अपनी सहमति दर्ज कर सकते हैं। जिन प्रवेशित अभ्यर्थियों ने किसी भी चरण में सवंज विकल्प चुना था और उनका उच्चीकरण नहीं हुआ था, उन्हें रिक्त सीटों के सापेक्ष मेरिट व विकल्प के अनुसार उच्चीकरण का अवसर दिया जाएगा। अभ्यर्थी पोर्टल पर अपनी पंजीकरण संख्या और जन्मतिथि दर्ज करके बुलावा पत्र देख व डाउनलोड कर सकते हैं। इसकी सूचना अभ्यर्थियों को पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस द्वारा भी भेजी जाएगी। उच्चीकरण सूची में चयनित अभ्यर्थियों को 01 अक्टूबर से 03 अक्टूबर तक अवकाश के दिनों सहित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी।

# डॉ. संदीप कुमार द्विवेदी बने संस्कृत भारती के जनपद संयोजक

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

भारतीय महाविद्यालय के सभागार में शुक्रवार को संस्कृत भारती के तत्वावधान में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। संगठन विस्तार करते हुए डॉ. संदीप कुमार द्विवेदी को नया जनपद संयोजक नियुक्त किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रमन प्रकाश ने की।

मुख्य अतिथि संस्कृत भारती के अखिल भारतीय अभिलेखागार प्रमुख हुलास चंद्र व विशिष्ट अतिथि पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र संगठन मंत्री प्रमोद पंडित तथा सारस्वत अतिथि के रूप में कानपुर प्रांत के प्रांत मंत्री डॉ. रत्नेश त्रिवेदी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि हुलास चंद्र ने कहा कि भारतीय संस्कृति के संरक्षण और रक्षण के लिए संस्कृत भाषा का दैनिक जीवन में व्यावहारिक प्रयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संस्कृत को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण गुर प्रदान किए। विशिष्ट अतिथि प्रमोद पंडित ने जनपद में संस्कृत के प्रचार-प्रसार के लिए नवीन तथा अत्याधुनिक संचार तकनीकों एवं डिजिटल माध्यमों के उपयोग पर विशेष बल दिया। कानपुर प्रांत के अध्यक्ष अजीत अग्रवाल की सहमति से प्रांत मंत्री डॉ. रत्नेश त्रिवेदी ने डॉ. संदीप कुमार द्विवेदी को जनपद के जनपद संयोजक पद पर नियुक्त करने की आधिकारिक घोषणा की। इस अवसर पर डॉ. उपेंद्र तिवारी, रमाकांत द्विवेदी, अर्चना, रेणु अवस्थी, रंजन सक्सेना के अलावा विवेक सिंह, डॉ. आलोक बिहारी लाल, समीर गुप्ता, डॉ. प्रेम शंकर पांडे, डॉ. निधीश कुमार सिंह, डॉ. रमाशंकर, डॉ. मधुप कुमार, प्राची गोस्वामी, विजय कुमार, अशोक मिश्रा, प्रतिभा, सरजेश कुमार मौजूद रहे।



विचार व्यक्त करते प्रांतीय मंत्री डॉ. रत्नेश त्रिवेदी

# श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य शिविर एवं जागरुकता कैंप का हुआ आयोजन

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय द्वारा सेवा संकल्प अभियान 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर के तहत मेसर्स नारायण इंटरनेशनल बेवर रोड में विशेष कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, पंजीकरण, नवीनीकरण और लेबर चौक एप के प्रचार-प्रसार के संबंध में जानकारी दी गई।

शिविर में उपस्थित श्रमिकों ने अधिक से अधिक पंजीकरण, नवीनीकरण कराने तथा लेबर चौक एप का उपयोग करने का आश्वासन दिया। सिविल चिकित्सालय लिंजीगंज की टीम द्वारा कैंप में उपस्थित कुल 31 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान श्रमिकों को आवश्यक परामर्श देने के साथ मुफ्त दवाइयों का वितरण किया गया और जांच टीम ने मलेरिया से बचाव के उपायों की भी जानकारी दी। सहायक श्रम आयुक्त नम्रता सिंह ने बताया कि अभियान के तहत आने वाले दिनों में भी स्वास्थ्य शिविरों और योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु कैंप आयोजित किए जाएंगे।



शिविर में मौजूद चिकित्सक व अधिकारी

## छेड़छाड़ व दुष्कर्म के प्रयास में दो दोषी करार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विशेष न्यायालय एस0सी0/एस0टी0 एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायाधीश तरुण कुमार सिंह प्रथम ने वर्ष 2016 के छेड़खानी व बलात्कार के प्रयास के मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने आरोपी कुलदीप और आशीष को भारतीय दंड संहिता की धारा 354ए छेड़खानी और 376/511 दुष्कर्म का प्रयास के तहत दोषी पाया है। वहीं साक्ष्यों के अभाव में अदालत ने दोनों को एस0सी0/एस0टी0 एक्ट की धारा 3(1)(11) के आरोपों से मुक्त कर दिया।

मामला कायमगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भटासा का है। पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार, 3 अगस्त 2016 की शाम करीब 8 बजे जब वह शौच के लिए घर के पास खेत में गई थी, तब गांव के ही कुलदीप पुत्र सत्यराम यादव और आशीष पुत्र नानिकराम यादव ने उसे अकेली पाकर दबोच लिया। आरोपियों ने पीड़िता के साथ अश्लीलता करते हुए उसके कपड़े फाड़ दिए और जबरदस्ती बलात्कार करने का प्रयास किया। पीड़िता के चिल्लाने पर उसकी सास और पति मौके पर पहुंचे और आरोपियों को ललकारा। आरोपियों के पास तमंचे थे, जिससे वे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। मामले में थाना कायमगंज पर 5 अगस्त 2016 को मुकदमा दर्ज किया गया था। अदालत ने अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर दोनों अभियुक्तों को धारा 354ए और 376/511 के तहत दोषी करार दिया। फैसले के समय अदालत में उपस्थित अभियुक्त आशीष को तुरंत न्यायिक अभिरक्षा में ले लिया गया। दूसरा अभियुक्त कुलदीप अदालत में अनुपस्थित रहा, जिसके चलते उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया है। अदालत ने कुलदीप की उपस्थिति और दोनों दोषियों की सजा के प्रश्न पर सुनवाई के लिए 30 सितंबर की तिथि तय की है।

# राशन कालाबाजारी में कोटेदार और बेटे पर एफआईआर दर्ज

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

विकास खण्ड कमालगंज तहसील सदर की ग्राम पंचायत अहमदपुर देवरिया में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के खाद्यान्न में कालाबाजारी और अनियमितता का मामला सामने आया है। शिकायतों के आधार पर पूर्ति निरीक्षक द्वारा की गई जांच में धांधली की पुष्टि होने के बाद प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है।

जिला पूर्ति अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि निलंबित उचित दर विक्रेता मीना देवी ने अनुचित लाभ कमाने की नीयत से खाद्यान्न की कालाबाजारी/डायवर्जन किया गया था। जांच में खाद्यान्न में हेराफेरी पाई गई। जिसमें गेहूँ 40.611 कुंतल, चावल 65.149 कुंतल, बाजरा 34.400 कुंतल, चीनी 29 किलोग्राम की हेराफेरी की गई। जिलाधिकारी के अनुमोदन आदेश 22 सितंबर के अनुपालन में कोटेदार मीना देवी की दुकान का अनुबंध पत्र निरस्त कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत थाना कोतवाली जहांगंज में मीना देवी और उनके पुत्र अंकित कटियार के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट एफआईआर दर्ज करा दी गई है। जिला पूर्ति अधिकारी ने जनपद के सभी कोटेदारों को निर्देशित किया है कि राशनकार्डधारकों को नियमानुसार आवश्यक वस्तुओं का वितरण सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर दोषी विक्रेताओं के खिलाफकठोर विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



जांच पड़ताल करते अधिकारी

## खबरें एक नजर में

### सड़क हादसों में दंपती समेत तीन घायल



घायल को देखते चिकित्सक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में शुक्रवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें घर भेज दिया। शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे गांव बेग के पास नहर पुल पर हुआ। कस्बा नवाबगंज के मुख्य चौराहा निवासी मुकेश गुप्ता अपनी पत्नी के साथ बाइक से शाहजहांपुर रिश्तेदारी में जा रहे थे, तभी पीछे से आ रहे एक अन्य बाइक सवार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मुकेश घायल हो गए। परिजनों ने एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी पहुंचाया। वहीं दूसरी घटना दोपहर करीब 12 बजे गांव दौलतपुर के पास घटी। थाना क्षेत्र के गांव ज्यूनी निवासी भूरे अपनी पत्नी बेबी के साथ बाइक से नवाबगंज आ रहे थे, तभी अचानक अनियंत्रित होकर बाइक फिसल गई और दोनों गिरकर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया। सीएचसी अधीक्षक डॉ0 लोकेश शर्मा ने बताया कि सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया है।

### परिवार न्यायालय में परामर्शदाता का पद रिक्त

**उन्नाव।** प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय उन्नाव ने बताया हैं कि वर्तमान में परिवार न्यायालय उन्नाव में परामर्शदाता का एक पद रिक्त है। परामर्शदाता के पद के लिये आवश्यक शैक्षिक योग्यता एंव आयु निम्न होनी चाहिए। आवेदनकर्ता की शैक्षिक अर्हता समाजशास्त्र या मनोविज्ञान में से किसी एक विषय में स्नातक हो और उसे समाजसेवा का अनुभव हो। सामाजिक कार्य में मास्टर डिग्री धारक और परिवारिक काउन्सलिंग में 02 वर्ष का अनुभव प्राप्त आवेदक परामर्शदाता को वरीयता दी जायेगी। आवेदक परामर्शदाता की उम्र 35 से 65 वर्ष के बीच होनी चाहिए। परामर्शदाता के पद के लिये जनपद में निवास करने वाले व्यक्तियों की वरीयता दी जायेगी। आवेदक परामर्शदाता का कार्यकाल प्रारम्भ में से 03 वर्ष का होगा। उच्च न्यायालय की संस्तुति के आधार पर 03 वर्ष के लिये उनके नाम पर पुनर्विचार किया जा सकता है।

### बारिश ने किसानों को चिन्ता में डाला

**बांगरमऊ, उन्नाव।** नगर व क्षेत्र में गुरुवार रात से शुरू हुई बारिश शुक्रवार को पूरे दिनभर रुक-रुककर होती रही। इससे लोगों को उमस और गर्मी से राहत जरूर मिली है वहीं जनजीवन प्रभावित रहा। बारिश से किसानों को काफी चिन्ता में भी डाल दिया। गुरुवार शाम से शुरू हुई बारिश रात भर और आज पूरे दिन धीमी गति से लगातार हो रही बारिश से जहां सड़कों पर सन्नाटा रहा स वहीं बाजार की दुकानों पर भी काफी सन्नाटा देखा गया स बारिश के कारण लोग घरों में ही पूरे दिन दुबके रहे स जरूरी काम से घरों से निकलने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहे और रुक- रुककर बारिश होती रही स ग्रामीण क्षेत्रों में भी वर्षा का असर दिखाई दिया। वहीं किसानों का कहना था कि बारिश से खेतों में खड़ी फसल को नुकसान हो सकता है और जो किसान सरसों व कच्ची आलू की फसल बोवाई की तैयारी कर रहे थे । उन्हें काफी परेशान देखा गया । क्षेत्र के ग्राम नसिरापुर,रघुरामपुर जकटापुर, हैबतपुर,हसनापुर, कबीरपुर,नेवल, जगतनगर, आदि कई गाँवो के कच्ची आलू की फसल पैदा करने वाले किसानों का कहना था कि जोताई किये गए खेतों में आज हुई बारिश से खेतों में इतनी नमी आ गई है कि जल्दी जोताई ही नही की जा सकती है।

# डीएम-एसपी ने गणेश प्रतिमा विसर्जन की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने संयुक्त रूप से गणेश प्रतिमा विसर्जन हेतु पांचाल घाट पर गंगा किनारे बनाए गए विसर्जन घाट का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिगत की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा घाट पर साफ-सफाई, प्रकाश, बैरिकेडिंग, पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त रखी जाएं। उन्होंने गंगा नदी में निर्धारित एवं सुरक्षित स्थान पर ही प्रतिमाओं का विसर्जन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। घाट पर पर्याप्त पुलिस बल एवं सुरक्षा कर्मियों की तैनाती के साथ ही श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गंगा में गहरे पानी की ओर श्रद्धालुओं को न जाने दिया जाए तथा आवश्यकतानुसार लगातार निगरानी रखी जाए। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि विसर्जन स्थल पर यातायात एवं भीड़ प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था बनाए रखें तथा महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने घाट पर तैनात पुलिस एवं सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। डीएम व एसपी ने श्रद्धालुओं से अपील की कि गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थल एवं सुरक्षा निर्देशों का पालन करें तथा गंगा नदी को स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर संजय कुमार, उप जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश पाण्डेय, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका विनोद कुमारद्व नायब तहसीलदार हरदीपक सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



निरीक्षण करते डीएम व एसपी

## आरोग्य पथ पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया जागरूक




नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते छात्र-छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ कैण्ट में मनाये जा रहे स्वच्छता अभियान पखवारे के दूसरे दिन शुक्रवार को कक्षा 9 के 32 छात्र-छात्राओं ने फतेहगढ़ स्थित आरोग्य पथ पर स्वच्छता ही सेवा विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों स्वच्छता के लिए जागरूक किया। विद्यालय के उन 32 छात्र- छात्राओं द्वारा आरोग्य पथ के आस पास क्षेत्र में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। प्रधानाचार्या सोनिया शर्मा ने कहा आजकल बदलते मौसम में डेंग्यू जैसे संक्रामक रोग फैलने का खतरा रहता है, जिसके लिए विषाक्त रोगाणुओं के पनपने से बचने के लिये स्वच्छता परम आवश्यक है। उप-प्रधानाचार्य नितिन चतुर्वेदी ने कहा कि रुके हुए पानी और आस-पास फैली गन्दगी में संक्रामक रोगों को फैलाने वाले मच्छर पनपते हैं। हमें कूलर इत्यादि में पानी को बदलते रहना चाहिये। इस अवसर पर डॉ0 राजेश पाण्डेय, डॉ0 अञ्जना चौहान, सीमा गुप्ता, नैन्सी गुप्ता, सौरभ सिंह पाल, सुरेन्द्र सिंह परिहार, अमितेश पाठक, ब्रजवाला, राम सागर आदि मौजूद रहे।

## शादी के नाम पर जेवर हड़पने और युवक की जहर देकर हत्या का आरोप

कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने के दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने बेटे की हत्या और जेवर हड़पने के मामले में कड़ा रुख अपनाया है। न्यायालय ने संबंधित थाना अध्यक्ष को रीना देवी और अन्य अभियुक्तों के खिलाफसुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने का सख्त निर्देश दिया है। न्यायालय में पेश किए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार आवेदक सुखवीर सिंह ने रीना देवी और अन्य विपक्षियों के खिलाफशिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि आरोपियों ने शादी के बहाने घर से 8 तोला सोना और 700 ग्राम चांदी के जेवर हड़प लिए। जब सुखवीर सिंह का पुत्र रामकुमार अपनी पत्नी और बच्चों को लिवाने ससुराल गया, तो अभियुक्तों ने षड्यंत्र रचकर उसे जहर दे दिया। जहर देने के बाद आरोपियों ने रामकुमार को ग्राम बिराहिमपुर के पास अर्धबेहोशी की हालत में फेंक दिया और भाग गए। लोहिया अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। मृत्यु से पहले रामकुमार ने अपने परिजनों को बताया था कि अभियुक्तों द्वारा उसे जहर दिया गया है। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रीतिमाला चतुर्वेदी ने पाया कि मामला प्रथम दृष्टया गंभीर और संज्ञेय अपराध हत्या से जुड़ा है। थाना पुलिस की ओर से मामले में पूर्व में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई थी। न्यायालय ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 173(4) के तहत प्रार्थना पत्र स्वीकार करते हुए संबंधित थाना प्रमुख कायमगंज/संबंधित थाना को निर्देश दिया कि मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए और एक सप्ताह के अंदर विवेचना की सूचना अदालत को भिजवाना सुनिश्चित करें।

# द्विवार्षिक निर्वाचन के लिए बैठक हुई सम्पन्न

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश विधान परिषद के आगरा खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के दृष्टिगत 25 सितम्बर को जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। आगरा खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत आता है। उपस्थित समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधान परिषद निर्वाचन कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। द्विवार्षिक निर्वाचन के अंतर्गत आगरा खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के प्रस्तावित मतदेय स्थलों की सूची उपलब्ध कराते हुए उनके संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जनपद में स्थापित मतदेय स्थलों के सत्यापन के संबंध में उप जिलाधिकारियों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार किया गया। साथ ही उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से प्रस्तावित मतदेय स्थलों के संबंध में दावे, आपत्तियां एवं सुझाव उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित मतदेय स्थलों के संबंध में अपनी सहमति प्रदान की गई। उन्हें अवगत कराया गया कि यदि किसी प्रतिनिधि को कोई आपत्ति अथवा सुझाव हो तो उसे तत्काल उपलब्ध कराया जाए, ताकि नियमानुसार परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की जा सके। बैठक में सपा नेता सुभाष चन्द्र शाक्य, अचल प्रताप सिंह, अंकुर सिंह, बसपा से रामरतन गौतम, अपना दल से आयुष गुप्ता, मुकेश गुप्ता जिला संयोजक चुनाव भारतीय जनता पार्टी, सीपीआईएम से सुनील कुमार कटियार के अलावा अविनव कुमार तहसीलदार कायमगंज, श्वेता साहू उप जिलाधिकारी अमृतपुर तथा डॉ0 सचिन वर्मा उप जिलाधिकारी सदर न्यायिक सहित संबंधित अधिकारी एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



बैठक में मौजूद राजनैतिक प्रतिनिधि

# मेजर एसडी सिंह मेडिकल कॉलेज में मना विश्व फार्मासिस्ट दिवस

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन द्वारा विश्व फार्मासिस्ट दिवस के उपलक्ष्य में 25 सितंबर को कार्यक्रम का आयोजन मेजर एसडी सिंह मेडिकल कॉलेज बघार में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आरसी माथुर रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों के रूप में औषधि निरीक्षक डॉ.स्वागतिका घोष, जिला प्रभारी डॉ. शिवम राजपूत तथा साई मीरा कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रिंसिपल डॉ. अर्पित कटियार रहे। इस दौरान फार्मासिस्टों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र यादव, जिला संरक्षक डॉ. धर्मेंद्र सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष डॉ. अर्पित यादव मौजूद रहे। वहीं मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन भी भेजा गया। जिसमें मांग की है कि प्रदेश के 4 लाख फार्मासिस्टों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस चिकित्सा योजना का लाभ देने की मांग की है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि फार्मासिस्ट प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा हैं। महामारी और सामान्य दिनों में निरंतर सेवाएं देने के बावजूद बड़ी संख्या में फार्मासिस्ट व्यापक स्वास्थ्य सुरक्षा से वंचित हैं। किसी भी आकस्मिक बीमारी या दुर्घटना की स्थिति में इलाज का खर्च उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति पर गंभीर प्रभाव डालता है।

प्रदेश के सभी पंजीकृत फार्मासिस्टों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस चिकित्सा योजना से जोड़ा जाए। फार्मासिस्टों और उनके आश्रितों के लिए कैशलेस स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जाएं। निजी एवं सरकारी चिकित्सा संस्थानों में नियमानुसार उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जाए। शासन स्तर पर फार्मासिस्ट प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश तय किए जाएं। एसोसिएशन ने सरकार से मांग की है कि इस पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए, ताकि फार्मासिस्टों और उनके परिवारों को सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा मिल सके।



कार्यक्रम में मौजूद फार्मासिस्ट

# छेड़छाड़ व दुष्कर्म के प्रयास मामले में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय ने कायमगंज क्षेत्र की एक महिला द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

अदालत ने शराब के नशे में घर में घुसकर गाली-गलौज, अश्लील हरकत और दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोपी राहुल कुमार और अन्य के खिलाफ संबंधित धारा में रिपोर्ट दर्ज कर जांच करने का निर्देश दिया है। अदालत में धारा 173(4) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार, पीड़िता का आरोप है कि 30 जून की रात लगभग 8 बजे विपक्षियों राहुल कुमार व अन्य ने शराब के नशे में उनके साथ अश्लील हरकतें व गाली-गलौज की। महिला द्वारा विरोध करने और अपने घर के अंदर चले जाने पर विपक्षी पीछा करते हुए जबरन घर के अंदर घुस आए।

आरोपियों ने पीड़िता को जमीन पर गिरा दिया, उसके कपड़े फाड़ दिए और बलात्कार करने का प्रयास किया। पीड़िता का शोरगुल सुनकर उसके पति, पुत्री और मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। संबंधित थाना पुलिस द्वारा मामला दर्ज न किए जाने के बाद पीड़िता ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रीतिमाला चतुर्वेदी ने पाया कि प्रार्थना पत्र के कथनों से प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध होना दर्शित होता है। अदालत ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 173 (4) के तहत प्रार्थना पत्र स्वीकार करते हुए संबंधित थानाध्यक्ष को निर्देश दिया कि वह सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत करें तथा एक सप्ताह के भीतर इसकी सूचना न्यायालय को भिजवाना सुनिश्चित करें।

# मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर हर जिले में एकीकृत जन सेवा केंद्र बनाने की मांग

▸ सभी विभागों के अधिकारी सेवा केंद्र में हों तैनातः भाजपा नेता विकास राजपूत

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**


जानकारी देते विकास राजपूत

भाजपा नेता एवं समाजसेवी विकास राजपूत ने प्रदेश के प्रत्येक जिले में एकीकृत जन सेवा केंद्र स्थापित किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इन केंद्रों पर सभी प्रमुख विभागों के एक-एक अधिकृत अधिकारी की तैनाती होनी चाहिए, ताकि आम जनता को केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर आसानी से मिल सके।

विकास राजपूत ने कहा कि सरकार आम जनता के हित में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है, लेकिन कई बार विभागीय समन्वय की कमी और अधिकारियों की लापरवाही के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आम जनता को अपने कार्यों के लिए एक विभाग से दूसरे विभाग के चक्कर लगाने पड़ते हैं। कई बार संबंधित विभाग के अधिकारी यह कहकर लोगों को दूसरे विभाग भेज देते हैं कि उक्त कार्य उनके विभाग से संबंधित नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि एक ही केंद्र पर सभी संबंधित विभागों के अधिकृत अधिकारी मौजूद रहें, तो जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सकेगा। साथ ही केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी और उनका लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में भी आसानी होगी। राजपूत ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर प्रदेश के सभी जिलों में एकीकृत जन सेवा केंद्र स्थापित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा और आम जनता को अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिलेगी। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस प्रस्ताव पर जल्द निर्णय लेकर इसे लागू करने का आग्रह किया, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचाया जा सके और प्रदेश में विकास कार्यों को और गति मिल सके।

## व्यापार मण्डल ने समस्याओं को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**


डीएम को ज्ञापन सौंपते व्यापारी

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मण्डल जिला इकाई ने जिलाधिकारी को शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी जनसमस्याओं को लेकर एक 7 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है। व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से शहर की क्षतिग्रस्त सड़कों, विद्युत लाइनों, जलभराव और यातायात अव्यवस्था की ओर ध्यान आकर्षित कराया है।

दिये गये ज्ञापन में दर्शाया कि डॉ0 वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन स्कूल जाने वाले क्षतिग्रस्त मार्ग और अमर रेस्तरां के पीछे की कच्ची सड़क का निर्माण कराने तथा नेकपुर खुर्द में जलभराव रोकने के लिए पक्की नाली बनवाने की मांग की गई है। 11,000 वोल्ट लाइन पर लटक रही 200 मीटर लंबी खतरनाक सादा केबिलों को हटाकर विद्युत बंच केबिल डालने और गुरगाँव देवी मंदिर के पास हाई-टेंशन लाइन के निकट सूखे पेड़ को कटवाने का अनुरोध किया गया है। फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले पटरी दुकानदारों को उचित स्थान पर व्यवस्थित कर पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ खाली कराने की मांग की गई है। शहर में ई-रिक्शा की बढ़ती संख्या से बाधित हो रही यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए नगर पालिका द्वारा बनाए गए निर्धारित रूट-चार्ट के अनुसार संचालन कराने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा, वरिष्ठ जिला महामंत्री अनूप गुप्ता, विमलेश मिश्रा, जिला प्रवक्ता लाखन सिंह, मनोज दीक्षित, धीरेन्द्र तिवारी, प्रकान्त शुक्ला, संजय गुप्ता व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नानामऊ घाट पर किया गया गणपति विसर्जन

**बांगरमऊ, उन्नाव।** नगर के उन्नाव हरदोई मार्ग स्थित बाबा ओंकारेश्वर शनि देव व दुर्गा काली तथा खाटू श्याम मंदिर में दस दिनों तक विराजमान रहे भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का शुक्रवार को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ क्षेत्र के नानामऊ घाट पर विधि-विधानपूर्वक विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान फ्रगणपति बप्पा मोरया,अगले बरस तू जल्दी आफ्र के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। उन्नाव हरदोई मार्ग स्थित मंदिर में श्रीगणेश महोत्सव का आयोजन दस दिनों तक मंदिर में भगवान गणेश जी की पूजा-अर्चना,आरती एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शुक्रवार को श्रद्धालु भक्त भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा लेकर क्षेत्र के नानामऊ घाट पहुंचे। जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं आरती के बाद प्रतिमा का विसर्जन किया गया। भक्तों ने जयकारे लगाते हुए भगवान गणेश को भावपूर्ण विदाई दी और अगले वर्ष पुनः आगमन की प्रार्थना की।

# घुमना नरेश गणपति को धूमधाम से किया विदा


गणेश विसर्जन यात्रा में मौजूद भक्तगण

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

वाणी विनायक संस्था ने दशम घुमना नरेश गणपति का आगमन के बाद धूमधाम ढोल नगाड़े के साथ में अंतिम विदाई का कार्यक्रम संपन्न कराया। समस्त कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी ने घुमना स्थित विराजमान गणेश भगवान की प्रतिमा को घोड़े वाली बागी पर विराजमान कर घुमना नरेश जय जय गणेश के जयकारे लगाते हुए शहर भ्रमण के बाद पांचाल घाट पर भू-विसर्जन किया। विसर्जन यात्रा के दौरान सभी गजानन भक्तों ने सभी लोगों को रास्ते में प्रसाद वितरण करवाया।

इस बीच महिलाओं और बच्चों ने नाचते हुए धूमधाम के साथ में गणपति बप्पा को अंतिम विदाई दी और सभी लोगों ने यह भी संकल्प दिया कि गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ कहते हुए कहा बप्पा हमारे समस्त विघ्न को हरने वाले हैं और अगले बरस पुनः हम लोगों के घर पर विराजमान होंगे। 11 दिन तक हम उनकी सेवा करेंगे और फिर उनको विदाई देंगे। इस बीच संस्था ने 11 दिन के गणेश महोत्सव में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस वर्ष संस्था के द्वारा गणपति महोत्सव ने 10 वर्ष पूर्ण कर लिए और इस आशा के साथ में बप्पा से संस्था के भी उत्थान और विकास के लिए प्रार्थना की और आशा है कि अगले बरस धूमधाम से गणपति फिर से विराजमान होंगे। इस अवसर पर संस्था प्रमुख राज गौरव पांडेय, संध्या पांडेय, राज दीपक पांडेय, यश पांडेय, रामजी राजपूत, रितुल वर्मा, हिमांशु, प्रवीन मिश्रा, सक्षम मिश्रा, कनिष्क मिश्रा, पारुल तिवारी, वंश मिश्रा, देवकी मिश्रा, अनूप शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# स्वस्थ पशु ही परिवार को करेंगे आय से मजबूतः श्रीकान्त कटियार

**समृद्धि न्यूज,बांगरमऊ उन्नाव।**

क्षेत्र के ग्राम लतीफपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला कार्यक्रम में क्षेत्रीय भाजपा विधायक श्रीकान्त कटियार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया एवं गौ माता का पूजन कर मेले का उद्घाटन किया। उक्त अवसर पर भाजपा विधायक श्रीकान्त कटियार ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज बड़े ही सौभाग्य की बात है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती है। उन्होंने कहा था कि समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का कल्याण करना हमारी प्राथमिकता में होना चाहिए और केन्द्र की मोदी सरकार, उत्तर प्रदेश की योगी सरकार अंत्योदय पर ही काम कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण जीवन और कृषि व्यवस्था में पशुधन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। गाय, भैंस, बकरी एवं अन्य पशु केवल पशुपालक परिवारों की आजीविका का साधन नहीं हैं। बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इसलिए पशुओं का स्वस्थ रहना सीधे तौर पर पशुपालक परिवारों की समृद्धि से जुड़ा हुआ है। इस आरोग्य मेले का उद्देश्य केवल पशुओं का उपचार करना ही नहीं, बल्कि पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, संतुलित आहार, नस्ल सुधार, स्वच्छता और वैज्ञानिक पशुपालन के प्रति जागरूक करना भी है। उन्होंने कहा कि सभी पशुपालक भाई और बहन अपने पशुओं के स्वास्थ्य की नियमित देखभाल करें।

# सरस्वती विद्या मंदिर में गूंजा संपूर्ण वन्दे मातरम्

▸ 1500 विद्यार्थियों ने एक स्वर में किया ऐतिहासिक गायन

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**


वंदे मातरम् गायन में मौजूद विद्यार्थी

अमर राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150वें गौरवमयी वर्ष के उपलक्ष्य में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित देशव्यापी अभियान नमामि भारतम् के अंतर्गत सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज श्यामनगर में सामूहिक राष्ट्रगीत गायन का आयोजन संपन्न हुआ।

विद्यालय परिसर के दो विशाल कक्षों में एक साथ लगभग 1500 छात्र-छात्राओं ने पूर्ण अनुशासन, भाव और एक स्वर में संपूर्ण वन्दे मातरम् सभी 6 छंद का सामूहिक गायन किया। इस दौरान पूरा परिसर राष्ट्रभक्ति के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। आचार्यों की विशेष टोलियों ने नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के 23 विभिन्न स्थानों व विद्यालयों में पहुंचकर एक ही समय पर गरिमामय ढंग से सामूहिक गायन संपन्न कराया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह विजय अवस्थी ने कहा कि वन्दे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम का वह महामंत्र है, जिसने लाखों हुतात्माओं के भीतर राष्ट्रभक्ति का संचार किया था। विद्यालय के अध्यक्ष उदयपाल सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में राष्ट्र-भाव और स्वाभिमान का जागरण होता है। व्यवस्थापक गौरव अग्रवाल एवं सहव्यवस्थापक डॉ0 रामगोपाल सिंह ने कहा कि समाज को एक सूत्र में पिरोने के लिए राष्ट्रगीत का यह स्वर अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानाचार्य रामकृष्ण बाजपेई ने कहा कि नमामि भारतम् अभियान के तहत विद्यालय परिवार ने परिसर के साथ-साथ क्षेत्र के 23 अन्य केंद्रों पर भी राष्ट्र चेतना की अलख जगाई है। देशव्यापी महाअभियान को एशिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स एवं इंडिया बुक ऑफ़रिकॉर्ड्स द्वारा भी सूचीबद्ध किया गया है।

## खबरें एक नजर में

### डीसीपी दक्षिण ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं



**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त दक्षिण श्री दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं और शिकायतें सुनीं। जनसुनवाई के दौरान पहुंचे फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं पुलिस उपायुक्त के समक्ष रखीं, जिन पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसीपी दक्षिण ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर दर्ज कर समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए तथा कार्रवाई के संबंध में शिकायतकर्ता को भी अवगत कराया जाए। उन्होंने जनसुनवाई में आने वाले प्रत्येक फरियादी के साथ सम्मानजनक एवं संवेदनशील व्यवहार करने, उनकी समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनने और उचित बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। पुलिस उपायुक्त ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि स्थानीय स्तर पर बार-बार सामने आने वाली समस्याओं को केवल तत्काल निस्तारित करने के बजाय उनके स्थायी समाधान की दिशा में प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन को बार-बार एक ही समस्या को लेकर पुलिस कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

### 'अगले बरस तू जल्दी आ' के जयकारों के साथ दी गणपति को विदाई

**कानपुर।** अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर पूरे कानपुर शहर में आज भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है। 10 दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव के अंतिम दिन घरों और सार्वजनिक पंडालों में स्थापित गणपति बप्पा को भक्त नम आंखों और भारी मन से विदाई दे रहे हैं। विसर्जन यात्राओं में श्रद्धालुओं का भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। पूरा शहर गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के गगनभेदी जयकारों से गूंज रहा है। लोग ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते हुए और अबीर-गुलाल उड़ाते हुए बप्पा की विसर्जन यात्रा निकाल रहे हैं। घरों में स्थापित छोटी प्रतिमाओं से लेकर बड़े पंडालों की विशाल प्रतिमाओं तक, सभी को पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ जलाशयों में विसर्जित कर भगवान से सुख-समृद्धि और शांति का आशीर्वाद मांगा जा रहा है।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, दवा वितरण का आयोजन



**कानपुर।** हौंसलों की उड़ान फाउंडेशन (पंजी.) द्वारा अपने तृतीय स्थापना दिवस के अवसर पर दिव्यांशी गार्डन,बर्रा बाईपास, कानपुर में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर,दवा वितरण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी पूर्व प्रदेश सचिव विनोद कुमार प्रजापति,विशिष्ट अतिथि संजय सिंह भदौरिया ,डॉ.यू.एस.सिंह राकेश पांडे आदित्य आदित्य प्रताप सिंह,प्रेम प्रकाश दुबे शोभित प्रजापति आकाश प्रजापति आदि उपस्थित रहे।अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति एवं सहयोग ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई तथा आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। फाउंडेशन की अध्यक्ष राखी गुप्ता एवं संस्थापक डॉ.ओजस्व गुप्ता ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, चिकित्सकों, स्वास्थ्य टीम, 22 रक्तदाताओं एवं सभी सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य टीम द्वारा आमजन को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर में नेत्र जांच, दंत रोग जांच, नाक-कान-गला जांच, सुनने की मशीन संबंधी जांच, हड्डी रोग, कैल्शियम एवं हीमोग्लोबिन जांच, कैंसर रोग, स्त्री रोग,जनरल फिजिशियन, शुगर, बीपी एवं श्वष्टत्र जांच,होम्योपैथी एवं फिजियोथेरेपी सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध रहीं।

## विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम् का सामूहिक गान



**फतेहपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज वी आई पी रोड में नमामि भारतम वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गान कराया गया जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने एवं आचार्य एवं आचार्या बहनो ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी निधि गुप्ता, जिला प्रचारक शिवशंकर, विद्यालय के प्रबंधक राकेश श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष देवाशीष पटेल, सत्येंद्र शुक्ला शैक्षिक संघ के संगठन मंत्री ने दीप प्रज्वलन कर किया। अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह ने कराया। इस अवसर जिलाधिकारी ने भारत को विकसित देश बनाने, और वंदे मातरम के महत्व को बच्चों को बताया। उन्होंने बताया कि पहले हमारा देश सोने की चिड़िया कहलाता था, लेकिन विदेशी आक्रांतओ ने देश को लूटा। उन्होंने कहा यह बहुत खुशी की बात है कि हम सभी वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने का उत्सव मना रहे हैं। शिवशंकर ने भी वंदे मातरम के बारे में बच्चों को बताया कि देश की आजादी में इस गीत का अहम योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक राकेश श्रीवास्तव ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## अप्रेंटिसशिप मेले में 32 अभ्यर्थियों का चयन

**फर्रुखाबाद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई ठण्डी सड़क में शुक्रवार को एक दिवसीय शिक्षिक्षु/अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। मेले में टाटा मोटर्स की पंतनगर उत्तराखण्ड और लखनऊ इकाइयों ने भाग लेकर युवाओं को रोजगार और प्रशिक्षण के अवसर प्रदान किए। आयोजित मेले में कुल 100 रिक्त पदों के सापेक्ष 45 अभ्यर्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा 43 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। जिसमें से कुल 32 योग्य अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों का टाटा मोटर्स लखनऊ 25 अभ्यर्थियों का अप्रेंटिसशिप तथा 01 अभ्यर्थी का जॉब ट्रेनी के रूप में चयन हुआ। टाटा मोटर्स पंतनगर उत्तराखण्ड 05 अभ्यर्थियों का अप्रेंटिसशिप तथा 01 अभ्यर्थी का जॉब ट्रेनी के पद पर चयन किया गया। मेले के आयोजन में नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह, प्रधानाचार्य बृजेश कुमार, राजकिशोर महतो, अविनाश उपस्थित रहा।

## चार स्थानों पर एक साथ गूँजा वंदे मातरम


वन्देमातरम कार्यक्रम में मौजूद छात्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सरस्वती विद्या मंदिर सेनापति में अपने प्रमुख दो नगर क्षेत्र व दो ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रगान का सामूहिक गायन आयोजित किया। हजारों लोगों एक साथ ग्यारह बजे राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम गायन प्रारम्भ किया। जिसमें प्रमुख रूप से सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति, पटेल पार्क, ग्राम पंचायत जैतपुर ग्राम पंचायत बघऊ आदि स्थान शामिल है। पटेल पार्क में जिला प्रचारक मानवेंद्र, विद्यालय अध्यक्ष शिवविलास त्रिवेदी, प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने मां भारती ने का माल्यार्पण एवं पुष्प अर्चन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य कहा ने कहा कि वंदे मातरम भारत की राष्ट्रीय चेतना, राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का एक उद्देश्य है। पटेल पार्क प्रदीप अवस्थी, प्रियंका सक्सेना, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में सीमा मिश्रा, ग्राम पंचायत बघऊ प्रधान प्रभा देवी, ग्राम सेवक अभिषेक कुमार चतुर्वेदी, प्रभारी आर्तिका शुक्ला, ग्राम पंचायत जैतपुर के प्रधान रीतेश पाल, इंद्रपाल सिंह, अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम सामूहिक गायन कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

## पीड़िता ने छह लोगों के विरुद्ध पुलिस को दी तहरीर

**बांगरमऊ, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने गांव के ही आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध घर में घुसकर बुरी नियति के इरादे से पकड़ कर छेड़छाड़ करने और कपड़े फाड़ डालने तथा बचाने आई उसकी मां और बड़ी मम्मी के साथ मारपीट करने तथा और वहां के हथियार होने के साथ जानमाल की धमकी देने का आरोप लगाते वर्ग विशेष के छ लोगों के विरुद्ध कोतवाली में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने युवती की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मेडिकल कराकर कार्यवाही शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही गुड्डू पुत्र अली शेर, रियासत पुत्र अली शेर, अहमद अली पुत्र रियासत, खुशनूर, आदि छ लोग 23 सितम्बर की रात लगभग 8 बजे उसके घर में घुस आये और उसके साथ छेड़खानी करने लगे। तथा उसके कपड़े फाड़ दिए।

# रोटी कपड़ा बैंक के साप्ताहिक सेवा कैम्प में भोजन वितरण

▸ सदर विधायक ने 10 केक कटवाकर मनवाया शैलेन्द्र का जन्मदिन

**समृद्धि न्यूज,उन्नाव।**



शहर में 13 वर्षों से ज्यादा समय से निरंतर प्रत्येक शुक्रवार को होने वाले सेवा कैम्प में भोजन और कपड़ा वितरण का काम जारी रहा। रोटी कपड़ा बैंक परिवार के सक्रिय सदस्य शैलेन्द्र त्रिवेदी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर विशेष भोजन बनवाकर वितरित कराकर अपनी खुशी जाहिर की। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने उपस्थित होकर शैलेन्द्र के नाम के 10 केक संस्था पदाधिकारियों के साथ काटकर शुभकामनाएं देते हुए कहा यह संस्था समाजसेवा का पर्याय सिद्ध हुई है, इसके लिए मैं हर संभव मदद के लिए तैयार रहूंगा। संस्थापक डॉ मनीष सेंगर ने बताया नियमित सहयोगियों द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली भोजन सामग्री और कपड़े हर शुक्रवार को जरूरतमंदों को वितरित किए जाते हैं। संस्थापक सदस्यों राहुल कश्यप, वेद प्रकाश साहू ने सेवा कार्य मे सक्रिय जिम्मेदारी निर्वाह करते हुए, सक्षम व्यक्तियों से संभव संसाधनों और सामग्री उपलब्ध कराने की अपील की। अखिल मिश्रा, राहुल सोनी, आर्यन और सरदार गुरप्रीत सिंह का सहयोग रहा। कार्यक्रम में युवाओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर चर्चा की। श्वेता सिंह ट्रेनर एसईबीआई ने कहा है कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की सबसे मजबूत आधारशिला है। उनकी सोच थी कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का सर्वांगीण विकास हो। कार्यक्रम प्रभारी प्रीती शर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## मां के न मिलने पर पुत्र ने पुलिस से की शिकायत

**बांगरमऊ, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुरसेनी निवासी 65 वर्षीय वृद्धा गुरुवार को दोपहर बाद खेत पर गई थी उसके बाद घर नही लौट कर आई । परिजनों ने खोजबीन की लेकिन कहीं पता नही चलने पर उसके पुत्र द्वारा पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज करने की मांग की है। वहीं चर्चा है कि वृद्ध महिला की चप्पल बिल्हौर मार्ग गंगा नदी पुल पर पड़ी मिली हैं। क्षेत्र के ग्राम सुरसेनी निवासी सर्वेश कुमार पुत्र सोनेलाल ने कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसकी मां लौंगश्री 65 वर्ष पत्नी सोनेलाल 24 सितम्बर दिन लगभग दो बजे घर से खेत की ओर गई थी । तब से वह घर वापस लौट कर नही आई हैं। उनकी काफी खोजबीन की नाते रिश्तेदारों के यहां तलाश किया। लेकिन अभी तक कोई पता नही चल सका है। सर्वेश कुमार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज करने और तलाश कराने की गुहार लगाई है।

# संस्कृति कलारंग कार्यक्रम में आर्या अग्रवाल चयनित

**समृद्धि न्यूज,विजयीपुर, फतेहपुर।**



कस्बे की पांच वर्षीय प्रतिभावान बेटी आर्या अग्रवाल को भारतीय संस्कृति फाउंडेशन के तहत आयोजित होने वाले संस्कृति कलारंग कार्यक्रम के लिए चयनित किये जाने पर शुभकामनाएं दी गई। आर्या अग्रवाल द्वारा वैदिक मंत्रों, गणेश स्तुति और शिव तांडव समेत विभिन्न संस्कृत श्लोकों की शानदार प्रस्तुति से प्रभावित होकर दिव्या टीवी चौनल ने उन्हें लाइव कार्यक्रम के लिए चयनित किया है। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, संगीत, नृत्य, भक्ति, कला और प्रतिभाओं को बढ़ावा देना है। महज पांच वर्ष की उम्र में आर्या अग्रवाल अपनी बेहिझक प्रस्तुति और संस्कृत मंत्रों के सुंदर उच्चारण से लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं। उनके माध्यम से भारतीय संस्कृति की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। आर्या की इस उपलब्धि को लेकर परिजनों और कस्बे के लोगों में खुशी का माहौल है। वहीं, शुक्रवार को फतेहपुर की जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने आर्या अग्रवाल को गोद में लेकर उनकी प्रतिभा की सराहना की और शुभकामनाएं दीं। जिलाधिकारी ने कहा कि आर्या हमारे जनपद की प्रतिभा है और उनकी अद्भुत प्रतिभा को जनपदवासियों की ओर से नमन एवं ढेरों शुभकामनाएं हैं।

कानपुर की बदहाल सड़कों पर नगर निगम सख्त

# जर्जर सड़कों को 10 अक्टूबर तक मरम्मत के निर्देश

**समृद्धि न्यूज,कानपुर।**



शहर की जर्जर और क्षतिग्रस्त सड़कों को लेकर नगर निगम में महापौर की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर आयुक्त के साथ जल निगम, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और मेट्रो के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान शहर की बदहाल सड़कों की स्थिति, उनकी मरम्मत में आ रही दिक्कतों और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत का कार्य तेजी से पूरा किया जाए। इसके लिए 10 अक्टूबर तक सड़कों को दुरुस्त करने की समयसीमा तय की गई है। अधिकारियों से कहा गया कि वे अपने-अपने विभागों के अंतर्गत आने वाली सड़कों का निरीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कार्य शुरू कराएं। बैठक में यह भी तय किया गया कि सड़क निर्माण और मरम्मत के दौरान विभागों के बीच बेहतर तालमेल रखा जाए, ताकि एक विभाग द्वारा किए गए कार्य के बाद दूसरे विभाग की खुदाई से सड़क दोबारा क्षतिग्रस्त न हो। जल निगम, पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई और मेट्रो से जुड़े कार्यों के कारण शहर के कई इलाकों में सड़कें खराब हैं, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर की कई प्रमुख सड़कों पर गड्ढे, उखड़ी हुई डामर की परत और जलभराव की समस्या बनी हुई है। बारिश के बाद हालात और गंभीर हो गए हैं। सड़कों की खराब स्थिति के कारण वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल राहगीरों को भी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से सड़कों की मरम्मत की मांग की जा रही है।

# उधारी के विवाद में मारपीट तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**समृद्धि न्यूज, प्रेमनगर, फतेहपुर।**

सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के तलवा मजरे बहेरा सादात गांव में पैसे की उधारी को लेकर हुए विवाद और मारपीट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित वहीद पुत्र मुखुत अली की तहरीर पर पुलिस ने बहेरा सादात निवासी अहमद,और अहमद का बाप मन्नी और अहमद की मां को नामजद किया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि तलवा पर निवासी वहीद का पैसे की उधारी को लेकर अहमद पुत्र मन्नी से विवाद हो गया था। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर उसके साथ मारपीट की गई, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने सुल्तानपुर घोष थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और आरोपियों के खिलाफकार्रवाई की मांग की। पीड़ित की तहरीर मिलने के बाद थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपितों के खिलाफसंबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस अब घटना की परिस्थितियों, मारपीट के कारण और इसमें शामिल लोगों की भूमिका की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। जांच के दौरान उपलब्ध साक्ष्यों और बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तीन दर्जन दुकानदारों को नोटिस जारी, नहीं हटी दुकानें

**समृद्धि न्यूज, बांगरमऊ उन्नाव।**

नगर के हरदोई मार्ग स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बारिश के दौरान भीषण जलभराव की समस्या से जहां मरीजों को परेशानी उठानी पड़ती है। वहीं इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी तक में बरसाती गंदा पानी भर जाता है। कहा जाता है कि सामुदायिक स्वास्थ्य विगत चार वर्षों से उक्त समस्या विकराल रूप धारण करती जा रही है। मामूली सी बारिश होती ही अस्पताल परिसर में घुटनों तक पानी भर जाता है। मरीजों और तीमार दारों को इसी गंदे पानी से होकर अस्पताल तक पहुंचना पड़ता है। जिसका प्रमुख कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के किनारे बने नाले की सफाई वर्षों से नगर पालिका द्वारा नहीं कराई जा सकी है स जबकि नगर पालिका बारिश के पूर्व कागजो पर नाले की सफाई दिखाकर वाहवाही लूटने के साथ साथ धन का बंदरबांट किये जाने की चर्चा लोगों के बीच होती रहती है। नाले की सफाई नहीं होने का प्रमुख कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के किनारे नाले पर लगभग एक सैकड़ा लकड़ी और लोहे की गुमटी रखकर दुकानदार अतिक्रमण किये हुए हैं। कुछ तो ऐसे दुकानदार है जो दो - दो गुमटी रखे हुए है स जबकि स्वास्थ्य केंद्र के बाहर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष इजहार खान गुड्डू ने लोहे की रेलिंग लगवा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए वाहन पार्किंग स्थल बनवाया था स लेकिन दुकानदारों ने गुमटी रखकर कब्जा कर लिया और स्वास्थ्य केंद्र परिसर ही वाहनों का पार्किंग स्थल बनकर रह गया जिसके कारण कभी कभी एम्बुलेंस को अन्दर ले जाने में भी काफी समय लग जाता है स बताया जाता है कि नाले की सफाई के लिए,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ मुकेश सिंह ने 20 अगस्त को नगर पालिका को पत्र लिखा था। अधीक्षक डॉ मुकेश सिंह के पत्र के बाद 14 सितम्बर को नगर पालिका प्रशासन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य के बाहर गुमटी जहीर, रईस, राजेन्द्र, रामू, सरवन, बलराम, रामविलास, बब्लू, सहित तीन दर्जन गुमटी दुकानदारों को नोटिस देकर उन्हें तीन दिन में दुकाने हटाने को कहा था लेकिन आज तक एक भी दुकानदार ने गुमटी नहीं हटाई स वहीं नगर पालिका प्रशासन भी मौन सा हो गया। जिससे स्थानीय नागरिकों ने जनपद के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की विकराल समस्या के स्थायी समाधान को लेकर नगर पालिका प्रशासन को निर्देश दें।

## खबरें एक नजर में

### सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**कुशीनगर।** सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत स्वामी विवेकानन्द इण्टर कॉलेज खड्डा में 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने पोस्टर एवं अन्य रचनात्मक माध्यमों के माध्यम से अपनी कल्पनाशीलता, कलात्मक कौशल एवं रचनात्मक सोच का प्रदर्शन करते हुए भविष्य के भारत की संकल्पना प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक विवेकानन्द पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रचनात्मक कार्यों का अवलोकन करते हुए उनकी कल्पनाशीलता, रचनात्मकता एवं प्रभावी प्रस्तुतीकरण की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने विकसित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर भारत के प्रति अपने विचारों और सपनों को रचनात्मक रूप में अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज सिंह, समस्त आचार्य, छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दीनदयाल वार्ड की मलिन बस्ती में महापौर ने किया जनसंवाद

**अयोध्या।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के मौके पर शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी की अगुवाई में पंडित दीनदयाल वार्ड की मलिन बस्ती लोदे कॉलोनी में स्वच्छता अभियान चलाया।इस दौरान महापौर ने स्थानीय लोगों के साथ जनसंवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और शीघ्र निस्तारण का भरोसा दिया। वार्ड निवासियों ने बसंत लाल की अगुवाई में महापौर को सड़क, प्रकाश, सफाई, नाली और पेयजल से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया। महापौर ने कहा कि कॉलोनी में प्रकाश व्यवस्था के लिए सोलर लाइट लगाई गई हैं। जहां अभी भी प्रकाश की व्यवस्था नहीं है, वहां प्राथमिकता के आधार पर लाइट लगवाई जाएगी। उन्होंने पेयजल समस्या के समाधान के लिए तत्काल पाइपलाइन बिछाने के निर्देश दिया।

### डॉक्टर के कर्मचारियों पर अभद्रता का आरोप, कार्रवाई की मांग



**गाजीपुर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की गाजीपुर इकाई ने एक डॉक्टर के कर्मचारियों पर कथित रूप से अभद्रता करने का आरोप लगाया है। संगठन की ओर से इस संबंध में संबंधित अधिकारी प्रो आनन्द मिश्रा प्रिंसिपल महर्षि विश्वामित्र स्वायत्त चिकित्सा महाविद्यालय को शिकायती पत्र देकर मामले में कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायती पत्र के मुताबिक, डॉ. नारायण पांडेय के कर्मचारियों पर विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ता के साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया गया है। पत्र में कहा गया है कि संगठन के कार्यकर्ता अपनी बात रखने के लिए संबंधित स्थान पर पहुंचे थे, जहां कर्मचारियों के व्यवहार को लेकर आपत्ति जताई गई। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि उनके साथ कथित तौर पर अनुचित व्यवहार किया गया और संगठन की गतिविधियों को लेकर भी आपत्तिजनक टिप्पणी की गई।

### योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने पर जोर



**भांवरकोल/गाजीपुर।** केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और विभिन्न सुधारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को पांच दिवसीय सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ हुआ। भाजपा नेता एवं प्रमुख प्रतिनिधि आनंद राय मुन्ना, और खंड विकास अधिकारी प्रेमचंद ने फीता काटकर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर आनंद राय मुन्ना ने कहा कि अभियान का उद्देश्य सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और विकसित भारत के संकल्प को जनभागीदारी के माध्यम से मजबूत करना है। अभियान के दौरान महिलाओं, युवाओं, किसानों, विद्यार्थियों, लाभार्थियों और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

### बहुआयामी व्यक्तित्व के स्वामी थे दीनदयालः विजय बहादुर सिंह

**महाराजगंज।** सादा जीवन उच्च विचार और व्यवहार में सरलता के धनी पं0 दीनदयाल एक कुशल संगठनकर्ता, पत्रकार व राजनेता के साथ समाजसेवक भी थे। उक्त बातें नगर के पं0 दीनदयाल इण्टर कॉलेज में दीनदयाल जयंती पर दीनदयाल उपाध्याय जी को श्रद्धांजलि देते हुए संस्था के संस्थापक विजय बहादुर सिंह ने कही। श्री सिंह ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि उपाध्याय जी ने श्रेष्ठ एवं शक्तिशाली रूप में एक विकसित तथा सर्वसम्पन्न राष्ट्र की कल्पना की थी तथा इसे मूर्त रूप देने हेतु जीवनपर्यन्त प्रयत्नशील रहे। संस्था के प्रधानाचार्य डॉ0 शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि उपाध्याय जी के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। किसी भी राष्ट्र की उन्नति का सबसे महत्वपूर्ण तत्व वहां की शिक्षा व्यवस्था होती है।

# मित्रसेन यादव की तस्वीर को 'माफियाराज' से जोड़ना निंदनीयः जय सिंह यादव

- उनका पूरा जीवन गरीबों, वंचितों और शोषितों की आवाज बनने में बीता
- राजनीतिक प्रचार के लिए उनकी छवि से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या।**

स्वर्गीय बाबू मित्रसेन यादव जैसे संघर्षशील जननेता की तस्वीर को आपत्तिजनक पोस्टर में इस्तेमाल किए जाने पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जय सिंह यादव ने कड़ी आपत्ति जताई है, जिसमें उन्हें 'माफियाराज' से जोड़ने का प्रयास किया गया है। उन्होंने इसे अत्यंत निंदनीय, आपत्तिजनक और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि बाबूजी का सार्वजनिक जीवन गरीबों, किसानों, असहायों, वंचितों और शोषितों के अधिकारों के लिए संघर्ष को समर्पित रहा। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि स्वर्गीय मित्रसेन यादव ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में समाज के कमजोर और वंचित तबकों की आवाज को मजबूती से उठाया। उनकी राजनीतिक और सामाजिक भूमिका को लेकर अयोध्या में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रमों में भी वक्ताओं ने उनके संघर्ष, जनसेवा और गरीब-किसान हितों के प्रति प्रतिबद्धता को याद किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे जननेता, जिन्होंने अपना जीवन जनहित और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित किया, उनकी तस्वीर को अपमानजनक राजनीतिक प्रचार का हिस्सा बनाना उनकी स्मृति के साथ अन्याय है। उनको चाहने वाले असंख्य लोगों की भावनाएं इससे आहत हुई हैं और राजनीतिक मतभेदों के बावजूद दिवंगत नेताओं के सम्मान और उनकी स्मृति की गरिमा का ध्यान रखा जाना चाहिए। मित्रसेन यादव किसी एक परिवार या संगठन की विरासत नहीं, बल्कि गरीबों, किसानों, मजदूरों और वंचित समाज के संघर्ष की एक पहचान थे। उनकी तस्वीर को किसी अपमानजनक राजनीतिक प्रचार से जोड़ना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

# पूर्वाचार्य महंत की पुण्य तिथि पर संतो ने अर्पित किया श्रद्धांजलि



**समृद्धि न्यूज, अयोध्या।**

गो, संत और परमार्थ सेवा के प्रमुख केंद्र श्री जानकी घाट बड़ा स्थान के यशस्वी पूर्वाचार्य महंत श्री मैथिली शरण जी महाराज की पुण्य तिथि श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर देश भर से पधारे संत, महंतों, धर्माचार्यों, अतिथियों और भक्तों ने उनके चित्र पर नमन कर भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की। रसिकार्चन पीठाधीश्वर महंत श्री जन्मेजय शरण जी महाराज की अध्यक्षता और पावन सानिध्य में एक वृहद स्तरीय भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में पहुंचे संतों और श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पीठाधीश्वर महंत श्री जन्मेजय शरण जी महाराज ने पधारे हुए सभी संत-महात्माओं और धर्माचार्यों को अंगवस्त्र, दक्षिणा एवं विदाई देकर सम्मानित किया।

## डीजल की कालाबाजारी पर कसा शिकंजा, दो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के लहुरियादह गांव में डीजल के अवैध भंडारण का वीडियो शोसल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद जिम्मेदार अधिकारियों की तंद्रा टूटी। गुरुवार शाम को आपूर्ति निरीक्षक राज सिंह यादव की तहरीर पर दो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुट गई।मामले की जांच के बाद आपूर्ति निरीक्षक ने दोनों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी अरुण कुमार पांडेय व आपूर्ति निरीक्षक राज सिंह यादव ने ड्रमंडगंज पुलिस के साथ लहुरियादह गांव में पहुंचकर मामले की जांच की। जांच के दौरान अलग-अलग जगहों पर डीजल का अवैध भंडारण किए जाने की बात सामने आई।

# आयोग से चयनित शिक्षकों को तत्काल ग्रहण कराएं कार्यभारः जेडी

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**



संयुक्त शिक्षा निदेशक सप्तम मंडल गोरखपुर मंडल सतीश सिंह ने अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों से कहा कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित शिक्षकों को कार्य भार ग्रहण कराने में किसी भी प्रकार से हीलाहवाली न करते हुए तत्काल निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करें।

संयुक्त शिक्षा निदेशक श्री सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय रविन्द्र नगर धूस पर गुरुवार को देर शाम प्रबंधक व प्रधानाचार्यों की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मंडल में सर्वाधिक कुशीनगर जिले में शिक्षकों की नियुक्ति हुई है। इन शिक्षकों को कार्यभार ग्रहण कराने में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में कतिपय कर्मियों द्वारा धनउगाही एवं प्रबंधन से जुड़े लोगों द्वारा हीलाहवाली किये जाने का मामला मेरे संज्ञान में आया था। जिसके समाधान के लिए हमने डीआईओएस कार्यालय में बैठक कर टीजीटी के 229 में से 210 व पीजीटी के 36 में से 26 चयनित अभ्यर्थियों को कार्यभार ग्रहण कराने से संबंधित औपचारिकताएं पूरी कराई है। उन्होंने कहा कि चयनित अभ्यर्थियों को तत्काल ज्वाइन कराना सुनिश्चित कराए, ताकि विद्यालयों में शैक्षणिक माहौल और सुदृढ़ हो सके। जेडी श्री सिंह ने विद्यालयों में मृतक आश्रित कोटे से नियुक्त शिक्षकों व कर्मचारी की नियुक्ति पूर्व में हो जाने व पूर्व के पैनल के चयनित शिक्षकों की सूची अभी हाल में जारी होने से उत्पन्न होने के 8 स्थितियों के समाधान के लिए डीआईओएस कुशीनगर को निर्देश भी दिया। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्ता, राजीव प्रताप मल्ल, शैलेन्द्र दत्त शुक्ल, देवेंद्र मणि त्रिपाठी, गोविंद मिश्र, अशोक कुमार, साधु शरण पांडेय, सुनील मिश्र, कपिलदेव राय, विष्णु चौबे, आकाश सिंह, संजय मिश्र आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# गणेश प्रतिमाओं को नम आंखों से किया विदाई

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या।**

'गणपति बप्पा मोरया' के गगनभेदी जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हुआ, जब स्थानीय जमुनिया बाग स्थित तिराहे पर केंद्रीय दुर्गापूजा एवं रामलीला समन्वय समिति जनपद के कैंप के सामने श्री गणपति जी महाराज के विभिन्न समितियां के सजे रथों की कतार लगी और भगवान श्री गणेश के प्रतिमाओं की शोभायात्रा विसर्जन हेतु प्रारंभ हुई तो पूरा दृश्य देखने योग्य रहा। भगवान श्री गणेश के विसर्जन शोभायात्रा का शुभारंभ महापौर मा.गिरीश पति त्रिपाठी व नगर विधायक मा. वेद प्रकाश गुप्ता द्वारा शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखा करके रवाना किया गया। शोभायात्रा का नेतृत्व केंद्रीय समिति के जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल व प्रमुख संरक्षक पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय गुप्ता एवं संयोजक गगन जायसवाल द्वारा किया गया । शोभा यात्रा में पहली प्रतिमा श्री श्री महाराजाधिराज गणेश पूजा समिति-नानक पुरा की रही जो शोभायात्रा में आगे आगे चल रही थी। वहीं पूरे शोभायात्रा में श्रद्धालुगण भक्तिमय संगीत पर झूमते-गाते, नाचते हजारों की संख्या में चल रहे थे। केन्द्रीय समिति के प्रवक्ता केशव बिगुलर के अनुसार श्री गणेश प्रतिमायें शुक्रवार को अपराह्न 3:00 बजे से जमुनिया बाग तिराहे पर एकत्रित कर, जमुनिया बाग से श्रीगणेश शोभायात्रा प्रारंभ होकर चौक, रिकाबगंज होते हुए विसर्जन हेतु आगे की ओर चलीं, इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी, भाजपा नेतागण शक्ति सिंह,रवि तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र प्रताप सिंह, उग्रसेन मिश्र उपस्थित रहे । संपूर्ण विसर्जन शोभायात्रा को संचालित करने के लिए केंद्रीय समिति ने जमुनिया बाग स्थित कैम्प में जे. एन. चतुर्वेदी व उनके सहयोग में केशव बिगुलर, शिवजी गौड़, तारकेश्वर शर्मा, तरुण कुमार गुप्ता प्रारंभ से ही अंतिम प्रतिमा तक लग रहे, वहीं चौक में अध्यक्ष मनोज जायसवाल व अतुल सिंह, राजेश कुमार गौड़, आलोक शंकर, अमित कनौजिया, चन्दन गुप्ता, अखिलेश पाठक, रोहिताश्व चंद्र राजू अखिल यादव, अंश गुप्ता, अखिलेश कुमार आदि मौजूद होकर शोभायात्रा को गतिमान बनाए रखें रहे।

# गांधी जयंती पर पुरुष व महिला क्रॉस-कंट्री प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती के शुभ अवसर पर आगामी 02 अक्टूबर को जिला खेल कार्यालय, स्पोर्ट्स स्टेडियम-कुशीनगर द्वारा 05 किमी पुरुष एवं 03 किमी महिला क्रॉस-कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्रातः 07:00 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम से किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रहेगा।

क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के पुरुष एवं महिला प्रतिभागी उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर सकेंगे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजयी प्रतिभागियों को खेल विभाग की ओर से आकर्षक पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान कर प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन में खेलों के प्रति रुचि, स्वस्थ जीवनशैली तथा शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना है।

क्रीड़ा अधिकारी ने जनपद के समस्त प्रधानाचार्य, खेल संघों, खेल क्लबों, खेल प्रेमियों एवं आमजन से अपील किया है कि अपने-अपने संस्थानों एवं क्षेत्रों से अधिक से अधिक पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों को इस क्रॉस-कंट्री प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु भेजें तथा गाँधी जयंती के अवसर पर आयोजित इस खेल आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## भैंस को बचाने के लिए बाणसागर नहर में कूदा बुजुर्ग

**समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के कटाई पूरबपुर गांव में शुक्रवार सुबह एक बुजुर्ग की हिम्मत और ग्रामीणों की सूझबूझ से बड़ी अनहोनी टल गई। भैंस को बचाने के चक्कर में नहर में कूदे बुजुर्ग को किसानों ने गमछे जोड़कर बनाई गई रस्सी के सहारे बाहर निकाल कर जान बचाई।जानकारी के अनुसार रामलाल गुप्ता उम्र 60 वर्ष निवासी कटाई पूरबपुर थाना लालगंज रोज की तरह आज सुबह अपनी भैंस चराने गए थे। गांव के बाहर भैंस चर रही थी, तभी अचानक भैंस उछलकर बाणसागर नहर में कूद गई। भैंस को डूबता देख रामलाल ने भी बिना कुछ सोचे भैंस की पूंछ पकड़कर नहर में छलांग लगा दी।

# विकसित भारत 2047 को लेकर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

- विद्यार्थियों ने राष्ट्र निर्माण के लिए अपने विचार साझा किये

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या**

प्रधानमंत्री के जनप्रतिनिधि के रूप में जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत श्री परमहंस शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय, विद्याकुंड में विकसित भारत 2047 को लेकर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने प्रभावशाली वक्तव्यों के माध्यम से विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में शिक्षा, युवा शक्ति, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी और उनके दायित्वों पर भी अपने विचार रखे।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों में प्रवीण कुमार मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि आदित्य पांडेय एवं खुशी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। महाविद्यालय परिवार की ओर से विजेता एवं सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि विकसित भारत 2047 का संकल्प देश के भविष्य से जुड़ा व्यापक लक्ष्य है। इस लक्ष्य को साकार करने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है।

विद्यार्थियों में राष्ट्र निर्माण, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक दायित्व की भावना विकसित करने वाले ऐसे आयोजन उन्हें अपनी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करते हैं। उन्होंने कहा कि युवा अपनी शिक्षा, प्रतिभा, नवाचार और सामाजिक सहभागिता के माध्यम से विकसित भारत 2047 के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी इस दिशा में सकारात्मक संकेत है। महाविद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि विकसित भारत 2047 केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से साकार होने वाला राष्ट्रीय संकल्प है।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्र निर्माण की भावना, नेतृत्व क्षमता, अभिव्यक्ति कौशल तथा विकसित भारत 2047 के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना रहा।

# निर्माणाधीन महात्मा बुद्ध कृषि व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण

- गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण कराने का दिया निर्देश

**समृद्धि न्यूज, कुशीनगर।**

जिलाधिकारी संजय चौहान ने निर्माणाधीन महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुशीनगर का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन एकेडमिक ब्लॉक, लाइब्रेरी, छात्रावास, कैंटीन सहित विभिन्न भवनों एवं परिसर में चल रहे अन्य निर्माण कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली। निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि कार्य निरंतर प्रगति पर है तथा निर्धारित समयावधि में इसे पूर्ण कर लिया जाएगा। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में लगाई गई श्रमशक्ति को तत्काल बढ़ाया जाए तथा कार्य की गति में तेजी लाते हुए सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से विश्वविद्यालय के एकेडमिक ब्लॉक, लाइब्रेरी, छात्रावास एवं कैंटीन आदि भवनों के निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्देशित किया कि प्रत्येक दशा में निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता की निर्माण सामग्री का ही प्रयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री का समय-समय पर निर्धारित संस्था, मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला से गुणवत्ता परीक्षण कराया जाता रहे। ताकि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य की नियमित निगरानी एवं गुणवत्ता की सतत जांच सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

# मिलेट्स रेसीपी विकास उपभोक्ता जागरूकता का हुआ आयोजन

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या**



मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत एक दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेटस रेसीपी विकास एंव उपभोक्ता जागरूकता का आयोजन स्वंय सेवी संस्था जन सेवाश्रम चकमनगर आजमढ़ के सहयोग से कृषि विज्ञान केन्द्र मसौधा में सम्पन्न हुआ। उक्त अवसर पर राधेश्याम त्यागी, जिला अध्यक्ष भा0ज0पा, डा0 ए0के0 मिश्र संयुक्त कृषि निदेशक अयोध्या मण्डल, एम0के0 कनौजिया उप श्रमायुक्त अयोध्या मण्डल, डा0 पी0के0 कनौजिया उप कृषि निदेशक, अयोध्या, डा0 बी0पी0 शाही वरिष्ठ वैज्ञानिक एंव विशेषज्ञ कृषि विज्ञान केन्द्रा, डा0 साधना सिंह, अधिष्ठाता, गृह विज्ञान, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एंव प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज, डा0 राम गोपाल, डा0 बी0पी0 यादव वैज्ञानिक/विशेषज्ञ कृषि विज्ञान केन्द्र मसौधा एंव कृषि के साथ-साथ अधिकारी/ कर्मचारीगण तथा जनपद के विभिन्न विकासखण्डों से प्रगतिशील कृषकगण, समूहों की महिलाएं उपस्थित रहे।

शुभारम्भ जिलाध्यक्ष भाजपा द्वारा फीता काटकर किया गया। आये हुए अतिथियों को पुष्प गुच्छ एंव अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष ने श्री अन्न के उत्पादों के स्टाल का अवलोकन किया गया। श्री त्यागी द्वारा बताया गया कि वर्तमान में पुरानी खेती को छोड़कर नई खेती कर रहे लेकिन स्वस्थ्य रहने के लिये यह आवश्यक है कि हम लोग श्री अन्न की खेती करें। कृषि विभाग द्वारा श्री अन्न का निःशुल्क बीज दिया जाता है किसान भाई श्री अन्न की बुवाई अवश्य करें एंव उसके उत्पादों को बनवाकर खायें ताकि स्वस्थ रहें। डा0 ए0के0 मिश्र संयुक्त कृषि निदेशक ने किसानों एंव महिलाओं से आवाहन किया कि श्री अन्न की खेती अवश्य करें और इस प्रकार के कार्यक्रमों में प्राप्त जानकारी को अन्य किसानों को भी साझा करें साथ ही श्री अन्न के उत्पादों को स्वंय भी उपयोग में लायें। डा0 पी0के0 कनौजिया ने बताया गया कि श्री अन्न की उत्पादों को मार्केटिंग की जरूरत है और अयोध्या एक धार्मिक नगरी है यहां पर्यटक बहुत आते है किसान भाई श्री अन्न के उत्पादों को तैयार कर बिक्री कर लाभ पा सकते है। एम0के0 चौधरी उपश्रमायुक्त द्वारा श्रम विभाग की योजनाओं यथा-ई श्रम कार्ड, श्रमिक पंजीकरण आदि के बारे में विस्तार से बताया। डा0 साधना सिंह अधिष्ठाता गृह विज्ञान ने श्री अन्न की खीर, लडडू, पेड़ा, बर्फी, ईडली आदि बनाने की विधि के बारें में उपस्थित महिलाओं एंव किसानों को बताया तथा अपने उत्पादों का प्रर्दशनी के माध्यम से अवलोकन भी कराया। महिला किसानों द्वारा मौके पर ही श्री अन्न के विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की प्रर्दशनी दिखाई गयी। डा0 बी0पी0 शाही वरिष्ठ वैज्ञानिक एंव विशेषज्ञ द्वारा श्री अन्न की खेती करने के बारे में किसानों को विस्तारपूर्वक बताया। उप कृषि निदेशक डा0 पी0के0 कनौजिया ने बताया कि रबी बीजों की मिनीकिट एंव अन्य सामान्य बीज वितरण की बुकिंग चल रही है किसान भाई बुकिंग करा लें ताकि उनको बीज दिया जा सके।

# जिला जज, डीएम व एसपी ने कारागार में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।**



जिला जज अरविंद मालिक, जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल और पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने शुक्रवार को जिला कारागार महराजगंज का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने पुरुष एवं महिला बैरक, जेल की रसोई तथा परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान जिला जज ने बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के लिए जेल प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जेलकर्मियों को निर्देशित किया कि सभी बंदियों को जेल मैन्युअल के अनुसार आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही जरूरतमंद बंदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समन्वय से विधिक सहायता उपलब्ध कराने पर जोर दिया।उन्होंने बीमार बंदियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और उन्हें उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

महिला एवं बाल बंदियों के मामलों में विशेष संवेदनशीलता बरतने के साथ उनके लिए विशेष कक्षाएं आयोजित करने तथा रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने को कहा।जिलाधिकारी ने जिला जज के निर्देशों का प्रभावी ढंग से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जेल अधीक्षक को निर्देशित किया।

इस दौरान बंदियों के सामान की भी जांच की गई, जिसमें किसी भी बंदी के पास कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक बीके गौतम, उपायुक्त उद्योग नीरज सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# महराजगंज पुलिस के 26 कर्मियों को गृह मंत्रालय से मिला सेवा पदक

- 18 पुलिसकर्मियों को मिला 'अति उत्कृष्ट सेवा पदक'
- आठ को 'उत्कृष्ट सेवा पदक'

**समृद्धि न्यूज़ महराजगंज।**



पुलिस सेवा में उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान के लिए गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने वर्ष 2026 में महराजगंज पुलिस के 26 कर्मियों को सेवा पदक से सम्मानित किया है। इनमें 18 पुलिसकर्मियों को 'अति उत्कृष्ट सेवा पदक' तथा आठ पुलिसकर्मियों को 'उत्कृष्ट सेवा पदक' प्रदान किया गया है। गृह मंत्रालय की ओर से 25 सितंबर को जारी पदक संबंधी विवरण में इन पुलिसकर्मियों के नाम शामिल किए गए हैं। अति उत्कृष्ट सेवा पदक' से सम्मानित होने वालों में निरीक्षक धनंजय कुमार राय, व सत्येंद्र कुमार राय , उपनिरीक्षक गुड्डू प्रभाकर, संजय कुमार सिंह,रविंद्र नारायण मिश्र, हरिश्चंद्र राम , घिराऊ ,सुजीत कुमार सिंह और उपनिरीक्षक देवमणि यादव शामिल हैं।

इसके अलावा मुख्य आरक्षी रामबाबू मौर्य, जय प्रकाश दीक्षित, तारकेश्वर पांडेय, नंदलाल यादव, शत्रुघ्न शर्मा, नंदलाल चौरसिया, शिव कुमार मिश्रा, ओम प्रकाश यादव और बृजेश कुमार को भी 'अति उत्कृष्ट सेवा पदक' मिला है।